सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 29 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 28, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 535 अंकों की उछाल

दो दिन से जारी गिरावट के बाद प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 535 .24 अंक या 0 .71 प्रतिशत चढ़कर 75,901 .41 अंक पर बंद हुआ। } 14

भारत-ओमान दोहरा कराधान बचाव संधि में संशोधन के लिए सहमत

भारत-ओमान ने सीमापार कराधान के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने व कर मामलों में सहयोग बढ़ाने के लिए दोहरा कराधान बचाव संधि में संशोधन पर सहमत हो गये हैं। } 14

भारत में बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे युवा : मोदी

प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का किया शुभारंभ, सीएम धामी भी रहे मौजूद

प्रमुख संवाददाता



उत्तराखण्ड। दुनिया में भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति बनने में खेलों की अग्रणी भूमिका होगी। भारत में खेलों की सामग्री का क्वालिटी मैन्युफैक्करिंग हो रही है। केवल मेरठ में ही 35 हजार से अधिक फैक्ट्रियां है। हमारी सरकार खेलों का महत्व समझती है। इसीलिए खेलों इंडिया के तहत स्पोर्ट्स फ्रेंडली इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। दस वर्ष पूर्व खेलों का जो बजट था, उसे तीन गुना तक बढाया गया है। भारत में युवा अब बड़े संकल्प लेकर बढ़ रहे हैं।

उक्त उद्गार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। प्रधानमंत्री ने बताया कि जब ओलंपिक खेलों से मुलाकात के दौरान एक खिलाड़ी ने 'पी एम' की नई परिभाषा बताई है, 'परम मित्र'। चाहे ओलंपिक गेम्स हों या पैरा ओलंपिक खेलों में हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेडल टैली इस बात की गवाह है। हाकी अपने पुराने गौरव में लौट रहा है। खो-खो में देश ने विश्वकप जीता है। शतरंज में चैम्पियन बने हैं। नई प्रतिभाएं उभर कर आती है। प्रधानमंत्री मोदी ने धामी सरकार द्वारा 27 जनवरी को लागू की गई समान नागरिक संहिता की सराहना करते हुए कहा कि जैसे खेलों से एकता की भावना मजबूत होती है, खेलों की भांति यूसीसी से भेदभाव समाप्त होती है। यूसीसी से संविधान की आत्मा मजबूत होती।यूसीसी से महिलाएं सुरक्षित होती है। समान उत्तराखन्ड ने सोना जैसे तप कर खरा होता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का देवभूमि आगमन सदैव शुभ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन खेलों में ऐसी प्रतिभाएं निकलेंगी जो देश का मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाने का कार्य करेंगे। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों का एक ही उद्घोष है, 'संकल्प से शिखर' तक है। श्रीमती आर्या ने कहा कि हरेक के जीवन में एक ऐसा पल आता है जो सदियों के लिए स्मृति बन जाता है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डा. पीटी ऊषा ने भी सम्बोधित ...शेष पृष्ठ 14 पर

भ्रष्टाचार व अराजकता की प्रतीक है आप : योगी

एजेंसी



नई दिल्ली में चुनावी रैली के दौरान गदा उठाये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को मंगलवार को भ्रष्टाचार और अराजकता का प्रतीक करार दिया और राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के लिए वोट देने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने मंगोलपुरी में भाजपा उम्मीदवार राज कुमार चौहान के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली में बदबूदार यमुना को लेकर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना भी की। आदित्यनाथ ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में संगम में हाल में लगायी गई अपनी डुबकी का जिक्र करते हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ में आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ लोग कर सकते हैं संगम में स्नान प्रयागराज में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल 28, 29 व 30 तक बंद

विशेष संवाददाता



महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 में पिछले 17 दिनों में 15 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं तथा बुधवार को मौनी अमावस्या पर और 10 करोड़ लोगों के गंगा स्नान करने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि प्रशासन ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं और एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे तथा ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला क्षेत्र को अगले कुछ दिनों के लिए पहले ही नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, प्रयागराज जिला प्रशासन ने भी स्थानीय लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने तथा वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। प्रदेश सरकार के मुताबिक, मकर संक्रांति (14 जनवरी) को 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों ने अमृत स्नान में हिस्सा लिया। वहीं आगामी मौनी अमावस्या के लिए आठ से 10 करोड़ लोगों के स्नान करने की संभावना है। मंगलवार को सुबह आठ बजे तक 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। राज्य सरकार ने कहा कि उसने मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को सुबह पौने सात बजे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने की योजना बनाई है। अमृत स्नान (पूर्व में शाही स्नान), महाकुंभ मेले का सबसे पवित्र और सबसे बड़ा स्नान पर्व होता है जिसमें दुनियाभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। अमृत स्नान का मुख्य आकर्षण विभिन्न अखाड़ों के साधुओं का स्नान होता है। अमृत स्नान की तिथियां सूर्य, चंद्र और बृहस्पति के ज्योतिषीय मेल पर आधारित होती हैं और माना जाता है कि इनके योग से पवित्र नदियों की अध्यात्मिक शक्ति बढ़ जाती है। यह भी माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदियों का जल अमृत में परिवर्तित हो जाता है। मौनी अमावस्या का स्नान पारंपरिक रूप से मौन रहकर किया जाता है। इस बीच, प्रयागराज जिला प्रशासन ने पूरे कुंभ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती की है। जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मांदड़े ने कहा, दुनियाभर से आ रहे श्रद्धालुओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

पांटून पुल बंद किये जाने से श्रद्धालु परेशान



विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ मेले में विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के आगमन के बीच ज्यादातर पांटून पुल बंद किए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि वीआईपी व्यक्तियों को सुविधाएं दिए जाने के कारण पूरा मेला खराब हो रहा है तथा पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी और मेला अधिकारी वीआईपी व्यक्तियों की आवभगत में आम श्रद्धालुओं की ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

एक फरवरी को आयेगा बजट

नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हो जाएगी। लोकसभा ने इसके लिए फिलहाल दो दिन (3-4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं।


एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर की छापेमारी

श्रीनगर। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और सोपोर इलाकों में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों ने आतंकवाद से संबंधित मामले में जावेद अहमद शेख, ए आर शल्ला और निसार अहमद नाम के तीन व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही श्रीनगर में भी दो स्थानों पर छापेमारी की गई। सोपोर कस्बे के एक व्यक्ति के श्रीनगर स्थित घर और कार्यालय परिसर पर छापा मारा गया।

जैन समाज के कार्यक्रम में हादसा, 7 की मौत

बागपत के बड़ौत में गिरा लकड़ी का ढांचा, 39 अन्य घायल

जिला संवाददाता



बागपत। जिले के बड़ौत में मंगलवार को जैन समुदाय द्वारा आयोजित भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी का एक ढांचा गिरने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई और 39 घायल उपचाराधीन हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि बड़ौत में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिर गया। यह कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से यहां आयोजित किया जा रहा था। इस बार कार्यक्रम के दौरान लकड़ी का ढांचा गिर गया और यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 20 लोगों को छुट्टी दे दी गई और बाकी का इलाज चल रहा है। अपर जिलाधिकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

कोलकाता में हथियार व गोला-बारूद के साथ यूपी के पांच लोग गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता के सियालदह इलाके में उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर रात मुचिपारा थाना क्षेत्र के सुरेन्द्रनाथ महिला कॉलेज के पास से उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे शहर में अपराध को अंजाम देने के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि इसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है। अधिकारी ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ रहा भारत का व्यापार

विदेश मंत्री जयशंकर ने रायसीना मिडिल ईस्ट के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

एजेंसी



अबू धाबी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले दशक में मजबूत व्यापार, संपर्क, (भारत और मध्य पूर्व की) जनता के बीच आपसी संबंधों से प्रेरित भारत-मध्य पूर्व के संबंधों के महत्वपूर्ण विस्तार को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत इस क्षेत्र को दुनिया के लिये एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखता है।

रायसीना मिडिलईस्ट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि मध्य पूर्व क्षेत्र, जिसे भारत पश्चिम एशिया कहता है, भारत के रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। खाड़ी क्षेत्र में भारत का व्यापार लगभग 160 से 180 अरब अमेरिकी डॉलर है। जयशंकर ने कहा खाड़ी में हमारी उपस्थिति व्यापक और महत्वपूर्ण है। 90 लाख से अधिक भारतीय यहां रहते हैं और काम करते हैं। खाड़ी एमईएनए (मध्य पूर्व ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- जन मन का महापर्व प्रयागराज महाकुंभ (पृष्ठ-02)
- महाकुंभ में व्यवस्था अतिविशिष्ट होनी चाहिए : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- मुंबई में पेट्रोल, डीजल वाहन हटाने की योजना (पृष्ठ-14)
- रुपया 25 पैसे टूटकर 86.56 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- राजस्थान का वार्षिक बजट 19 फरवरी को (पृष्ठ-14)

विशेष खबर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने सर्दी से निजात दिलाने के लिए कसी कमर

विरासत में मिली है जनसेवा की सीख : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह



डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा जलवाये गये अलाव तापते लोग

लखनऊ। सर्दी की मार से राजधानी लखनऊ को निजात दिलाने के लिए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने कमर कस ली है। फाउंडेशन के स्तर पर जगह-जगह अलाव जलाकर उन्हें सर्दी से बचाने की कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन के अध्यक्ष विराज सागर दास के निर्देश पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थलों पर अलाव जलवाये, जहां लोगों ने आग तापकर सर्दी से राहत पायी और फाउंडेशन से जुड़े लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने संस्था के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि हमारा प्रयास यह है कि एक भी व्यक्ति को सर्दी से बीमार न होना पड़े। किसी को सर्दी के चलते अपनी जान से हाथ न धोना पड़े। इसके लिए अपने स्तर पर हम यथासंभव प्रयास कर रहे हैं। जगह-जगह अलाव जलवा रहे हैं। हमारे पूर्वजों से हमें जनसेवा की जो सीख मिली है, उसे धरातल पर उतारना ही हमारा अभीष्ठ है। ऐसा करते हुए हमें गर्व और आत्मसंतोष की अनुभूति होती है। उनके पितामह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने जब से होश संभाला, समाजसेवा को प्रथम वरीयता दी। उनके ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी : सड़क हादसों में 13 की मौत, छह घायल

जिला संवाददाता

लखनऊ। देवरिया, रायबरेली, हरदोई और बाराबंकी जिले में हुए सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूपसे घायल हो गए। देवरिया जिले के महुआ डीह थाना अंतर्गत हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई।

सोमवार रात चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कसया से हाटा की तरफ जा रहे थे और उसी दौरान एक ट्रक की चपेट में आने से चारों की मौके पर मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की पहचान नितेश (23), अतुल कुमार सिंह (24), पिंटू कुमार गौड़ (22) तथा अंकित गौड़ (24) के तौर पर हुई है। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। वहीं, रायबरेली जिले के बदोखर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक एसयूवी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, लखनऊ के तेलीबाग के बल्दू बिहार दुर्गा मंदिर इलाके के श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे, तभी वे बड़ोहर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास पर कान्हा ढाबा के पास हादसे का शिकार हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके ...शेष पृष्ठ 14 पर

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सन्देश



वॉयस ऑफ लखनऊ हिंदी दैनिक (विकास खण्ड क्षेत्र-गगहा, तहसील बांसगांव) के समस्त सुधि पाठकों, ईष्टमित्रों एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुनिल शाही
संवाददाता मंझगांवा

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



भास्कर तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-भैसहा बुजुर्ग
ब्लाक -गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



शम्मी सिंह
मंडल मंत्री, भाजयुमो-गगहा
एवं प्रोपराइटर
ओम पोल्ट्री फीड्स सेंटर
नोट : हमारे यहां उत्तम किस्म के चूजे व फीड्स उपलब्ध है।
निकट पोस्ट ऑफिस, गगहा गोरखपुर

विकास खण्ड गगहा के समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



शिवाजी चंद
ब्लाक प्रमुख-गगहा कष
एवं
ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



विनय शुक्ला
प्रबंधक
आर. पी. डी एकेडमी, टिकरी मझगावा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



छन्ने लाल यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-सकरी
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



शत्रुजीत सिंह
प्रोपराइटर
शक्ति ईंट भट्ठा-दुदापार एवं
शक्ति ट्रेडर्स बिल्डिंग मेटेरियल्स
करवल मंझगांवा, गगहा, गोरखपुर
(संचालक-भोलू सिंह व कर्मवीर सिंह)



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

अच्छेलाल यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-महूराई
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

भूपेंद्र सिंह
प्रोपराइटर
मां करवल देवी बिल्डिंग मटेरियल स्टोर,
करवल मझगांवा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

रविंद्र सिंह उज्जैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
एवं अध्यक्ष
नेशनल स्पोटिंग क्लब-बड़हलगंज
ग्राम सभा मजुरी, गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

डा. प्रमोद श्रीवास्तव
संचालक
श्री जानकी लाल मेमोरियल चिकित्सालय
हाटा बाजार, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

हरिराम शाही
प्रोपराइटर-ओम ब्रिक्स फील्ड
एच आर एस मार्का ईट भट्ठा
नाहापार, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

चंचल सिंह
प्रोपराइटर
चंचल मैरिज हॉल एवं टेंट हाउस,
करवल मझगांवा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

अजीत वर्मा
मंडल अध्यक्ष-भाजपा
गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

राधा मोहन सिंह
पूर्व जिला उपाध्यक्ष हिंदु युवा वाहिनी
एवं प्रबंधक
लीलावती सिंह स्मारक इंटर कॉलेज
भैसहां, गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

रामभरोस यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा अतायर
गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

वैभव मद्धेशिया
डा. विक्रम मद्धेशिया
वैभव नर्सिंग होम
(सरकारी हॉस्पिटल के 100 मीटर पीछे) हाटा बाजार,
गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

रणजीत सिंह
पूर्व ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-पिछौरा
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

अखिलेश सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-रामपुर बघौरा
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ रमेश चंद्र
संचालक
जनसेवा हॉस्पिटल- बाईपास रोड,
बरहलगंज, जिला गोरखपुर
''जनसेवा मतलब सचमुच सेवा''



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष सिंह
ग्राम प्रधान
गांगुपार व गौरपार,
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

डा. प्रताप गौतम
प्रोपराइटर
प्रताप हड्डी हॉस्पिटल
रावतपार, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष चंद कौशिक
जिला कार्यसमिति सदस्य
भारतीय जनता पार्टी
गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

सोनू मोदनवाल-प्रोपराइटर
न्यू अंशु मोबाइल शॉप
ब्रांडेड मोबाइल एवं एसेसरीज के थोक व फुटकर विक्रेता
कौड़ीराम, गोरखपुर।
मोबाइल नंबर 7755088808



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

सौमित्र चंद्र कौशिक
प्रोपराइटर
भगवती ट्रेडर्स एवं जनता सीमेंट स्टोर
हाटा बाजार, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद शाही
प्रबंधक
आर. एल. मेमोरियल पब्लिक स्कूल
करवल मझगांवा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दिनकर चंद -प्रोपराइटर
-शिव शक्ति इंटरप्राइजेज
इंटरलॉकिंग ईट के निमार्ता व विक्रेता
-शिव शक्ति किसान सेवा केंद्र (इंडियन आयल पंप)
पता :- नर्रे बुजुर्ग, गोरखपुर। मोबाइल नंबर 9793829090



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

अजय सिंह उर्फ रिंकू सिंह
पूर्व ग्राम प्रधान प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-मेहदिया,
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर




आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप शाही उर्फ मुन्ना शाही
(समाजसेवी) प्रोपराइटर
H.M.S मार्का ईट भट्ठा
रावतपार, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

देव प्रकाश राय
प्रोपराइटर
देव प्रकाश राय सीमेंट एजेंसी-कहला एवं
पूर्व ग्राम प्रधान, ग्राम सभा-कहला,
गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश मेमोरियल हॉस्पिटल
गजपुर रोड, गगहा, गोरखपुर
संचालक
डा. प्रभुनाथ सोनकर
पूर्व चिकित्सा अधिकारी
एवं जिला पंचायत सदस्य
(गगहा, गोरखपुर)



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

किन्नर गुरु मुस्कान
कौड़ीराम, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

विक्की निषाद
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-गढही
ब्लाक- गगहा, गोरखपुर



आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

शेष प्रताप शाही
समाजसेवी
ग्राम सभा रियांव
गगहा, गोरखपुर



जन मन का महापर्व बना प्रयागराज महाकुंभ

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगर। तीरथराज प्रयाग का महाकुंभ जन मन का महापर्व बन चुका है। अपवाद छोड़ दें तो हर कोई एक-दूसरे का हर संभव सहयोग कर रहा है। बिना पूछे भी। प्रशासन की तो खैर हर जगह प्रभावी उपस्थित है ही। हमारे सनातन धर्म का हर आयोजन, जन मन का आयोजन बने। स्थानीय

- **महाकुंभ में सब एक-दूसरे की मदद को तत्पर**



लोगों के अलावा बाकी लोग भी उस जगह और आयोजन का अपने संभव सहयोग के जरिये ब्रांड एंबेसडर की भी भूमिका निभाएं। यही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा भी है। इसी मानसिकता से पर्यटन जन उद्योग बनेगा। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ इसका बहुत बड़ा अवसर बन रहा है।

फाफामऊ से सिविल लाइंस : शुरूआत फाफामऊ से करते हैं। लखनऊ की बस फाफामऊ के बेला कछार में उतार देती है। रात होने को थी। उतरकर एक राहगीर से पूछता हूं। भैया ये कौन सी जगह है। सिविल लाइंस जाना है। जवाब मिला, बेला कछार फाफामऊ। यहां से आपको सिविल लाइंस के लिए ऑटो मिल जाएंगे। सामने कुछ ऑटो दिख भी रहे थे। पास जाकर एक से अभी मोलभाव ही कर रहा था कि दूसरा आटो वाला रुका। उसने कहा सामने 200 कदम आगे पानी की टंकी के उस पार सड़क पर खड़ी हर ऑटो सिविल लाइंस ही जाएगी। 30 रुपए किराया है। उससे ज्यादा नहीं देना है। योगी सरकार ने यही रेट निर्धारित किया है।

महाकुंभ में : सिविल लाइंस होते हुए महाकुंभ में डेरे तक पहुंचते-पहुंचते रात हो गई। हाथ मुंह धोकर निकल पड़े मानवता के इस महासमागम का हिस्सा बनने। संगम नोज पर एक सज्जन मिले। बिहार से थे। उन्होंने यूं ही पूछ लिया, संगम नहाना है। मैंने हां में जवाब दिया तो वह वहां तक जाने का पूरा प्रोसिजर बता गए। मसलन, नाव कहां से मिलेगी। किराया क्या होगा। सब एक सांस में। साथ ही यह भी कहा, भाई साहब बिना संगम स्नान के मत जाइयेगा। खैर घूम फिरकर देर रात अपने डेरे में आ गया।

दूसरे दिन सुबह सबेरे : दूसरे दिन सुबह सेक्टर चार से निकल कर पास स्थित वीआईपी घाट पर पहुंचा। संगम स्नान के इरादे से। अच्छी खासी भीड़ थी। प्रोटोकॉल वालों को भी प्रतीक्षा करनी पड़ रही थी। यहां भी अनायास एक सज्जन टकरा गए। पूछा ? आप तो रुके होंगे। मैंने जवाब हां में दिया। फिर उन्होंने कहा, भाई साहब प्रोटोकॉल वालों के पास तो समय नहीं होता। उनको नहा लेने दीजिए। आप भी बिना नहाए मत जाएगा। भले शाम हो जाय। मैने कहा जरूर। आया ही उसी मकसद से हूं। करीब घंटे भर बाद अपनी भी बारी आ गई। संगम में स्नान-ध्यान के बाद इत्मीनान से कुंभ देखा। शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। डेरे में आकर थोड़ा आराम और भोजन के बाद देर रात फिर मानवता के इस सबसे बड़े समायोजन को देखने निकल पड़ा।

महाकुंभ कभी सोता नहीं : सेक्टर चार से निकलकर किला घाट पहुंचा। वहां से यमुना के पक्के घाट पर। रास्ते से लेकर घाट तक चहल-पहल। रौशनी में किला अद्भुत लग रहा था। घाट से अरैल का जगमग इलाका किसी दूसरी दुनिया का अहसास करा रहा था। घाट पर लोग मौजूद लोग इस मनमोहक तस्वीर को मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे थे। कुछ युवा उस रात में भी यमुना में डुबकी भी लगा रहे थे।

मौनी अमावस्या पर रेलवे ने की विशेष व्यवस्था

महाकुम्भ नगर। महापर्व महाकुम्भ का दिव्य-भव्य आयोजन प्रयागराज में संगम तट पर हो रहा है। महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रति दिन लाखों, करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुम्भ में अब तक 13 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। आगमी 29 जनवरी को महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या की तैयारी हो रही है। मौनी अमावस्या के पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेल मण्डल ने भी विशेष प्रबंध किये हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है।

प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश और निकास की विशेष व्यवस्था : मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर लगभग 10 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। 25 जनवरी से ही लगभग 1 करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुम्भ में आने लगे हैं। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। ये प्रतिबंध मौनी

- **मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर प्रवेश और निकास की विशेष योजना**
- **प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज में मौनी अमावस्या पर कर सकेंगे प्रवेश**

अमावस्या के स्नान पर्व के एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे। मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफॉर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. 6 की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर 5 से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में 1 लाख लोगों के ठहरने के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है। मौनी अमावस्या पर्व पर नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर 2 से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से और निकास केवल जी.ई. सी नैनी रोड की ओर से होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर 2 से प्रवेश करेंगे। सूबेदारगंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से होगा जबकि निकास केवल जी.टी. रोड की ओर होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर 3 से प्रवेश करेंगे। अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थल बनाये गये हैं।

मौनी अमावस्या पर अपनी लेन में बने रहें, जिस घाट पर पहुंचें, वहीं स्नान करें

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। तैनात की गई है।

पुलिस का करें सहयोग : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें।

क्या करना है

- संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं
- गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें
- आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं
- मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें
- जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है
- ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है
- स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में कराएं जांच
- बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें
- कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें
- सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें

क्या नहीं करना है

- श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर ना रुकें
- किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना पड़ें
- मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें
- सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें
- मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं
- होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें
- व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें
- किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें
- पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें
- प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें

महाकुम्भ को एकता, समता और समरसता के धागे में पिरो रहे सीएम योगी

महाकुम्भनगर। तीर्थराज प्रयागराज में संगम तट पर सनातन आस्था और संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। इस महाकुम्भ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता का महाकुम्भ करार दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विभिन्न मंचों से इस महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा समागम बता चुके हैं और इसे चरितार्थ करते हुए उन्होंने इस बार विभिन्न वर्गों एवं संप्रदायों से आने वाले साधु संतों का सम्मान व अभिनंदन कर एक नई पहल और उदाहरण प्रस्तुत किया है। महाकुम्भ में आने वाले दिनों में सीएम योगी कई और वर्गों और संप्रदायों से जुड़े संतों को सम्मानित करने वाले हैं। सीएम योगी का स्पष्ट मत है कि मानवता के इस महापर्व में देश के कोने-कोने से, अलग-अलग भाषा, जाति, पंथ, संप्रदाय के धार्मिक संत, संन्यासी और महानुभाव सम्मिलित हो रहे हैं। इन सभी का यहां सम्मान होना चाहिए और उन्हें बिना भेदभाव हर वो सुविधा और व्यवस्था मिलनी चाहिए जो पहले से स्थापित साधु संतों व अखाड़ों को प्राप्त हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार कई ऐसी संस्थाओं को भी भूमि आवंटित की गई, जो या तो पहली बार सम्मिलित हो रहे हैं या फिर कई वर्ष पूर्व इसका हिस्सा बनते थे, लेकिन किन्हीं कारणों से बीते कुम्भ में वो सम्मिलित नहीं हो सके। सीएम योगी की इस पहल की संत समाज में काफी प्रशंसा हो रही है।

- **महाकुम्भ में विभिन्न वर्गों और संप्रदायों के संतों व संन्यासियों का किया जा रहा सम्मान**
- **स्वयं सीएम योगी ने विभिन्न कार्यक्रमों में आकर संतों और महानुभावों का किया सत्कार**

हर वर्ग, संप्रदाय के लिए समानता का भाव : प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और



समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। अपने इसी उद्देश्य को संदेश के रूप में आमजन तक पहुंचाने के लिए सीएम योगी ने इस बार हर वर्ग से जुड़े संतों को मंच पर सम्मानित करने की पहल की है। इसी क्रम में सीएम योगी ने 21, 25 और 27 जनवरी को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर तमाम वर्गों के संतों और संन्यासियों का सम्मान किया। इन संतों और संन्यासियों में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, घुमंतू जातियों, उत्तर पूर्व के साथ ही बौद्ध धर्म के विदेशी धार्मिक संत एवं महानुभाव सम्मिलित रहे। आने वाले दिनों में सीएम नानक पंथी, बौद्ध और अनुसूचित जनजातियों के धार्मिक संतों, संन्यासियों और महानुभावों का भी सम्मान करने के लिए महाकुम्भ में आएंगे।

स्वागत, सम्मान और सत्कार : सीएम योगी का बार-बार प्रयागराज आना इसी का द्योतक है। महाकुम्भ की तैयारियों, विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ सीएम योगी विभिन्न वर्गों, संप्रदायों, जातियों से जुड़े संतों से भी भेंट कर रहे हैं। हाल ही में अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा कार्यक्रम में उन्होंने देश के कई राज्यों से आए विभिन्न वर्गों के संतों का शॉल ओढ़ाकर व भेंट देकर स्वागत और सम्मान किया। नाथ अखाड़ा के कार्यक्रम में भी सीएम योगी ने साधु संतों का सत्कार किया और उन्हें अपने हाथों से प्रसाद परोसा और उनके साथ बैठकर खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। विहिप के कार्यक्रम में भी उन्होंने देश भर के साधु संतों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें आश्वासन दिया कि महाकुम्भ में उन्हें कोई समस्या नहीं होगी। सोमवार को ही वह सतपाल महाराज के शिविर में संतों और संन्यासियों के बीच पहुंचे और वो भी तब जब लखनऊ रवाना होने के लिए उनका हेलिकॉप्टर तैयार हो चुका था। आने वाले दिनों में सीएम योगी अपने इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए महाकुम्भ में और भी दौरे कर सकते हैं।

एकता, समता, समरसता का उदाहरण है महाकुम्भ : पीएम मोदी

- **अनुसूचित जाति, घुमंतू, उत्तर पूर्व के साथ ही बौद्ध धर्म के विदेशी धार्मिक संतों का हुआ स्वागत**
- **कार्यक्रमों में सीएम योगी ने अपने हाथ से परोसा प्रसाद, पंगत में साथ बैठकर खुद भी किया ग्रहण**

और सीएम योगी ने महाकुम्भ को एकता का महाकुम्भ बनाने का जो संकल्प लिया है वो अब तक पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

महाकुंभ में व्यवस्था अतिविशिष्ट होनी चाहिए : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि महाकुंभ 144 साल में एक बार आता है, वो भी संगम के किनारे ही, मतलब जीवन में एक बार और वो भी नदियों के मिलन स्थल पर, इसीलिए इससे ये संकल्प लेना चाहिए कि हमें जो जीवन मिला है वो अलग-अलग दिशाओं से आती हुई धाराओं के मिलन से ही अपना सही अर्थ और मायने पा सकता है। हमें संगम की तरह जीवन भर मेलजोल का सकारात्मक संदेश देना चाहिए। सद्भाव, सौहार्द और सहनशीलता की त्रिवेणी का संगम जब-जब व्यक्ति के अंदर होगा, तब-तब हम सब महाकुंभ का अनुभव करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में लोग नहीं व्यवस्था अतिविशिष्ट होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में वीआईपी लोगों के आने से वन-वे किये जाने की वजह से तीर्थयात्रियों को जो समस्या हो रही है, वो नहीं होनी चाहिए। सरकार पिकअप-ड्राप के लिए बसें चलाये। अव्यवस्था सिर्फ



श्रद्धालुओं को ही नहीं महाकुंभ प्रशासन और प्रबंधन में दिन रात लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी थका रही है। उन्होंने कहा कि इन असुविधाओं को मेरी आचोलना न समझा जाए बल्कि आस्थापूर्ण सुझाव है कि तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किये जाये। भाजपा सरकार महाकुंभ को आत्म-प्रचार का स्थान न मानकर, सेवाभाव से देखे, जिससे शांति की कामना लेकर आये आध्यात्मिक पर्यटकों की यात्रा बिना किसी संघर्ष के शांतिपूर्ण रूप से सुसम्पन्न हो सके।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए, उनके उचित विश्राम व भोजन-पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। महाकुंभ का बजट 10 हजार करोड़ रुपए है। इस बजट में जो सुविधाएं होनी चाहिए थी वह सुविधाएं नहीं है। जो गरीब लोग आ रहे हैं उनको ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सरकार दे। महाकुंभ में वीआई मूवमेंट के समय जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

महाकुंभ में लोगों को मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट सुविधा देने के पुख्ता इंतजाम

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभनगर। करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेले में कुल 40 करोड़ लोगों के जुटने की संभावना के बीच निर्बाध दूरसंचार नेटवर्क मुहैया कराने के लिए दूरसंचार कंपनियों और मेला प्रशासन ने अपने स्तर पर पूरी तैयारी की है। कुछ किलोमीटर के दायरे में एक ही दिन करोड़ों लोगों की मौजूदगी की संभावना को देखते हुए उन्हें मोबाइल फोन नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा मुहैया कराना एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। हालांकि, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने महाकुंभ के सफल आयोजन की तैयारी में जुटे मेला प्रशासन के साथ मिलकर इसके पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। दूरसंचार कंपनियों ने मेला क्षेत्र में अतिरिक्त ऑप्टिकल फाइबर बिछाने



के साथ नए टावर एवं बेस ट्रांसिवर स्टेशन (बीटीएस) और सेल ऑन व्हील्स (ट्रांसपोर्टेबल टावर) भी लगाए हैं। इससे मेला क्षेत्र में मजबूत और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। महाकुंभ के एकीकृत नियंत्रण एवं कमान केंद्र (आईसीसीसी) के अधिकारियों ने कहा कि आपातकालीन संचार और संकट की किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए मेला क्षेत्र में तीन आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कि सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने लाखों श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए निर्बाध संचार सुनिश्चित कराने के मकसद से यहां अपनी सेवाओं को बढ़ाया है। इसके अलावा दूरसंचार कंपनियों एयरटेल, बीएसएनएल, जियो और वोडाफोन आइडिया द्वारा संचालित तीन आपदा प्रबंधन केंद्र भी मेला क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा, कि प्राकृतिक या किसी मानव-निर्मित आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण संचार चैनल मुहैया कराने के लिए इन केंद्रों को नवीनतम तकनीक से लैस किया गया है, जिससे उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हर 12 साल पर प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 45 दिन तक चलेगा। अबतक आठ करोड़ से अधिक तीर्थयात्री संगम पर पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। बुधवार को मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान पर 10 करोड़ और लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सीमित क्षेत्र में इकट्ठा होने से उनके लिए समुचित दूरसंचार नेटवर्क मुहैया करा पाना बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। हालत यह होती है कि कभी-कभी एक वर्गमीटर क्षेत्र में ही आधा दर्जन से अधिक लोग मौजूद होते हैं। इनमें से तमाम लोग इंटरनेट का उपयोग करने की भी कोशिश करते हैं। महाकुंभ नगर के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि श्रद्धालुओं को निर्बाध फोन कनेक्शन मिलने से कई तरह की समस्याओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा, कि भीड़ में अपने प्रियजनों को खोने की चिंता कम हो जाती है क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से उनसे फोन पर बात कर सकता है क्योंकि अब मोबाइल फोन की पहुंच पहले के कुंभ की तुलना में बहुत अधिक है।





महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

तुष्टीकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे: योगी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं।

एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित महाकुंभ समागम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार आस्था की डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के लोगों के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ कुंभ स्नान किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जाकी रही भावना, जैसी प्रभु मूरत देखि तिन तैसी।

मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि देश दुनिया के कोटि कोटि श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे पावन स्नान और सनातन में उनकी आस्था ने उन लोगों को भी पवित्र डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया जिनकी इसमें आस्था ही नहीं थी। ऐसे लोगों को यह सोच कर अपने पुरोधाओं की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि इस स्थान का महत्व है और इसको नजरअंदाज नहीं करना है। संगम में सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित की है। अखिलेश यादव ने संगम स्नान के बाद अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में पिछले 15 दिनों में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में अगले 30 दिनों तक आयोजन चलना है। मेरा अनुमान है कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी होगी। इसमें केवल भारत की आस्था ही नहीं, संस्कृति के गौरव का दर्शन करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लाला लाजपत राय का जनजागरण अभियान अविस्मरणीय : योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनका जनजागरण अभियान अविस्मरणीय है।

योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कि महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने अपने उत्कृष्ट राष्ट्रवादी विचारों से आजादी के आंदोलन को नयी दिशा प्रदान की थी। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनका जनजागरण अभियान अविस्मरणीय योगी ने कहा, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत में हुआ था। भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राय को पंजाब केसरी भी कहा जाता है। वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में हिस्सा लेने के दौरान लाठीचार्ज में घायल होने के बाद 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया था।

52 हजार बिजली खंभे से कुंभ हो रहा है जगमग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आवाहन पर विश्व के सबसे बड़े नगर कुंभ नगर में बिजली कर्मी बिजली का नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए पूरी तरह संकल्प बद्ध और तैयार है। जिसमें महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के कुंभ नगर में 4 लाख 25 हजार अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। 33/ 11 केवी के 85 विद्युत उपकेंद्र बनाए गए हैं। 182 सर्किट किलोमीटर एचटी लाइन बनाई गई है और 1400 सर्किट किलोमीटर एलटी लाइन बनाई गई है। कुंभ नगर में बिजली के 340 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए गए है। कुम्भ नगर में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए 52 हजार बिजली के खम्भे लगाए गए हैं। महाकुंभ में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने हेतु प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्र पर दो सोर्स से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। कुछ प्रमुख विद्युत उपकेंद्रों पर तीन सोर्स से बिजली आपूर्ति का इंतजाम किया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि अस्थाई बिजली कनेक्शन देने के लिए विश्व में कहीं पर भी स्थापित किया गया यह सबसे बड़ा बिजली का नेटवर्क है। प्रयागराज के बिजली कर्मियों को संघर्ष समिति ने 28, 29 और 30 जनवरी को किसी भी आंदोलन से अलग रखा है और निर्देश दिया है कि वह महाकुंभ में बिजली की श्रेष्ठतम व्यवस्था का कीर्तिमान स्थापित करें।घर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2016 में उज्जैन महाकुंभ के दौरान उज्जैन की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी के पास थी ।

प्रो. नीलम ने बताये ग्रीन रिन्यूएबल इलेक्ट्रॉनिक्स के महत्व

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से, यूपी नेडा, नेशनल प्रोडक्टिविटी कार्उंसिल एवं ग्रीन ट्री

- आईईटी लखनऊ में एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम सम्पन्न

बिल्डिंग एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंडस्ट्रियल एनर्जी एफिशिएंसी एंड डेकाबोर्नाइजेशन यूजिंग वर्चुअल रियलिटी बेस्ड डिजि- ट्विन ट्रेनिंग सिम्युलेटर शीर्षक से एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्चुअल रियलिटी तकनीक के सहयोग से इंडस्ट्री में एनर्जी दक्षता को बढ़ावा देना एवं कॉर्बन उत्सर्जन रोकथाम के अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में, छात्रों एवं फैकल्टी को जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं यूपी नेडा के वरिष्ठ कंसल्टेंट, गिरीश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। ट्रेनिंग प्रोग्राम में एनर्जी एफिशिएंसी जीआईजेड के डिप्टी हेड पीयूष शर्मा, यूपी नेडा के एनर्जी ऑडिट एक्सपर्ट आरके वर्मा एवं एनपीसी, डायरेक्टर सोमेश मित्तल का सहयोग रहा। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल द्वारा डेकाबोर्नाइजेशन की दिशा में ग्रीन हाइड्रोजन जैसी उन्नत तकनीकों का सफल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए और भविष्य में ग्रीन एनर्जी के अन्य स्त्रोतों को ढूंढने के लिए छात्रों को जागरूक एवं प्रेरित किया। प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने ग्रीन रिन्यूएबल इलेक्ट्रॉनिक्स के महत्व के बारे में छात्रों को विस्तार पूर्वक बताया। यूपी नेडा के गिरीश कुमार ने छात्रों को रिन्यूएबल एनर्जी एवं ग्रीन एनर्जी के बीच के महत्वपूर्ण अंतर को बारीकी से समझते हुए यूपी नेडा के एनर्जी दक्षता को बढ़ाने की दिशा में अग्रसर उद्देश्यों एवं प्रयासों पर प्रकाश डाला।

यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षायुक्त होना चाहिए: डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने व सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने कैसरबाग स्थित बस स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान

- कैसरबाग बस स्टेशन का डीएम ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा निम्नवत दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आरएम आरके त्रिपाठी ने बताया कि इस बस स्टेशन से हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी सहित अन्य रूटों के लिए बसों का संचालन होता है। डीएम ने बताया गया कि बस स्टेशन के बाहर रोड पर जो बसे खड़ी होती है उसकी वजह से यातायात बाधित होता है। उन्होने बताया कि कि बाहरी डिपो की बसे रोड पर खड़ी हो जाती है जिससे यह समस्या उत्पन्न होती है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की बाहरी डिपो के आरएम को निर्देश निर्गत किए जाए कि वह अपने ड्राइवरों को निर्देश दे की वह अपनी बसों को बस स्टेशन के अंदर पार्क कर के ही यात्रियों को बिठाए और उतारे। किसी भी दशा में बसों को बस स्टेशन के बाहर नहीं खड़ा किया जाएगा अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अर्थदंड, लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जनपद लखनऊ के डिपो को भी निर्देश दिए जाए कि वह बसे स्टेशन के अंदर पार्क करके यात्रियों को बिठाए और उतारे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आरएम रोडवेज लखनऊ से बसों के रूट की जानकारी मांगी गई। जिसके सम्बन्ध में आरएम रोडवेज लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि कैसरबाग बस स्टेशन से सीतापुर, हरदोई मार्ग पर संचालित होने वाली बसें, कैसरबाग से जाते समय बलरामपुर चिकित्सालय, रेजीडेन्सी, शहीद पार्क होते हुए सीतापुर, हरदोई से वापस आते समय डालीगंज चौराहे से

पीएम आवास के लिए यूनीफाईड वेब पोर्टल पर होंगे आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत आवेदकों की ओर से ऑनलाइन माध्यम से ही यूनीफाईड वेब पोर्टल पर

- आवेदकों को आवेदन की ट्रैक करने की मिलेगी सुविधा

आवेदन किया जा सकेगा। इसमें लाभार्थी को आवेदन करने व वास्तविक समय के आधार पर अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक करने की सुविधा उपलब्ध है। योजना के क्रियान्वयन के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से बनाए गए यूनिफाइड वेब पोर्टल के प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें राजकुमार गौतम, उप महानिदेशक, सबके लिए आवास, भारत सरकार की ओर से तकनीकी विशेषज्ञों के साथ वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में यूनिफाइड वेब पोर्टल पर लाभार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया एवं वैरिफिकेशन को विस्तारपूर्वक समझाया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार, कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान के साथ-साथ समस्त जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं समस्त निकायों के अधिशासी अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

निदेशक, सूडा की ओर से परियोजना अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी 2.0 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए नियमानुसार पात्र लाभार्थियों का आवेदन भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर अपलोड कराने तथा यूनिफाइड वेब पोर्टल पर अब तक प्राप्त लगभग 6 लाख आवेदन पत्रों का जनपद व निकाय स्तर पर गठित समिति के माध्यम से यथाशीघ्र सत्यापन कराने के निर्देश दिये गए।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 को प्रदेश में क्रियान्वित किए जाने के लिए 23 जनवरी को नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की ओर से शासनादेश जारी किया जा चुका है। अब प्रदेश के पात्र लाभार्थी उक्त योजना के अन्तर्गत लाभान्वित हो सकेंगे।

स्वर्णकार कुलगुरु महाराज अम्बरीष देव की जयंती धूमधाम से मनायी गई

लखनऊ। प्रतिवर्ष के बाद इस वर्ष भी 26 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से महाराज अमित देव जी की जयंती का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से राज्यसभा सदस्य सांसद डॉ दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अंजनी श्रीवास्तव उप विजेता पश्चिम लखनऊ उपस्थित रहे। डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि स्वर्णकार समाज हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ रहा है और हमेशा तन मन धन से सहयोग करता रहा है। अभी कुंभ में स्वर्णकार समाज के कई भंडारे लगे हुए हैं जिसमें जाति बिरादरी का कोई सवाल नहीं समाज की सेवा करने का हमारा उद्देश्य है एवं अंजनी श्रीवास्तव ने स्वर्णकार समाज के उत्साही युवा मनीष रस्तोगी को अपने क्षेत्र से पार्षद का टिकट दिला कर पार्षद बनवाने में मुख्य भूमिका अदा की एवं स्वर्णकार समाज उचित सम्मान भी दिया। इसी तरह अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कार्यक्रम में स्वर्णकार एकता को देखते हुए बहुत खुश होते हुए कहा की स्वर्णकार समाज हमेशा समाज की सेवा करता रहता है ।

सील बिल्डिंग में फिर शुरू हुआ निर्माण, जोनल अधिकारी को नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। फूलबाग व नजरबाग में अवैध निर्माण को कमिश्नर ने सील करने के आदेश दिए थे, लेकिन बिल्डर ने यहां फिर निर्माण शुरू करा दिया। इतना ही नहीं बिजली कनेक्शन भी ले लिया गया। इसकी शिकायत पर कमिश्नर ने एलडीए उपाध्यक्ष को बिल्डिंग को दोबारा सील करने के आदेश दिए हैं साथ ही जोनल

- कब्रिस्तान की जमीन से कब्जा हटाकर सीमांकन कराने के निर्देश
- नागरिक सुविधा दिवस में कमिश्नर ने सुनीं जनसमस्याएं

अधिकारी शशि भूषण पाठक के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी ऑफिस में नागरिक सुविधा दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई कर रहीं थीं। इस दौरान 47 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें से 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पहाड़पुर चौराहा गांव सिकंदरपुर से शिकायत लेकर आए एक फरियादी ने बताया कि नायत अली वार्ड शंकर पूर्वा कुर्सी रोड खसरा संख्या 269 में कब्रिस्तान दर्ज है। कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। शिकायत कर्ता की बात सुनकर कमिश्नर ने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि खसरा संख्या 269 कब्रिस्तान की भूमि का पैमाइश कराकर सीमांकन कराए। मौके पर जो भी अवैध कब्जा मिले तत्काल धवस्तीकरण कराते हुए कब्जा मुक्त कराया जाए। वहीं ठाकुरगंज के एक व्यापारी ने नाले की सरकारी जमीन पर कब्जा होने की बात बताई।

जिस पर कमिश्नर ने तत्काल सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। मकान नम्बर 105/254 फूल बाग एवं 22 नजरबाग को कमिश्नर के आदेश पर 20 सितम्बर 2024 को बिना मानचित्र के चल रहे निर्माण को सील किया गया था। जिस पर बिल्डर जीशान ने फिर से निर्माण शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं बिल्डर ने उस पर बिजली का कनेक्शन तक ले लिया है। इस निर्माण कार्य के चलते लोगों को परेशानी हो रही है। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल संबंधित बिल्डिंग को पुनः सील कराते हुए संबंधित जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक के खिलाफ कारण बतावो नोटिस जारी करें। इस दौरान एलडीए की 25, नगर निगम की 20, सदर तहसील व खाद्य विभाग की एक-एक शिकायत आई।

हाउस टैक्स बकायदारों पर कार्रवाई, चार भवन सील

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। हाउस टैक्स न जमा करने पर सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की जा रही हैं। मंगलवार को आवासीय भवनों व कमर्शियल भवनों को सील किया गया। इसके साथ ही

- सीलिंग से बचने को जमा किया 03 लाख 90 हजार रुपये

कुर्की के आदेश भी जारी किए गए हैं। ऐसे में जोन-1 व जोन-8 में 14 भवनों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के समय कई भवन स्वामी ने मौके पर ही पार्ट पेमेंट भी किया। ऐसे में जोन एक और 8 में कार्रवाई के बाद 03 लाख 90 हजार रुपये जमा कराए गए। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सभी जोनल अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि जितने भी टैक्स बकायदार हैं उनपर तेजी से कार्रवाई की जाए।

जोन-01 के अंतर्गत वार्ड हजरतगंज-रामतीर्थ में बड़े बकाएदारों के खिलाफ कुर्की/सीलिंग की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 04 भवनों से 3,90,000 रुपये पार्ट पेमेंट के रूप में जमा कराया गया। 39/0898 राम तीर्थ मार्ग निवासी बद्री यादव का 3,34,573.34 रुपये बकाया है। नगर निगम की टीम सीलिंग की कार्रवाई के लिए जब मंगलवार को कार्रवाई के लिए पहुंची तो भवन स्वामी ने हाउस टैक्स को लेकर आपत्ति दर्ज कारवाई है। राम तीर्थ मार्ग निवासी राम दास का 4,22,735.15 रुपये बकाया है। उन्होंने 90,000 रुपये मौके पर जमा कराए और टैक्स को लेकर आपत्ति दर्ज कार्रवाई है। राम दास का 2,32,687.29 रुपये बकाया हैं। उन्होंने 01 लाख 50 हजार रुपये टैक्स जमा कराया है और आपत्ति दर्ज कारवाई है। बी.सी.पी. भागर्व का 3,91,581.84 रुपये बकाया है। होटल नरेश का 2,34,691.11 रुपये बकाया है। सीलिंग के लिए जब टीम पहुंची तो उन्होंने 1,00,000 रुपये का भुगतान किया। सेठ किशोरी का 1,01,379.34 रुपये हाउस टैक्स बकाया है। उन्होंने मौके पर 50,000 रुपये का भुगतान किया। इसी तरह राणा प्रताप मार्ग साउथ साइड निवासी विष्णु भगवान अग्रवाल के भवन पर 5,39,048.8 रुपये व विष्णु भगवान अग्रवाल का 6,94,532.35 रुपये हाउस टैक्स बकाया है। दोनों आपत्ति दर्ज कराई है। जोन-8 में कुल 04 भवनों पर कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई की गई। 06 भवनों को नोटिस जारी की गई थी। औरंगाबाद जागीर मोहल्ला सेका इंटरप्राइजेज जन सेवा केन्द्र का 2,58,066 रुपये हाउस टैक्स बकाया था। जिसके चलते उसे सील किया गया। औरंगाबाद जागीर स्थित खान ट्रेडर्स का 89,860 रुपये को सील कर दिया गया। ए061 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुजीत कुमार गुप्ता, सतेन्द्र कुमार गुप्ता व आशीष कुमार की प्रॉपर्टी का 1,90,390 रुपये बकाया था। टैक्स नहीं जमा होने पर उसे सील किया गया है। अष्ठा होटल पर 91,781 रुपये हाउस टैक्स बकाया होने पर सील कर दिया गया।

ट्रेड लाईसेन्स न बनवाने पर कार्रवाई : नगर निगम की ओर से ट्रेड लाइसेंस न बनवाने पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई वार्ड स्थित मिलेनियम प्लाजा में ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाए जाने पर अभियान चलाया गया। यहां हुडाबा बार एंड क्लब व तीन अन्य अंग्रेजी व देसी व बीयर की दुकानों को सील किया गया। कुल 2,23,000 रुपये ट्रेड लाइसेंस से जमा करवाया गया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुमित मिश्र तथा आकांक्षा ने 296 टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।

मौनी अमावस्या में श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए उतरी 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स

महाकुम्भनगर। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूपी सरकार ने 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स की तैनाती की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले के हर सेक्टर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक की व्यवस्था की गई है। महाकुम्भनगर में 300 स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुपर स्पेशल हॉस्पिटल में तैनात किए गए हैं। ये डॉक्टर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। अब तक 2 लाख से अधिक मरीज यहां के केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही ढाई लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं।

- 300 स्पेशलिस्ट डॉक्टर महाकुम्भनगर के सुपर स्पेशल हॉस्पिटल में तैनात
- महाकुम्भनगर में 2 लाख से ज्यादा मरीजों की ओपीडी और ढाई लाख से ज्यादा के हुए पैथोलॉजी टेस्ट
- सीएम योगी के निर्देश पर हर सेक्टर में माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक के हाईटेक इंतजाम

सुलभता से मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं : महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सरकार ने मेले को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हर संभव कदम उठाया है।

यूपी सरकार के सहयोग से जांच और दवाएं उपलब्ध करा रहे संत : यूपी सरकार के सहयोग से मठ, मंदिरों और अखाड़ों के संत भी श्रद्धालुओं की दवा और जांच में मदद कर रहे हैं। ये संत विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक समेत कई प्रकार की चिकित्सा जांच और दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ता जन सम्पर्क कर अटल जी की स्मृतियों का करेंगे संकलन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के तत्वावधान में अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के संदर्भ में

- 15 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित होगा अटल विरासत सम्मेलन
- प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रेसवार्ता कर साझा की जानकारी

भाजपा महानगर कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अभियान की विस्तृत जानकारी साझा की।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनायी गयी। इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान के अंतर्गत हम सभी भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं अटल जी के देशवासी,



अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान के माध्यम से 31 जनवरी तक लखनऊ महानगर में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास अटल जी के साथ साझा किये गये किसी भी क्षण की स्मृति या तो कागजी माध्यम पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया ऑटोग्राफ या अन्य कोई कागज जोकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल जी से सम्बद्ध है या स्मृति का ऑडियो क्लिप, विडियो क्लिप उपलब्ध है। कार्यकर्तागण इस अभियान के अंतर्गत लखनऊवासियों के पास जाकर उन्हें सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति को सम्मान पूर्वक उसकी एक कॉपी लेकर संकलित करेंगे। हम सभी इसी अभियान के अंतर्गत उन व्यक्तियों, कार्यकर्ताओं को भी चिन्हित करेंगे जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से अटल जी के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, भाजपा या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन में कार्य किया हो। सभी कार्यकर्तागण उन सभी वरिष्ठ जनों को महानगर कार्यालय मंत्री दीपक शुक्ला को सूचीबद्ध कराकर फिर उन्हें सम्मानित करने का कार्य करेंगे। अटल विरासत सम्मेलन: अटल विरासत सम्मेलन के तहत 15 फरवरी से 15 मार्च, 2025 की बीच हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रसंशक आमंत्रित किये जायेंगे।

संक्षेप

सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चठिया में चकरोड और सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने को लेकर डीएम से शिकायत की गई है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहमदनगर के मजरा ग्राम चठिया के विजय कुमार, भगवान दीन, कामता प्रसाद समेत तमाम नागरिकों ने डीएम को भेजी शिकायत में कहा है कि कुछ लोगों ने लिंक मार्ग (चकमार्ग) की हो रही मिट्टी की पटाई सरायन नदी से खलिहान तक अवैध कब्जा कर अवरोध उत्पन्न कर कार्य को बाधित कर दिया गया है। इसी के साथ देवस्थान और तालाबों पर भी अवैध कब्जा कर अन्य धार्मिक कार्यों में आवागमन में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चकरोड और सरकारी जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

बार एसोसिएशन के चुनाव में हुआ नामांकन

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव मे नामांकन के दिन अध्यक्ष और महामंत्री पद पर कई प्रत्याशियों के दावेदारी करने से चुनाव की सरगर्मियां बढ़ा दी हैं। नाम वापसी को लेकर कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार को चुनाव अधिकारी वीरेंद्र नाथ गुप्ता और सहयोगी बीपी सिंह ने संयुक्त रूप विज्ञप्ति जारी कर बताया अध्यक्ष पद के लिए 4, महामंत्री पद पर 5, कोषाध्यक्ष पद पर 3, वरिष्ठ उपाध्यक्ष 3, उपाध्यक्ष प्रथम 3 और संयुक्त मंत्री पद के लिए 3 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जांच के दौरान सभी नामांकन वैद्य पाए गए हैं। नाम वापसी 29 जनवरी को होगी जिसके बाद चुनाव संभव होने पर मतदान 4 फरवरी को होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

घरेलू विवाद में पत्नी के साथ हैवानियत

मीरजापुर। जनपद में मामूली कहासुनी में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को खौफनाक सजा दी । पत्नी के प्राइवेट पार्ट को गर्म चिमटे से जला दिया । हालत गंभीर होने पर पिता ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के तिलठी गांव की है । 25 जनवरी को आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति अजय को 26 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया । सीओ मंजरी राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शादी के लिए मिलेगा अनुदान

आजमगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि शासनादेश द्वारा पूर्व की भाँति आनलाइन पोर्टल के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना संचालित की गयी है, लाभार्थियों द्वारा वेबसाइड पर आनलाइन आवेदन किया जायेगा, जिसमें आवेदकों को बीस हजार रूपए अनुदान की धनराशि उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है।

फेक न्यूज व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। सोशल मीडिया सेल पुलिस टीम द्वारा अब्दुल कलाम गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्राओं व कॉलेज के स्टॉफ को फेक न्यूज और साइबर क्राइम के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाकर डिजिटल वॉरियर के रुप में प्रशिक्षित कर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स का चयन किया गया। फेक न्यूज और साइबर अपराध आज के डिजिटल युग में समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। फेक न्यूज समाज में गंभीर खतरों को जन्म देती है, जिससे पुलिस और प्रशासन के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। झूठी खबरें सामाजिक अशांति, धार्मिक एवं सांप्रदायिक तनाव का कारण बन सकती है, जिससे अराजकता और हिंसा फैलती है। वहीं साइबर अपराध की घटनाएं लोगों की गोपनीयता, वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति को प्रभावित कर रही है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक जागरुकता अभियान की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

शासन की मंशा के अनुसार पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में फेक न्यूज और साइबर क्राइम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में डिजिटल वॉरियर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनपद खीरी पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों आदि पर जागरुक अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में सोशल मीडिया सेल पुलिस टीम द्वारा कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अब्दुल कलाम गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्राओं व कॉलेज के स्टॉफ को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से अवगत कराया गया। डिजिटल वॉरियर बनाने के अभियान के क्रम में कॉलेज की छात्राओं तथा इच्छुक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स का चयन कर डिजिटल वॉरियर फार्म का प्रारुप भरवाया गया तथा घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर करवाये गये। डिजिटल वॉरियर के कार्य, फेक न्यूज का खंडन एवं साइबर अपराध के प्रति सचेत करना, फेक न्यूज एवं साइबर अपराध की सूचना, साइबर ट्रेनर के रुप में प्रशिक्षण देना 4-उ0प्र0 पुलिस के अभियानों व सराहनीय कार्यों का व्यापक प्रसार करना।

बस की टक्कर से एक युवक की मौत

पसगवां खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहदियापुर गांव में एक टूरिष्ट मिनी बस की टक्कर से हुई एक वृद्ध की मौत, टक्कर मारने के बाद बाइक मिनी बस में फंस गई, और बस ड्राइवर भी टक्कर मारने के बाद बस लेकर मौके से भाग गया। सूचना पाकर तत्काल मौके पर सेवा का जुनून वेलफेयर फाउंडेशन टीम पहुंची। मौके की घटना को मैनेज करते हुए तत्काल भागी हुई बस को पकड़ने के लिए पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सक्रियता के चलते बस पकड़ ली गई और ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया, जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस। पुलिस सेवा का जुनून की टीम के साथ मिलकर मृतक के शव को हाइवे से साइड करवाया, हाइवे क्लीयर करवाने के बाढ़ शिनाख्त में जुटी पुलिस, शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार, इरफान पुत्र मसीद उम्र 45 ग्राम सिधौरिया थाना पिहानी थाना, जो अपनी बाइक से गांव बनकागांव थाना उचौलिया जिला लखीमपुर खीरी में अपनी रिस्तेदारी किसी मिट्टी में जा रहे थे। जब वह मोहदियापुर पहुंचे तो वह नैशनल हाइवे को पर कर रहे थे की अचानक जेबीगंज की तरफ से तेज रफ्तार गति से आ रही टूरिस्ट बस से पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। और मौके से फरार हो गया। वही घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सेवा का जुनून वेलफेयर फाउंडेशन व उचौलिया थाना की पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पहले उसे हाइवे से नीचे कर शव की शिनाख्त के बाद उसे पोस्मार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया। मृतक इरफान पुत्र मसीद जिनके चार पुत्र और दो पुत्रियां है। जिसमे बड़े पुत्र का नाम कलीम दूसरे नंबर पर फुरकान, तीसरे नम्बर का शीबू और सबसे छोटा आरुन है। जिसकी दो पुत्रियां जिनका नाम तबस्सुम और अंजुम है। पिता की मौत का समाचार सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। इस दौराम मौके पर पहुँची पुलिस में इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह, दरोगा महेश दुबे, दीवान विनोद, राजीव, विवेक व सेवा का जुनून वेलफेयर फाउंडेशन की टीम में डायरेक्टर संजीत सिंह सनी, मोहम्मद सोनू, जीतू भार्गव, संजीव कुमार, चीकू, विशाल राज, पत्रकार राजू सिंह, गौरव मिश्रा, प्रधान अतुल कुमार व इंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

विधायक ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) विधायक अमन गिरि ने लखीमपुर रोड पर सिंचाई विभाग के कार्यालय पहुंचकर सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता के साथ बैठक कर वहां हो रहे निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश सम्बधित व्यक्ति को दिये। इसके साथ नगर में बनने वाले सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। विधायक ने बताया कि गोला नगर की जलभराव की समस्या एवं प्रदूषित जल को शुद्ध करने का कार्य सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लगाया जाएगा। उसके शुद्व जल को खेतों की सिंचाई एवं अन्य कार्यों में प्रयोग किया जा सकेगा। इसके बाद विधायक अमन गिरि ने पौराणिक शिव मंदिर पर हो रहे गोकर्ण कॉरिडोर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर के0के0 शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख कुम्भी गोला विमल वर्मा, रामगुलाम पांडेय, कफील अहमद, लेखपाल जयप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के तहत गोष्ठी आयोजित



लखीमपुर खीरी। भाजपा द्वारा गांव-गांव चलाए जा रहे ह्लसंविधान गौरव अभियानह्व के तहत ग्राम पंचायत खागीओयल में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का आयोजन भाजपा नेता अजय अवस्थी के द्वारा किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में पधारी राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा गंगाराम कन्नौजिया ने कहा कि बाबा साहब हम सभी के आदर्श हैं, यहां एकत्र हम सभी को उन्हीं के बताए हुए मार्गों पर चलाना है जिससे हमारा संविधान सुरक्षित रहेगा। दूसरी पार्टियों के प्रपंच में न फंसे, भाजपा ही संविधान को माथे से लगाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने भी अपना संबोधन कर बाबा साहब के आदर्शों का उल्लेख किया। इसी अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमारी, अरनी खाना चेयरमैन अशोक अवस्थी, खीरी मंडल प्रभारी अजय अवस्थी, मंडल अध्यक्ष खीरी नीरज सिंह चौहान, गिरीश चंद्र त्रिवेदी, जितेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमति शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, रेखा गुप्ता, राहुल पाण्डेय, राकेश बिहारी शुक्ला एवं गांव के तमाम ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

उर्स ए कलीमी में अदा की गई चादर पोशी की रस्म



मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में चल रहे पाँच रोजा उर्से कलीमी के तीसरे दिन बाद नमाजे फज्र कुआन ख्वानी की गयी और बाद नमाजे जोहर सज्जादा नशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में खानकाह हुसैनिया कलीमिया के संस्थापक महान सूफी संत हजरत सैयद मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियाँ कलीमी व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा हजरत सैयद मसरूर अहमद कलीमी व खानकाह में स्थित सभी मजारात पर चादर पोशी की रस्म अदा करके गुल पोशी की गयी जिसमें प्रमुख रूप उर्स प्रभारी डा0 सैयद असद अहमद कलीमी, नायब सज्जादानशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ,सैय्यद मुजीब अली, सैयद फखरे अली, सैयद सुहेब अहमद कलीमी चादर पेश करके खिराजे अकीदत पेश की। इसके साथ ही विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश यादव, सहित कई राजनीतिज्ञ व समाजसेवी हस्तियों ने भी पीराने उज्जाम के मजारात पर चादर पेश करके खिराजे अकीदत पेश की।

रस्मे चादर पोशी का प्रोग्राम बाद नमाजे जोहर शुरू हुआ जिसमें मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए और बुजुर्गों की शान में नात व मनकबत का नजराना पेश किया। खानकाह परिसर में अकीदतमंदों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। चादरपोशी के दौरान कव्वालों ने अपने कलाम से अकीदतमंदो को भावविभोर कर दिया। देश के विभिन्न प्रांतों व दूर दराज से भारी संख्या में जायरीन ने खानकाह पहुँच कर खिराजे अकीदत पेश की। रात भर महफिले सिमा में कव्वालों को सुनने के लिए लोगों का हूजूम उमड़ा रहा। सज्जादानशीन से मुलाकात के लिए रात दिन जायरीन का तांता लगा हुआ है अकीदतमंद सज्जादानशीन से मुरीद भी हो रहे हैं। खानकाह परिसर सहित कलीमी इण्डस्ट्रीज स्टेशन रोड, ख्वाजा मंजिल, आदि में जायरीन को ठहराने का इंतेजाम किया गया है। हाईवे, मेन चैराहा, बाजार और सड़कों पर जायरीन की भारी गहमागहमी है। चाय, पान की गुमटियाँ और खाने के होटल रात दिन जायरीन से गुलजार नजर आ रहे हैं। कपड़े और मिठाई की दुकानों पर खरीदारी के लिए जायरीन की भीड़ उमड़ रही है। टीमें रात दिन लंगर के इंतेजाम व जायरीन की सुरक्षा में जुटी हैं। खानकाह हुसैनिया कलीमिया की ओर से उर्स में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया है जिसमें 24 घंटे डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी जो आने वाले जायरीन का परीक्षण कर निःशुल्क दवाई वितरित करेंगे। कैम्प का शुभारंभ नायब सज्जादा नशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ ने फीता काट कर किया। उर्स प्रभारी डा0 सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि हर वर्ष जायरीन की सुविधा के लिए दवाईयों का निःशुल्क कैम्प लगाया जाता है इस बार भी उर्स में कैम्प लगा गया है इस दौरान डा0 फैजान खान, डा0 जुबैर खान, डा0 मुर्तजा रजा अरबी आदि मौजूद रहेंगे।। बाद नमाजे इशा महफिले सिमा का (कव्वाली) का आयोजन फातेहा ख्वानी के साथ हुआ जिसमें मुल्क के मशहूर कव्वालों ने मशहूर फारसी शायरों जैसे अल्लामा जामी, अल्लामा रूमी, हजरत अमीर खुसरो व हाफिज शीराजी और बेदम शाह वारसी के उर्दू व फारसी के कलाम पढ़े जिसे सुनकर जायरीन पर वज्द तारी हो गया।

विद्या निकेतन में किया गया भारत माता पूजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धर्मजागरण गतिविधि के तहत सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में सह नगर संचालक कौशल किशोर मिश्रा, नगर कार्यवाह महेन्द्र नाथ पाठक, सह नगर कार्यवाह शशिकांत मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवम्-पुष्पार्चन के साथ हुआ जिसमे छात्र /छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भारत माता की आरती की एवं पुष्प अर्पित किये। सह नगर कार्यवाह शशिकांत ने कहा किभारतीय इतिहास को लेकर भ्रामक स्थिति से बचने, स्वाधीनता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को याद करने के लिए भारत माता पूजन बेहद जरूरी है। बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने बताया कि संस्कार और संस्कृति से ही ज्ञान बढ़ता है और विवेक जागृत होता है। कार्यक्रम में छात्र / छात्राओं ने देश की एकता एवम्-अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी डीलर की मौत के मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। शहर की पंजाबी कालोनी निवासी सोनिया सेठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 जनवरी को हंडेला फार्म निवासी मेहर सिंह पुत्र जागीर सिंह व सिमरी फार्म निवासी बलकार सिंह उसके घर आये और उसके पति से बातचीत हुई। जिसके बाद वह मानसिक तनाव में आ गये। उसने पति से पूछा तो उन्होंने बताया कि उक्त लोगों को जमीन खरीदने के लिए बयाना दिया था। न तो पैसा वापस दे रहें हैं न ही जमींन। इसके बाद वह बाथरू में चले गये। जब काफी देर बाहर नहीं आये तो बाथरूम में गये तो वहां जहरीले पद्वार्थ का रैपर मिला और वह बेहोशी की हालत में मिले। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसके पति संजीव की मौत हो गई। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति का 5 जून 2023 को हण्डेला स्थित जमींन का सौद हु आ था। जिसकी रकम बयान के तौर पर दी गई थी। मेहर सिंह ने न तो जमींन दी न ही बयाना की रकम वापस की। महिला का आरोप है कि मेहर सिंह व विपुल ने आपस में मिलकर धोखा देकर जमींन का बयाना करा लिया। फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

प्लाट बिक्री में महिला के साथ धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्लाट बिक्री के इकरारनामा में लिखी गई तीन लाख की चेक व 50 हजार रुपए की नकदी न मिलने पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरपुर निवासी मनीषा देवी पत्नी हरवंश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने बांकेगंज रोड स्थित 640 वर्ग फिट प्लाट बिक्री का एग्रीमेंट उदय सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी मोहल्ला सर्वोदयनगर गोला के पक्ष में किया था। एग्रीमेंट पर शर्त थी कि तीन लाख रुपये की चेक और 50 हजार रुपए की रकम नकद मिलेगी। उक्त व्यक्ति ने न तो नकद की रकम दी न ही इकरारनामा पर लिखाई गई यूको बैंक की चेक संख्या 000029 धनराशि तीन लाख की चेक उसे नहीं दी गई। अब मांगने पर प्लाट क्रेता लड़ाई झगड़ा पर आमादा है और पति पत्नी को जान से मार देने की धमकी दे रहा है।

कार्तिक सक्सेना बने संस्कृति उत्सव गायन प्रतियोगिता के प्रदेश विजेता

शाहजहांपुर/संस्कृति विभाग उ.प्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व - हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत आयोजित ₹संस्कृति उत्सव 2024-25₹ का आयोजन क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेन्द्र सक्सेना के संयोजन में 08



जनवरी को गांधी भवन प्रेक्षागृह में जिला स्तरीय एवं 17 जनवरी को वरेली के संजय कम्यूनिटी हाल में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के होनहार शास्त्रीय गायक कार्तिक सक्सेना ने जिला एंव मंडल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया तत्पश्चात लखनऊ में 24 जनवरी को कला मंडपम हाल में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति में मंडल स्तरीय विजेताओं के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए सभी प्रतिभागियों को परास्त कर कार्तिक सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ! इस उपलब्धि पर मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र सिंह एंव जिला विधालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया एंव उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की, इस अवसर पर क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेन्द्र सक्सेना मौजूद रहे।

डीएम ने दी एक तीर्थ पुरोहित को तीन महीने मंदिर से दूर रहने की सजा

मीरजापुर। विश्व विख्यात देवी धाम विंध्याचल मंदिर में बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां एक दर्शनार्थी का गनर शस्त्र लेकर मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचा हुआ दिखाई दिया, फिर क्या है इसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया। विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में जहां एक ओर सुरक्षा की दृष्टि से गर्भगृह में मां के चरण स्पर्श पर रोग लगा हुआ है वहीं गर्भगृह में शस्त्र लेकर जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला है। महाकुंभ मेला निरीक्षण के दौरान विंध्यवासिनी मंदिर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने एक तीर्थ पुरोहित को तीन महीने मंदिर से दूर रहने की सजा सुनाई। बताते हैं कि मंदिर पर व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची जिलाधिकारी ने देखा कि एक श्रद्धालु अपने सुरक्षाकर्मी के साथ दर्शन करने गर्भगृह में पहुंचा था। दर्शन के समय सुरक्षाकर्मी ने शस्त्र भी ले रखा था। डीएम ने इस सुरक्षा चूक मामले में उक्त दर्शनार्थी को दर्शन कराने हेतु साथ में गए तीर्थ पुरोहित को जिम्मेदार मानते हुए मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी को निर्देश दिया कि इस तीर्थ पुरोहित को तीन महीने के लिए मंदिर आने जाने पर पाबंदी लगाए। निर्देश के पश्चात पुलिस अधिकारी ने तीर्थ पुरोहित का नाम, मोबाइल नंबर तथा फोटो खींचकर अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया। कार्रवाई होते ही मामले की जानकारी आग की तरह पंडा समाज के लोगों तक पहुंच गई। तीर्थ पुरोहितों ने इस सजा पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि मंदिर पर शस्त्र लेकर जाना प्रतिबंधित है इसका अनुपालन मंदिर पर सुरक्षा में तैनात पुलिस बल का है। इसलिए दोषी तीर्थ पुरोहित नहीं बल्कि पुलिस, प्रशासन भी है। डीएम ने पंडा समाज के अध्यक्ष से भी फोन पर बात की और कहा कि उक्त पुरोहित पर कार्रवाई कर मुझे जानकारी उपलब्ध कराएं।

छोटी काशी में बसंत पंचमी पर होगा पतंग महोत्सव

चाइनीज मांझा के विरुद्ध जागरूक करने का उद्देश्य



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटी काशी में बसंत पंचमी पर्व पर पतंग महोत्सव के आयोजन को लेकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

मंगलवार को आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पतंगबाजी देश के प्राचीन आयोजनों में से एक है। पतंगे प्राचीन काल में संदेश व पतंग बाजी खेल एवं मनोरंजन का मुख्य मध्य हुआ करती थी। आज पतंग बाजी में शीशे नायलॉन से बने प्राण घातक चाइनीज मांझे का इस्तेमाल होने लगा है। कुछ दिन पूर्व पड़ोसी जिला शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे में उलझ एक पुलिस के सिपाही की मृत्यु हो गई थी। वही इस तरह का मांझा पक्षियों के लिए भी प्राण घातक है। इस चीनी मांझे के खिलाफ जागरूकता के उद्देश्य से गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर पतंग महोत्सव का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। इस महोत्सव के तहत पतंगबाजी में 50 प्रतिभागियों का निः शुल्क प्रतिभाग कराया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में एक और दो फरवरी को होगा। दो फरवरी को प्रतियोगिता का फाइनल होगा। प्रथम विजेता को 5100 और द्वितीय विजेता को 2100 की नगद धनराशि, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रतिभा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रस्तुत किया जाएगा। इस महोत्सव की पतंग बाजी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी को नगर पालिका परिषद से एक आवेदन पत्र भरना होगा। जो निःशुल्क है। पंजीकृत प्रतिभागी ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा। पहले दिन ही कई युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कर दिया है। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्व, विनायक श्रीवास्तव, रविन्द्र कटियार, अनुज त्रिवेदी, प्रेम गुप्ता, मिलिंद शुक्ला, लवकुश अवस्थी आदि लोग मौजूद थे।

गन्ना बोर्ड की बैठक संपन्न



मैगलगंज खीरी। गन्ना समिति मैगलगंज गन्ना बोर्ड की द्वितीय बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से गन्ना विभागाध्यक्ष डॉ हरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जोनल इंचार्ज रमेश चौधरी, चेयरमैन राजेंद्र मिश्रा , सचिव अजीत सिंह के साथ-साथ गन्ना संचालक भी मौजूद रहे। गन्ना समिति के गन्ना बोर्ड की बैठक मैगलगंज सहकारी समिति के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के द्वारा की गई बैठक में गन्ना समिति मैगलगंज के संचालक मौजूद रहे। संचालक मंडल में उषा सिंह के प्रतिनिधि आदित्य प्रताप सिंह , अनिल राठौर, अंकित त्रिवेदी, चंद्रशेखर , अमित कुमार सिंह, अनुज शुक्ला, सुधीर कुमार समेत अन्य संचालक भी मौजूद रहे। संचालकों के द्वारा गन्ना किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर वार्ता की गई जिस पर गन्ना अधिकारियों के द्वारा जल्द ही समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी पक्ष रखा गया। बैठक में मौजूद गन्ना विभागाध्यक्ष डॉ हरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसान 15023, 118, 14201, 13235 प्रजाति के गन्ने के ही बुवाई करें जिससे किसानों को अच्छी उपज के साथ-साथ तमाम तरीके के भी लाभ मिल सके। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि जिन किसानों के पास यह गन्ना खड़ा हुआ है वह किसान बीज बिक्री हेतु गन्ने को यदि रोकते है तो वह मिल अधिकारियों को सूचित करें जिससे उनके इस गन्ने की बीज में बिक्री हो सके। इसके एवज में फैक्ट्री के द्वारा 25 से 30 रुपए प्रति कुंतल की अतिरिक्त लागत किसानों को दी जाएगी साथ ही जिन गन्ना किसानों ने लेडी गन्ना रखा है उनको फेरस सल्फेट में 50% की छूट भी मिलेगी। यदि कोई गन्ना रेडरॉड बीमारी से प्रभावित होता है तो उसके दवा फैक्ट्री के द्वारा फ्री दी जाएगी। गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए फैक्ट्री के द्वारा तमाम मशीन भी फैक्ट्री के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

श्रद्धालुओं के साथ अधिकारी करें सद्व्यवहारः मण्डलायुक्त

मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ मौनी अमावस्था स्नान पर्व विन्ध्याचल में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परिक्रमा पथ, पक्का घाट का का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार से पेश आए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व पुलिस सिर्फ ड्यूटी न समझकर सेवा भाव के साथ मां के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग करे ताकि सुगमता पूर्वक दर्शन पूजन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें और लोगो में एक अच्छा संदेश जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले दर्शनार्थी विन्ध्याचल में भी दर्शन पूजन करने आते है अतएव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी जिसकी तैनाती है वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी करें।



उन्होंने कहा कि घाटो पर गलियों की नियमित साफ सफाई कराई जाए। उन्होने कहा कि पेयजल, चिकित्सा और प्रकाश व्यवस्था निरंतर बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बनाए गए रैन बसेरो में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनमें पेयतल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए ताकि रैन बसरो में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हों। जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल में दर्शन पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वार्ता कर की गई व्यवस्थाओं के पूछा गया श्रद्धालुओं द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। इसके पूर्व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना जिगना क्षेत्रान्तर्गत मीरजापुर-प्रयागराज पाली बार्डर पर निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा बैरियर मोचाबंदी कर की जा रही सघन वाहनो, व्यक्तियो व सामानो की चेकिंग के बारे में जानकारी तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

संक्षेप

राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को

आजमगढ़। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद, आजमगढ़ संतोष कुमार यादव ने बताया है कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में 08 मार्च, 2025 को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीट्रेशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

मौनी अमावस्या पर कक्षा 1 से 8 तक स्कूल बन्द

जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 29 जनवरी को स्नान पर्व मौनी अमावस्या के कारण जनपद में कक्षा एक से आठ तक के स्कूल बन्द रहेगे। बताया कि आवागमन एवं यातायात सुगमता के दृष्टिगत जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालय, सभी सी०बी०एस० ई०, आईसीएसई उ०प्र० बोर्ड, मान्यता प्राप्त, मदरसा, सहायता प्राप्त एवं इण्टरमीडिएट कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है और समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करें।

श्री सिद्ध प्राचीन हनुमान मन्दिर में कलश यात्रा आज

करमा(सोनभद्र)। स्थानीय विकास खण्ड स्थित श्री सिद्ध प्राचीन हनुमान मन्दिर मादैनिया में हर साल की भाती इस वर्ष भी कलश यात्रा निकाली जाएगी और विश्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय विकास खण्ड स्थित मदैनीया गांव में श्री सिद्ध प्राचीन हनुमान मन्दिर में श्री सिद्ध विश्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है जिस क्रम में मन्दिर प्रांगण में कलश यात्रा निकाली जाएगी।जिसमें श्रद्धालु कलश यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हो कर सुखद अनुभव करेंगे। जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी ब्रह्मानंद तिवारी व नीरज तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम चार दिवसीय है। प्रथम दिन बुधवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो मन्दिर परिसर से प्रारम्भ हो कर पूरे गांव का भ्रमण कर जलाशय में जल भर कर पुनः मन्दिर परिसर में आयेगी। जहा देवी देवाओं का पूजन व आह्वान किया जाएगा। गुरुवार को अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पा धिवास, व शैयाधिवास कार्यक्रम होगा, शुक्रवार को श्री सिद्ध विश्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा एवम् शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। क्षेत्र वासी इस कार्यक्रमों में शामिल हो कर पुण्य के भागी दार बने। अंत में श्री तिवारी ने बताया कि हर शाम भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है।

लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नहीं पाई गयी तो कार्रवाई तय



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़।मण्डलायुक्त विवेक ने मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक में मण्डल के जनपदों में कतिपय कार्यक्रमों में सन्तोषजनक प्रगति नहीं होने के कारण सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल इस ओर विशेष ध्यान देकर अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सचेत किया कि यदि अगले माह तक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नहीं पाई गयी तो सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

मण्डलायुक्त विवेक ने समीक्षा में मुख्य रूप से राजस्व से सम्बन्धित उन कार्यक्रमों को चिन्हित किया, जो मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड पर बी, सी, डी या ई ग्रेड में हैं। समीक्षा के दौरान पाया गया कि मुख्यमन्त्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद बलिया में एक आवेदन का निस्तारण विलम्ब से किये जाने, जनपद मऊ में मण्डी आय एवं मण्डी आवक में लगातार लक्ष्य से कम उपलब्धि हासिल की गयी है, जिससे जनपद की रैंकिंग काफी कम है। उन्होंने इस स्थिति पर असन्तोष व्यक्त करते हुए बलिया एवं मऊ के प्रभारी सचिव, मण्डी परिषद को चेतावनी निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमन्त्री आवास योजना-शहरी में अवगत कराया गया कि जनपद बलिया में अपात्रों के नाम सूची में सम्मिलित हो गये हैं, जिससे प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष नहीं है। इस स्थिति पर मण्डलायुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा में विदित हुआ कि एमचेक के माध्यम से वाहनों की जॉच में निर्गत नोटिस के सापेक्ष धनराशि कम जमा कराई गयी है। इसी प्रकार जनपद बलिया में गेटचेक के माध्यम से भी निर्गत नोटिस के सापेक्ष धनराशि कम वसूल की गयी है। उन्होंने इस सम्बन्ध में आजमगढ़ एवं बलिया के खनन अधिकारी को चेतावनी निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त विवेक ने मण्डल के जनपदों में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए तीनों जनपद के अपर जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वादों के निस्तारण की माइक्रो मानीटरिंग की जाय तथा सुनिश्चित किया जाय कि सभी पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से न्यायालय में अवश्य बैठें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कम न्यायिक कार्य करने वाले तथा कम निस्तारण करने वाले पीठासीन अधिकारियों को चेतावनी निर्गत की जाय। मण्डलायुक्त ने धारा-34 नामान्तरण के राजस्व वादों की समीक्षा में पाया कि जनपद बलिया में इस धारा के अन्तर्गत कुल 8,772 वाद लम्बित हैं, जिसमें 5.10 प्रतिशत वाद 45 दिन से अधिक अवधि के हैं। इसके अलावा निस्तारण की स्थिति भी सन्तोषजनक नहीं है, जिससे बलिया को ई ग्रेड प्राप्त है तथा रैंकिंग में 73वें स्थान पर है। इसी प्रकार धारा-24 पैमाइश के वादों में बलिया में 6.82 प्रतिशत, मऊ में 5.37 प्रतिशत तथा आजमगढ़ में 5.35 प्रतिशत वाद तीन माह से अधिक अवधि के हैं, जिसके कारण बलिया को डी ग्रेड तथा मऊ व आजमगढ़ को सी ग्रेड प्राप्त है, इसकी रैंकिंग में बलिया 58वें, मऊ 48वें एवं आजमगढ़ 43वें स्थान पर है। मण्डलायुक्त विवेक ने निर्देश दिया कि राजस्व वादों के दैनिक और क्रमिक निस्तारण की नियमित रूप से समीक्षा की जाय तथा कम निस्तारण करने वाले पीठासीन अधिकारियों तथा सम्बन्धित कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

लेखपाल और सचिव नदारद, समस्याओं को लेकर भटक रहे ग्रामीण

बीजपुर(सोनभद्र)।विकास खण्ड म्योरपुर अंतर्गत बीजपुर क्षेत्र में तैनात ग्राम विकास अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल अधिकांश दिन महीने में गायब रहते हैं तैनाती स्थल से दोनों अधिकारीयों के बराबर गायब रहने से समस्याओं का अंबार लगा हुआ है फरियादी समस्याओं को लेकर बेवजह ब्लाक और तहसील का चक्कर काटने को मजबूर हैं।बताया जाता है कि जन्म मृतु प्रमाण पत्र आय निवास प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए कुटुंब रजिस्टर की नकल तथा जरूरी कागजातों पर रिपोर्ट लगवाने के लिए ग्रामीण महीनों से चक्कर काटने पर मजबूर है। बताया जाता है कि गाँव मे जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए लेखपाल के दर्शन शायद थाना दिवस में होते हैं बाकी दिनों में दोनों अधिकारियों को ढूढने में लोग समय बर्वाद कर देते है। आय निवास जाती प्रमाण पत्र सहित जमीनी विवाद से तंग कौशिल्या देवी, शकुंतला, मार्कण्डेय प्रसाद, अर्जुन, रामेश्वर, दीपक कुमार, सन्तोष, दयाराम सहित अनेक ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग नए लेखपाल साहब और ग्राम विकास अधिकारी को पहचानते तक नही हैं इन दोनों साहब का नाम क्या है यह भी पता नही है।इसबाबत तहसीलदार दुद्धि ज्ञानेंद्र कुमार यादव ने कहा जनता की शिकायत है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष पर्यन्त होंगे अटल विरासत सम्मेलन : सांसद



जौनपुर। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी ने लाइन बाजार स्थित डाक बांग्ला मे एक प्रेस वार्ता हुई जिसको राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है। जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी, इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए।

पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये, उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था, नौ साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे लोगों को शंका थी कि यह सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया भारत को नव विकास की गारंटी दी वे ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च, की बीच जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सुनिल तिवारी, पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह उपस्थित रहे।

यूपीएस एनपीएस नहीं ओपीएस ही चाहिए:अटेवा

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। एक मात्र मांग पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्षरत संगठन ऑल टीचर्स एंड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु तथा जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव के आह्वान पर सभी ब्लॉको के अटेवा अध्यक्षों के निर्देशन में पूरे जिले के लगभग सभी डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों तथा विभिन विभागों के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के द्वारा यूपीएस तथा एनपीएस का पुरजोर तरीके से विरोध कर यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रति जलाकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। अटेवा के जिला महामंत्री डॉ रामजी वर्मा ने बताया कि आज अटेवा के आह्वान पर पूरे देश के सभी विद्यालयों,कार्यालय में यह अभियान चलाया जा रहा है, अपने जनपद में अभियान बेहद सफल रहा, पूरे जिले से लगातार यूपीएस गो बैक, लिखकर अपने विद्यालय, कार्यालय में जलाकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। मीडिया सेल के प्रभारी नवल किशोर ने बताया कि सरकार एनपीएस के बाद एक और पेंशन योजना यूपीएस लेकर आई है, यूपीएस का गजट आने के बाद शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों में और अधिक रोष व्याप्त हो गया है, पेंशन योजना में बार-बार परिवर्तन करने से बेहतर है सरकार को सहानुभूति पूर्वक पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर विचार करना चाहिए और देश प्रदेश के शिक्षकों, कर्मचारियों अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर देनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि आज पूरे जिले के सभी पेंशनविहीन पुरानी यूपीएस का बहिष्कार कर, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर अभियान चला कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहा है। इस अभियान में प्रमुख रूप से बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, पीडब्ल्यूडी, कृषि,डॉक्टर तथा नर्सेज संगठन ने विशेष योगदान दिया।

हेल्थी बेबी शो में 50 बच्चों ने किया प्रतिभाग



रेणुकूट(सोनभद्र)।हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रेणुकूट नगरीय बस्ती वार्ड नं-13 (मुर्धवा) में हेल्थी बेबी शो का आयोजन हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण माताओं एवं बच्चे की साफ-सफाई तथा उनके स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरूक करना था। इस शिविर में 50 बच्चों और उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया तथा इन बच्चों को 0 से 1 वर्ष, 1 से 3 वर्ष और 3 से 5 वर्ष की तीन श्रेणियों में विभक्त किया गया था। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिन सिंह ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं।वहीं ग्रामीण विकास विभाग की डॉक्टर सुनीता ने माताओं को जानकारी देते हुए कहा कि समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण,उनकी साफ-सफाई एवं उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।

डीएम ने वृहद गो संरक्षण केन्द्र देवली मय केवली का किया निरीक्षण



सोनभद्र।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने मंगलवार को तहसील घोरावल के देवली मय केवली में स्थापित वृहद गो संरक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किये, जिलाधिकारी ने वृहद गो संरक्षण केन्द्र में गोवंशों के रहने, उनके खाने के लिए भूसा, चारा व पीने के पानी व्यवस्था को देखा।

उन्होंने मौके पर संरक्षण केन्द्र में लगाये गये मजदूरों से वार्ता कर गोवंशों को दिये जाने वाले भूसा के मात्रा व देख-भाल करने सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की, तो बताया गया कि दो टाईम भूसा दिया जाता है और समय से पानी पिलाया जाता है। जिलाधिकारी ने वृहद गो संरक्षण केन्द्र में व्यय होने सम्बन्धी रजिस्टर का निरीक्षण किये और भूसा खरीद भुगतान, कैशबुक, बिल बाउचर व भुगतान किये गये चेक का रिकार्ड आदि का मिलान मौके पर ही कराया गया, जिस पर संतोष व्यक्त कर गोवंशों को बेहतर प्रबन्ध किया जाये, ताकि आगामी गर्मी के दिनों में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पायें। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी व्यय किया गया है, का बैलेंसशीट तैयार कर प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने कहा कि वृहद गो संरक्षण केन्द्र में जो भी भूमि खाली पड़ी है, उस पर नैपियर घास लगाया जाये, जिससे कि गर्मी के दिनों में गोवंशों को हरा चारा मिल सकें। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि गोवंशों को पानी का विशेष ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वृहद गो संरक्षण केन्द्र में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 गोबर्धन योजना के अन्तर्गत लगाये गये कम्प्रेस बायो गैस प्लांट का भी निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्लांट लगा है, जो अभी चालू नहीं है, जिसे संचालन के लिए सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया।

अटल जी की स्मृतियों को किया जायेगा संरक्षित



सोनभद्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर से भाजपा द्वारा उनके जन्मशताब्दी वर्ष पर जारी विभिन्न कार्यक्रमो के क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण हेतु उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को याद करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष जिले के सभी 1515 बूथों में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में कार्यकताओं द्वारा व्यापक रूप से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।14 जनवरी से 15 मार्च 2025 तक अटल विहारी बाजपेयी की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु जिले में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके पास अटल विहारी बाजपेयी से जुड़ी कोई स्मृति हो। यह स्मृतियां अखबार की कटिंग, दस्तावेज, किताबें, ऑडियो/ वीडियो क्लिप आदि के रूप में हो सकती हैं। इन स्मृतियों का संकलन कर उन्हें संरक्षित किया जाएगा।15 फरवरी से 15 मार्च 2025 के बीच अपने जिले में भाजपा अटल विरासत सम्मेलन आयोजित करेगी। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्ध जन, विशिष्ट व्यक्ति और अटल जी के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। अटल विहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लिखी पुस्तकों के लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अटल विहारी बाजपेयी के स्मृतियों का डिजिटल प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल विहारी बाजपेयी के विचार और कार्य हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश को एक ही मौसम में विभिन्न हिस्सों में कहीं सूखा कहीं बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। जिसको देखते हुए अटल जी का विचार था कि नदियों को एक दूसरे से जोड़ दिया जाए तो इस विभीषिका से छुटकारा मिल सकता है। और उन्होंने नदी से नदी जोड़ने के क्रम में केन बेतवा लिंक परियोजना की का सपना देखा।1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया। हालांकि 2004 में एनडीए सरकार जाते ही यह योजना फिर ठंडे बस्ते में चली गई। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि वह इस परियोजना पर समयबद्ध तरीके से अमल करे। जिससे इसकी लागत और न बढ़े। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को साकार करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीड़ा उठाया है। बहुउद्देशीय और महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी।

मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की की समीक्षा

मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली के अन्तर्गत रू0 एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा मण्डलीय अधिकारियों के साथ की गई।

बैठक में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण सोनभद्र के द्वारा कराए जा रहे कार्य में बताया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है एक सप्ताह में टंकियो में पानी आ जाएगा शेष कार्यो को मार्च 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा, जिस पर मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र को निर्देशित किया कि जांच कर आख्या उपलब्ध कराएं। अमवार पेयजल योजना में बताया गया कि टंकी व समस्त कार्य पूर्ण हो गया है इंटेक बेल बन चुका है कनहर बांध में वांछित जल स्तर प्राप्त होने बाद ही टेस्टिंग एवं जलापूर्ति सितम्बर 2025 तक होना बताया गया। झीलो बीजापुर पेयजल योजना में कार्यदायी संस्था द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि मार्च 2025 तक सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। बेलाही पेयजल योजना की समीक्षा में बताया गया कि 20 से 25 गावों में समस्या थी दो अतिरिक्त टंकी लगाने के कारण देरी हुई 210 गावों में से 178 गांवो में पानी जा रहा है मण्डलायुक्त को मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र ने बताया कि उनके स्वंय दिसम्बर 2024 निरीक्षण किया गया था कार्य संतोषजनक पाया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि लोगो के इसके बारे में जागरूक करे कि पानी का दुरूपयोग न करे तथा अधिकारी निरीक्षण के दौरान पानी को स्वंय पीकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण करें। लोक निर्माण विभाग खण्ड भवन मीरजापुर के द्वारा 48वीं वाहिनी पी0ए0सी0 सोनभद्र में 200 व्यक्तियों के क्षमता का बैरक में बताया गया कि अप्रैल 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था यूपीसीएल यूनिट-16 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत मल्टीपर्पज सीड स्टोर एण्ड टेक्नालॉजी डिसमिनेशन बभनी सोनभद्र में धनाभाव बताया गया मांग पत्र जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से शासन को पत्राचार किया गया, जिस मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी मांग पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनपद की भदोही की समीक्षा में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड सोनभद्र इकाई के द्वारा 100 सैय्यायुक्त चिकित्सालय का निर्माण सरपतहां ज्ञानपुर में बताया गया कि सभी कार्य सितम्बर 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

बैक के लॉकर से गोल्ड लोन के जेवरात हुए चोरी

जौनपुर। शाहगंज भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में लाकर से गोल्ड लोन के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बताते है कि बैंक में गोल्ड लोन के तहत ऋणी द्वारा जमा कराए गए जेवरात लाकर में सुरक्षित रखे जाते हैं। ऋणी फूला देवी ने अपना बकाया चुकाकर जेवरात वापस लिए, लेकिन उन्होंने शिकायत की कि उनके बैग में जमा कराए गए कुछ जेवरात गायब हैं।बैंक प्रबंधन द्वारा की गई आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि लाकर से गोल्ड लोन में जमा किए गए पांच बैग पूरी तरह से गायब हैं और 14 बैगों में से कुछ जेवरात नहीं मिल रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए शाखा प्रबंधक ने पुलिस को सूचित किया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बैंक के उच्चाधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना के माध्यम से चोरी के पीछे की साजिश और जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए गहनता से छानबीन की जा रही है।

रिजेक्ट डाटा में सुधार कर करें प्रस्तुत

आजमगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि जनपद के समस्त अनुसूचित जाति/सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर कक्षा (11-12) व अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के (नवीन) छात्र/ छात्राओं द्वारा अपने नाम से आय प्रमाण पत्र लगाया गया है, उनका डाटा जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर से रिजेक्ट हुआ है। वे छात्र जिनका डाटा रिजेक्ट हुआ है, वे अपने पिता/माता/अभिभावक/पति का आय प्रमाण पत्र बनवाकर छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन में पूर्वदशम (9-10) हेतु संशोधन की तिथि 29 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक एवं संशोधित आवेदन को संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की तिथि 29 जनवरी से 07 फरवरी 2025 तक है। इसी प्रकार कक्षा (11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु संशोधन की तिथि 05 फरवरी से 10 फरवरी 2025 तक एवं संशोधित आवेदन को संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की तिथि 5 फरवरी से 13 फरवरी 2025 निर्धारित है। उक्त तिथियों में छात्र छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन को संशोधन करें तथा संस्था संशोधित आवेदन पत्र को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

सामूहिक विवाह में 93 जोड़े हुए परिणयबद्ध

जौनपुर।निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र के अतिरिक्त देश के कई राज्यों एवं दूर देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। समागम के समापन के उपरान्त पिंपरी पुणे स्थित मिलिटरी डेअरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया विवाहित वर-वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा ने एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने पर जोर दिया। निःसंदेह सादा शादियों का यह अलौकिक दृश्य जाति, वर्ण की विषमता को मिटाकर एकत्व का सुंदर संदेश प्रस्तुत कर रहा था जो निरंकारी मिशन का संदेश भी है।

दिल्ली से लौटी प्रधान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

जौनपुर।सिरकोनी ब्लाक के नाथुपुर की प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह का सम्मानित होकर दिल्ली से लौटने पर गांव के लोगों ने स्वागत किया।जिले से चुनी गई एकमात्र ग्राम प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह को पंचायत राज मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के मौके



पर विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया था।उन्हें सम्मानपत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।यह निमंत्रण सरकारी योजनाओं जिसमे हर घर जल योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन इंद्र धनुष,प्रधानमंत्री पोषण योजना,पीएम मुद्रा योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना,किसान क्रेडिट कार्ड आदि जैसी जनकल्याण की योजनाओं को अपने गांव में शत प्रतिशत करने पर मिला था।इसके अलावा गांव का विकास,साफ सफाई व अन्य कार्य भी सराहनीय रहा।ग्राम प्रधान सुचिता सिंह ने बताया कि देश की राजधानी में गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि बनकर काफी अच्छा लगा।इसके साथ केंद्रीय पंचायत राज मंत्री प्रा0 एसपी सिंह बघेल,मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।ऊक्त कार्यक्रम में देश के छह सौ प्रधान बुलाये गए थे।

जयपुरिया स्कूल की छात्रा आस्था दूबे वीरगाथा 4.0 में बनी मीरजापुर की प्रथम विजेता

मीरजापुर।हौसले अगर बुलंद हो तो कामयाबी कदम चूम लेती हैं। यह कथन सच कर दिखाया जयपुरिया स्कूल की छात्रा आस्था दुबे ने। जिले का प्रतिष्ठित स्कूल जयपुरिया स्कूल की कक्षा 6की छात्रा आस्था दूबे, पुत्री अमित कुमार दूबे ने रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता वीरगाथा 4.0 में देश के सर्वोत्तम 100 विजेताओं में अपना स्थान बनाया तथा पूरे उत्तर प्रदेश में से केवल 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इन विद्यार्थियों में मीरजापुर जिला जनपद से पहली बार चयनित होने वाली छात्रा का खिताब जीतकर आस्था दूबे ने पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। देश में कुल 2.50 लाख विद्यालयों ने तथा 1.76 करोड़ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें पूरे देश से 100 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिसमें से 7 विद्यार्थी उत्तर प्रदेश से चयनित हुए हैं। यह प्रतियोगिता रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा



और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त पहल पर आयोजित की जाने वाली एक प्रतियोगिता है, इसमें तीसरी से लेकर बारहवीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य स्कूली बच्चों को वीरता विजेताओं के जीवन और बहादुरी के कार्यों और उनके प्रेरक जीवन कहानियों के बारे में शिक्षित और प्रेरित करना है। यह पहल देश भक्ति और नागरिक मूल्यों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार और गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का मौका मिलता है। आस्था दूबे ने ₹जब झाँसी की रानी मेरे सपने में आई।₹ विषय पर बहुत ही सुंदर लेख लिखा। उसने इस लेख के माध्यम से यह बताया कि सपने में रानी लक्ष्मीबाई आई थी और उन्होंने बोला कि आस्था मेरे देश को तुम्हारी जरूरत है, मेरे देश का ख्याल रखो। यह सपना देखकर मुझे बहुत खुशी तथा गर्व महसूस हुआ। जब मुझे सम्मानित किया जा रहा था तो मुझे महसूस हुआ कि मैंने उनके सपने को सच कर दिखाया। उनकी कहानियों, व कविताओं के माध्यम से वह पहले से ही प्रेरित रही है। आस्था ने सोचा कि वह कैसे मदद कर सकती है। गांव की साफ- सफाई, पढ़ाई करके, देश की अच्छी नागरिक बनकर और लोगों को जागरूक करके उनके सपनों को साकार कर सकती हूँ। आस्था को जिला विद्यालय निरीक्षक, मीरजापुर की तरफ से विद्यालय को सूचित किया गया की आस्था दूबे, पुत्री अमित कुमार दूबे का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विजेताओं को 26 जनवरी के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाना है। यह सुनकर पूरे विद्यालय तथा उसके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और आस्था को सूचित किया गया और विद्यालय की तरफ से उसे बधाई दी गई।

खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

आजमगढ़। समाज से छुआ-छूत, ऊंच-नीच का भेद मिटाने के अभियान के तहत भारत रक्षा दल परिवार की जीयनपुर टीम के द्वारा विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर पर वृहद खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिकों ने एक साथ मिलकर इस भोज का आनंद लिया। भोज में दिनेश मणि त्रिपाठी, डॉ नितेश कुमार श्रीवास्तव, तहसील उपाध्यक्ष विनोद यादव, अजमतगढ़ सूबेदार चौहान, हाजी अनवार महेंद्र नाथ, मदन शर्मा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र विश्वकर्मा, श्री कृष्ण वर्मा आदि मौजूद रहे।

NOTICE

I Krishna Kumar Rai S/o Mr. Basant Kumar Rai, R/O- 2/495 Ruchi Khand -2, Sharda Nagar, Lucknow- U.P.- 226001 - India, My Receipt No. 68117 Date: 15.06.23 Amount Rs. 3614235.00, Original Assignee Copy (F1) & Original Allotment Letter Copy Against Customer Id- GOL/68/T1 respectively issued by Omaxe Limited are misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office of OMAXE LTD. at OMAXE LTD., Cyber tower 2nd floor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow Or Call on No- 9935092305.

संक्षेप

युवती के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के काजी का पुरवा जमालपुर निवासी कल्लू के पुत्र नसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छब्बीस जनवरी को नबाबगंज थाना के लवाना भवानीगंज निवासी दशरथ का पुत्र मोहित सरोज उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री को घर से भगा ले गया। पीड़ित ने आरोपी के घर शिकायत की तो आरोपी ने फोन पर उसे जानलेवा धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है।

किशोरी के अपहर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण व मारपीट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा निवासी ब्रम्हदीन कोरी पुत्र जगदेव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस जनवरी को महेशगंज थाना के झाउ का पुरवा निवासी बादल भारती उसकी चौदह वर्षीया पुत्री को भगा ले गया। शिकायत करने पर आरोपी के घर वालों ने पीडित के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी तथा उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण व मारपीट तथा गालीगलौज का केस दर्ज किया है।

सीएमओ के निरीक्षण से अस्पताल में हडकंप

प्रतापगढ़। देर रात सीएमओ के औचक निरीक्षण से सांगीपुर सीएचसी में हडकंप मच गया। सीएमओ डा. एएन प्रसाद सोमवार की रात लगभग नौ बजे अचानक अस्पताल आ धमके। उन्होने अस्पताल में प्रसव कक्ष, ओपीडी, शौचालय, स्टोर रूम तथा दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। अस्पताल में इमरजेंसी कक्ष न देख सीएमओ भड़क उठे। अधीक्षक डा. आनन्द त्रिपाठी ने बताया कि अतिरिक्त कक्ष नहीं होने से इमरजेंसी कक्ष तैयार नही किया जा सका है। इस पर सीएमओ ने अधीक्षक को दवा वितरण कक्ष के पास इमरजेंसी कक्ष के संचालन के वैकल्पिक प्रबन्ध के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय डा. धर्मेश शुक्ला, डा. सुधांशु शेखर, डा. सत्येन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक आशीष पाण्डेय, बीसीपीएम बाल मुकुन्द मिश्र आदि मौजूद रहे।

गैंगलीडर हिस्ट्रशीटर अपराध माफिया घोषित

फिरोजाबाद। जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के अंतर्गत मंगलवार को एसएसपी के निर्देशन में चौथ वसूली अपहरण, हत्या का प्रयास षड़यंत्र धोखाधड़ी हेराफेरी, छल कपट व कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा कराने वाले गैंगलीडर हिस्ट्रशीटर अभियुक्त साजिद पठान को अपराध माफिया के रूप में घोषित किया गया अभियुक्त को थाना दक्षिण पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। अभियुक्त साजिद पठान की गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन बार में 3 करोड़ 25 लाख 51 हजार 920 रु की चल अचल सम्पत्ति को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

प्रशासन की पहल पर खंडित मूर्ति बनने पर शांत हुई भीड़



कुशीनगर। जिले केकप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा भलुही में स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को बीते सोमवार की रात में किसी अराजक व्यक्ति द्वारा तोड़ दिए जाने की जानकारी मंगलवार को सुबह जैसे ही ग्रामीणों को पता चला वे आक्रोशित हो गये। ग्रामीण प्रदर्शन के साथ उग्र रूप लेते हुए धरने पर बैठने के लिए आमादा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित हुई मूर्ति के टूटे हुए दाहिने हाथ को तत्काल सीमेंट से ठीक कराए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए।

28 जनवरी मंगलवार के दिन विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम सभा भलुही में स्थित डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को टूटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कप्तानगंज जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों सहित भीम आर्मी के नेताओं से बातचीत कर पहल करते हुए तत्काल सीमेंट मगवाकर टूटे हुए मूर्ति के दाहिने हाथ को ठीक कराने में जुड़ गए। मौके पर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद व क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह द्वारा भी गांव पहुंच कर मामले की जानकारी ली। भीम आर्मी सहित ग्रामीणों द्वारा अपने मांग को लेकर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद को ज्ञापन भी सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में बाबा साहब के स्थल का बाउंड्रीवाल कराते हुए गेट लगाने सहित स्थल पर प्रकाश के व्यवस्था की मांग की गई है। डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के खंडित होने की सूचना मिलते ही चौकी मंसूरगंज व बोदरवार की पुलिस के साथ चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह मौके पर सुबह से ही पहुंच कर ग्रामीणों को शांत करने में लगे रहे। प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित मूर्ति को बनने के बाद उग्र भीड़ शांत हुई मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई। इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अयोध्या भाई, ग्राम सभा अध्यक्ष विनय प्रसाद, चंद्रशेखर बौद्ध, विपिन, गिरधर प्रसाद, जितेंद्र, प्रवीण गौतम, समरेंद्र सिंह सैथवार, राजेश साहनी, द्वारिका, प्रमोद रंजन, रविंद्र, छोटेलाल भारती, बिंदू गुप्ता, अजय कन्नौजिया, हरिपाल, राधेश्याम, रामकोला विधान सभा अध्यक्ष रोहित निगम, बसपा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गौतम, जिलाप्रभारी यशवंत कुमार प्रभारी सुदर्शन सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

जिला नगरीय विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

देवरिया। डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना व राष्ट्रीय आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में आवास निर्माण के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है, और इसके अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 नई परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 80 कार्यों में से 58 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत सभी आवेदन ऑनलाइन यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। इस पोर्टल से लाभार्थी अपने आवेदन की स्थिति वास्तविक समय में देख सकेंगे। योजना में विधवाओं, अविवाहित महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यक, सफाईकर्मी, झुग्गीवासियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और निर्माण श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित लाभार्थियों के सत्यापन के बाद प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में जिला और निकाय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी जो लाभार्थियों के चयन और सत्यापन का कार्य करेंगी। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में बताया गया कि डिजिटल लेन-देन करने वाले लाभार्थियों को मासिक 100 और वार्षिक 1200 तक का कैशबैक दिया जा रहा है। डीएम ने डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से शक्ति रसोई का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। यह योजना वर्तमान में देवरिया और गौरा बरहज नगर निकायों में संचालित है। डीएम ने निर्देश दिया कि मीट-मांस की दुकानों को ढककर संचालित किया जाए, अन्यथा उन्हें बंद करा दिया जाएगा। नगर की स्वच्छता और कूड़ा निस्तारण से जुड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए।

प्रतिभा सम्मान समारोह में नवाजे गये मेधावी, डिजिटल लाइब्रेरी की मिली सौगात



प्रतापगढ़। क्षेत्र के सराय संग्राम सिंह स्थित किसान मंहगूराम इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. चन्द्रेश सिंह व रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों ने छात्र छात्राओं को शैक्षिक उत्सव में डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात भी सौंपी। प्रबंधक सुनीता देवी सरोज ने छात्रा अन्नू पटेल को सर्वश्रेष्ठ अंक के लिए टैबलेट प्रदान किया। वहीं प्रबंधक व अतिथियों ने विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा आंचल तथा प्रियांजलि ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की छात्रा शिवानी पटेल, प्राची जायसवाल, अन्नू पटेल, खुशी विश्वकर्मा, साक्षी सरोज, आंचल गुप्ता, प्रियांजलि यादव, शानू गुप्ता व छात्र आकाश सरोज, मोहित सरोज को साइकिल तथा घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं सफल मेधावियों के अभिवावकों को भी अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. चन्द्रेश सिंह ने किया। उन्होनें मेधावियों से लगन व मेहनत के साथ सफलता का आहवान किया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शैक्षिक उन्नयन के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं की सफलता का बखान किया। विशिष्ट अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार सरोज ने किया। वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर अभिवावकों का मन मोह लिया। संस्थापक रामसुफल ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सीताराम सरोज, फूलकली, अवधेश कुमार, श्रीपाल, सुरेश शुक्ला, रामफेर सरोज, मनोज तिवारी, डॉ. पंकज तिवारी, सुरेश शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, मोनू पाल, प्रमोद सरोज, अजय निर्मल, लालजी पटेल, दिव्यांशु द्विवेदी, मनोज कुमार, रितेश तिवारी, किरन सरोज, रोहित शुक्ला आदि रहे।

दिव्यांगों के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण के लिए होगा चिह्नांकन

देवरिया। सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा सीएसआर योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से विकास भवन, देवरिया परिसर में 29 जनवरी और 31 जनवरी 2025 तथा विकास खंड, बनकटा में 30 जनवरी 2025 को शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दिव्यांग लाभार्थियों का चिन्हांकन और पंजीकरण किया जाएगा। ऐसे सभी दिव्यांगजन, जिन्हें अब तक मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त नहीं हुई है, अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। इसके लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो (01) लाना अनिवार्य है।

332 ग्राम चरस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

टूंडला। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 332 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान एक अभियुक्त वसीम अली उर्फ वसीम चपटा को लालपुर मण्डी के अन्दर, ईंट के चट्टा के पास, थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से 332 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त वसीम अली उर्फ वसीम चपटा पुत्री निसार अली निवासी तेलियो वाली गली मौहल्ला शीशग्रान, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद थाना रसूलपुर का हिस्ट्रीशीटर भी है। जो अपने सह अभियुक्त भोला उर्फ आमिर पुत्र हाजी सन्नू निवासी कबूतर वाली गुदडी आगा साहब की मस्जिद, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद के साथ मिलकर अवैध रूप से चरस आदि का कारोबार फिरोजाबाद के शहरी क्षेत्र तथा आस पास के इलाको में करता था।

प्रयागराज तीर्थ यात्रियों को नपा अध्यक्ष ने विदेशी मेहमानों के साथ परोसा भोजन



कुशीनगर। डेढ़ सौ वर्षों बाद प्रयागराज में लगे महाकुंभ में जा रहे तीर्थ यात्रियों की सुबिधा के लिए कसया बस स्टेशन पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल द्वारा निःशुल्क भोजन का शुभारंम्भ किया गया। तीर्थ यात्रियों को भोजन परोसने में ऑस्ट्रेलिया की विदेशी मेहमानों ने खुलकर सहयोग कर सेवा परमो धर्मः की भारतीय परम्परा का निर्वाह किया।

महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर जा रहे तीर्थयात्रियों की भीड़ नगर से गुजर रही है। कसया बस स्टेशन पर सरकारी बस या निजी वाहन से यात्री प्रयागराज जा रहे हैं। यात्रियों की सुबिधा के लिए नगर पालिका द्वारा मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल, ईओ अंकिता शुक्ला व नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि व रोटरी क्लब के संरक्षक राकेश कुमार जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन एवं एडवर्ड के साथ तीर्थयात्रियों को पूरी, खीर सब्जी परोसा। श्रीमती जायसवाल ने कहा कि इस बार क कुम्भ स्नान का बहुत ही पुण्य दायी है। प्रयागराज तीर्थ यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों की सेवा बड़े भाग्य की बात है। यात्रियों की हर सुख सुविधा का ध्यान नगर पालिका प्रशासन द्वारा रखा जा रहा है। भंडारा कुम्भ स्नान को देखते हुये चलता रहेगा। उन्होंने प्रयागराज तीर्थ यात्रियों की सुविधा को लेकर नपाध्यक्ष ने निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष व प्रतिनिधि किरन राकेश जायसवाल ने विदेशी मेहमानों को तिरंगा की पट्टिका देकर स्वागत किया। इस दौरान दिनेश तिवारी भोजपुरिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, सुमित जायसवाल, दुर्गेश चतुवेर्दी, सभासद राजेश मद्धेशिया, मुन्ना शर्मा, विनय कुमार सिंह, अमेरिकन खरवार, केशव सिंह, प्रभुनाथ, समाजसेवी सत्यप्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता कुश कुमार, राजन शुक्ल, अजय शुक्ल, विशाल शर्मा, पिंटू राय, उमेश कुशवाहा, राहुल सोनी, विजेंदर सिंह, मालबाबू, फैय्याज खान, कृष्ण जायसवाल, ममता निषाद, कंचन, सुनील सिंह, सदरे आलम, प्रद्युम्न, हरेंद्र जायसवाल आदि मौजूद थे।

स्टेशन पर महाकुम्भ मे अमृत स्नान के लिए उमड़ा भारी जनशैलाब

भटनी(देवरिया)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रयाग के संगम मे महाकुम्भ के अवसर पर डुबकी लगाने के लिए ट्रेन पकडने आस्था व श्रध्दालुओं की उमडा भारी जनशैलाब। महाकुम्भ के अवसर पर ट्रेन पकडने उ प्र व बिहार सहित क्षेत्रीय श्रध्दालुओं की भीड स्टेशन पर उमड़ रही है। इसी बीच भटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-5 पर गोमतीनगर -झूसी मेला स्पेशल ट्रेन आ गयी और प्लेटफार्म संख्या-1पर एक स्पेशल ट्रेन आ गयी ।ट्रेन की आने की सूचना पर दोनो प्लेटफार्मो पर ट्रेन पर चढने के लिए श्रध्दालुओं की भीड़ टूट पड़ी। इसको देख रेल तथा रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस सतर्क होकर मोर्चा संभाल लिया। ओवरब्रिज से प्लेटफार्म संख्या एक से आने वालो को पुलिसयह कहती हुई नजर आयी कि इस प्लेटफार्म पर भी मेला स्पेशल ट्रेन खडी है ।उस पर तब चढे जब ट्रेन पुरी तरह से रुक जाय। आधी भीड प्लेटफार्म संख्या 1पर आने वाली ट्रेन मे सवार हो गयी और आधे तीर्थयात्री प्लेटफार्म संख्या-5पर सवार होने लगे ।इसके अतिरिक्त लोग बच गये ।थोडी ही देर मे फिर संगम मे स्नान करने वाले श्रध्दालुओं की भीड बढ गयी ।और भटनी से रात को खुलने वाली ट्रेन का इंतजार कर रुक गये ।फिर स्टेशन परिसर प्रयागराज जाने वालो से खचाखच भर गया ।स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मे लगे थाना प्रभारी अश्वनी कुमार प्रधान के नेतृत्व मे पुलिस टीम, आर पी एफ प्रभारी भटनी के नेतृत्व मे पुलिस टीम व जी आर पी थाना भटनी के दिनेश सिंह के नेतृत्व मे लगी टीम सतर्कता से भीड को नियंत्रित करने व सुरक्षा मे लगी रही और श्रद्धालुओं की भीड़ को महाकुंभ जाने वाली ट्रेनों में बैठाती रही

स्पाइन सर्जरी से पैरालिसिस होने की धारणा गलत

मेरठ। वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जरी, स्पाइनल डिफॉर्मिटी विभाग के कंसल्टेंट डॉ नवीन पंडिता ने मंगलवार को मेरठ में मैक्स मेड सेंटर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों में यह धारणा गलत बैठ चुकी है की स्पाइन सर्जरी से पैरालिसिस होने की संभावना अधिक रहती है जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने मंगलवार को मेरठ के मैक्स मेड सेंटर में रीढ़ की सर्जरी (स्पाइन सर्जरी) सेवाओं के लिए ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया। यह सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के स्पाइन सर्जरी व स्पाइनल डिफॉर्मिटी विभाग के कंसल्टेंट, डॉ. नवीन पंडिता की उपस्थिति में शुरू की गईं। डॉ. नवीन पंडिता हर महीने के मंगलवार को प्राइमरी कंसल्टेशन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी सेवाओं के लॉन्च पर, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के स्पाइन सर्जरी और स्पाइनल डिफॉर्मिटी विभाग के कंसल्टेंट, डॉ. नवीन पंडिता ने कहा, हम मेरठ में स्पाइन सर्जरी सेवाओं को विस्तारित करने को लेकर उत्साहित हैं और क्षेत्र के निवासियों को विशेष देखभाल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। न्यूरो नेविगेशन सूट और रोबोटिक टेक्नोलॉजी जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग हमारी सर्जिकल प्रक्रियाओं में सटीकता बढ़ाता है। स्पाइन सर्जरी में उन्नत तकनीकों के बारे में बताते हुए डॉ. नवीन ने कहा, टेक्नोलॉजी और साइंस में तेजी से हो रहे विकास के कारण अब विभिन्न स्पाइन रोगों के इलाज के लिए नई और बेहतर सर्जिकल तकनीकें उपलब्ध हैं।

मेडिकल कॉलेज में स्थापना दिवस पर दीक्षांत समारोह का आयोजन

मेरठ। उप्र सरकार के प्रमुख सचिव (हेल्थ) पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए आगे बढ़ना होगा, तेजी से बदलते हुए समय के साथ सीखने की प्रवृत्ति रखनी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह देते हुए कहा कि भविष्य को बनाने के लिए सुनने की आदत डालना अति आवश्यक है। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान रखकर ही सपनों को पूरा किया जा सकता है। मंगलवार को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के स्थापना दिवस पर दीक्षांत समारोह तथा महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव चिकित्सा, शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा मेडिकल कॉलेज परिसर का भ्रमण कर मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं को भी देखा। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव (हेल्थ) उत्तर प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लगाई गई सिटी स्कैन का भी लोकार्पण किया तथा इमरजेंसी में निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल भी पूछा।

मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विकास खंड भादर में बैठक आयोजित

अमेठी। मंगलवार को मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु विकास खण्ड भादर में ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख भादर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा बाल संरक्षण के एजेण्डा बिन्दु पर विकास खण्ड में सभी 06-14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा व पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए एवं उनके सर्वांगीण विकास तथा उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिये सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हितों के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे विस्तार से परिचर्चा की गयी तथा इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही महिलाओं को उनकी फैमिली आईड० बनाये जाने पर जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बैठक में ब्लाक प्रमुख भादर, खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड भादर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी और सहायक पंचायत अधिकारी, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, अमेठी, गुलाब पाल आउटरीच कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी उपस्थित रहे।

दिल्ली विसचुनाव में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा की अहम भूमिका से मगन रामपुरखास



प्रतापगढ़। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी अहम जिम्मेदारी को लेकर मंगलवार को यहां कार्यकर्ता मगन देखे गये। दिल्ली के चुनाव में बेल्हा की भी आवाज गूंजने को लेकर लोगों में इसे राजनैतिक पटल पर रामपुरखास की मजबूत पकड भी आंकी जाती देखी जा रही है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को लेकर दिल्ली में प्रतापगढ़ तथा पूर्वांचल के जिलों के लोगों के भी उत्साह को लेकर कार्यकर्ता व समर्थक मगन दिखे। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि दिल्ली के द्वारका स्थित दुर्गा पार्क में विधायक मोना का पूर्वांचल के विभिन्न संगठनों ने समारोहपूर्वक सम्मान किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा वहां विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार की जा रही जनसभाओं को लेकर भी कार्यकताओं का हौंसला बढ़ा दिखा है। कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकताओं ने विधायक मोना के स्टार प्रचारक के रूप में दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली अहम जिम्मेदारी को बड़ी सियासी उपलब्धि आंकते दिखे। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, लालजी यादव, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, हुमा महमूद आदि ने विधायक मोना को सौपी गयी इस अहम जिम्मेदारी के लिए सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार जताया है।

एसएसपी ने थाने का किया निरीक्षण



फिरोजाबाद। एसएसपी सौरव दीक्षित ने थाना लाइनपार का वार्षिक निरीक्षण किया, वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर, यूपी कॉप, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल व महिला हैल्पडैक्स पर महिलाओं से सम्बन्धित प्राप्त होंने वाले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण को चैक करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने अपराध रजिस्टर ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया साथ ही सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक कर थाने के टॉप-10 अपराधी, हिस्ट्रीशीटर अपराधी, जिलाबदर अपराधियों एनडीपीएस एक्ट, अवैध शराब एवं निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही एसएसपी ने नवीनीकृत सौंदयीर्कृत रामनगर पुलिस चौकी एवं थाना प्रभारी कर्यालय का क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक लाइनपार द्वारा अपनी उपस्थिति में फीता कटवाकर उद्घघाटन किया, निरीक्षण के क्रम में द्वारा कोत मालखाना का निरीक्षण करते हुए हथियारों के संचालन एवं रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, ग्राम प्रहारी ग्राम चौकीदारों को कम्बलों का वितरण किया गया, साथ ही उनि. अनुज कुमार, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, आरक्षी रवी, महिला आरक्षी सोनी व उर्दू अनुवादक इसरारुद्दीन उनके उत्कृष्ट टर्नआउट और कर्तव्य के प्रति समर्पण एवं ज्ञान प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए एवं उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर समयबद्ध कार्यवाही की जाए।

मनीष को मिला सराहनीय सेवा सम्मान





प्रतापगढ़। गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के अमावां निवासी उप निरीक्षक को पुलिस शौर्य प्रशंसा रजत पदक मिलने पर यहां लोगों में प्रसन्नता देखी गयी। अमावां गांव के मनीष कुमार मिश्र वाराणसी में एसओजी प्रभारी तैनात हैं। पुलिस सेवा में सराहनीय एवं शौर्य के प्रदर्शन के लिए इस गणतंत्र दिवस पर उन्हें शौर्य सराहनीय सेवा सम्मान के तहत सिल्वर मेडल मिला है। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर की मौजूदगी में वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मोहित अग्रवाल ने एसओजी प्रभारी मनीष को समारोहपूर्वक सिल्वर मेडल प्रदान किया। जानकारी मनीष के गांव हुई तो घर परिवार के साथ लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। मनीष मिश्र तहसील के अधिवक्ता संतोष मिश्र सिंटू के भाई हैं। इसके चलते साथी अधिवक्ताओं में भी सम्मान पर प्रसन्नता का माहौल देखा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, क्षेपंस धीरेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, जूबाए के पूर्व महामंत्री गिरीश मिश्र बाबा आदि ने मनीष के सम्मान को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे ईओ मथौली, नहीं करते निवास

कुशीनगर। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मथौली सर्वेश कुमार श्रीवास्तव जब से कार्यभार ग्रहण किए है, नगर में एक दिन भी निवास नहीं किए। जबकि शासनादेश है कि जो अधिकारी जहां तैनात है वहीं अपना निवास स्थल बनाए। लेकिन मथौली के ईओ शासनादेश को ठेंगा दिखा 6 माह से हाटा में निवास कर रहे है। बता दें कि योगी सरकार ने नगर पालिका और नगर पंचायत में तैनात अधिशाषी अधिकारियों को वहीं पर निवास करने का आदेश संबंधित जिलाधिकारियों को भेजा है। जिसमें साफ तौर पर लिखा गया है कि जो भी अधिकारी जहां तैनात है, तैनाती स्थल में ही निवास करें। लेकिन नगर पंचायत मथौली के अधिशाषी अधिकारी नगर में निवास न करके 15 किमी दूर हाटा में निवास करते है। इन्हें नगर पंचायत सुकरौली का भी अतिरिक्त प्रभात मिला है, वहां भी निवास नहीं करते है। जनहित व नगर की तमाम समस्याओं को लेकर नगर के राकेश उर्फ भोला यादव, मोनू शर्मा, आनंद जायसवाल, नूरसलाम, अजय कुमार, अखंड यादव सहित दर्जनों लोगों ने शासन व प्रशासन से मांग किया है कि अधिशाषी अधिकारी मथौली नगर में निवास करें। इनके निवास न करने से नगर में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने सहित तमाम समस्याएं समय से निस्तारण नहीं हो पा रही है। इसको देखते हुए नगर के लोगों ने अधिशाषी अधिकारी को नगर में ही निवास करने की मांग शासन व प्रशासन ने मांगा है। इस संबंध में ईओ ने बताया कि दो नगर पंचायतों का चार्ज होने के कारण हाटा में निवास करना पड़ रहा है।

● नपं सुकरौली का भी मिला है प्रभार, हाटा में करते है निवास

संक्षेप

अधिक मुकदमों का निस्तारण किया जाये: डीम

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा तहसील मड़ियाहूँ का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने न्यायालय उपजिलाधिकारी और न्यायालय तहसीलदार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुराने मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कमियां पाई गई उनपर कृत कार्यवाही न किए जाने पर तथा पुराने मुकदमो को निस्तारित नही करने पर प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा। उप जिलाधिकारी न्यायिक को भी निर्देशित किया कि बार के सहयोग से अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारित किया जाए जिससे आमजन को कचहरी न आना पड़े और उन्हे त्वरित गति से न्याय दिलाया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रख-रखाव उचित ढंग से किया जाये और कार्यालय में साफ-सफाई नियमित हो। कार्यालय में आने वाले फरियादियों की गम्भीरतापूर्वक तथा संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा बार के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याए सुनी गई और सम्बन्धित को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, उपजिलाधिकारी न्यायिक, कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरदोई में पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद

हरदोई। जिले की एक अदालत ने चार साल पहले अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक वकील ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहा कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने कांति की कुल्हाड़ी से हत्या करने के जुर्म में उसके पति कमलेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।हरदोई के सांडी थाना क्षेत्र के चचरापुर गांव के रहने वाले रामकिशन ने अपनी पुत्री कांति की शादी सुरसा क्षेत्र के पनुवावर निवासी कमलेश के साथ की थी। रामकिशोर ने 11 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि उसके दामाद कमलेश ने उसकी पुत्री की 10 दिसंबर की रात कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। उसने आरोप लगाया कि कमलेश ने अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए पत्नी की बलि दी थी। जांच में पता चला कि कमलेश फाइलेरिया से पीड़ित था और उसने कई बार सूअर की बलि भी दी थी। कमलेश खुद को सर्वनाशनी देवी का पुजारी बताता था। पूरे मामले में अभियोजन पक्ष ने नौ गवाह पेश किए। इसी आधार पर कमलेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

बलिया में बड़ौदा बैंक की शाखा से 21 लाख रुपये की चोरी

बलिया। जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के संवरा गांव में स्थित बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा में 21 लाख रुपये की चोरी हो गयी। बलिया के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि आज सुबह डायल 112 के माध्यम से यह सूचना मिली कि थाना रसड़ा क्षेत्र अंतर्गत बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा संवरा में 21 लाख रुपये की चोरी हो गयी है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद यह पाया गया कि बैंक की शाखा में किसी ने जबरन प्रवेश नहीं किया है। उनके मुताबिक, शाखा प्रबंधक ने बताया कि उनके कैश चेस्ट में जो पैसा था, वह गायब है। कैश चेस्ट की दो चाभियां होती हैं और जब तक दोनों चाभियां ना लगे, तब तक इसका ताला नहीं खुल सकता है। उन्होंने बताया कि एक चाभी कैशियर के पास तथा दूसरी चाभी प्रबंधक के पास होती है। एसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया घटनास्थल का निरीक्षण करने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बैंक शाखा के कर्मियों की मिलीभगत है। इसकी जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), क्षेत्राधिकारी रसड़ा व सर्विलांस टीम सम्मिलित है।

यूपीएस के विरोध प्रदर्शन में अटेवा के साथ आया पीएसपीएए



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। नई यूनिफाइड पेंशन नीति के विरोध में आज समूचे जनपद के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षण समय के उपरांत LOX½``` के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाहन पर यू पी एस के विरोध में प्रतियां जलाईं।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के परिसर में न्यायपंचायत के शिक्षकों शशि देवी, आरती देवी, प्रीति चक, आरती सिंह, लक्ष्मी देवी, रमनजीत कौर, शाहें खुबा और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला एवं मांडलिक मंत्री/ अध्यक्ष संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उन्नाव डॉप्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियों का दहन कर यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध दर्ज किया। बीआरसी औरास पर भी न्यै नोटिफिकेशन के विरोध में शिक्षकों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया व प्रतीकात्मक प्रतियां जलाईं। अटेवा औरास इकाई संयोजक प्रदीप यादव, उमेश कनौजिया एवं अनेकों शिक्षक भी उपस्थित रहे। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार एवं महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अटेवा के जिला संयोजक अर्पित मिश्र के साथ पुरानी पेंशन की बहाली के लिए प्रत्येक आंदोलन में पूरी कार्यकारिणी का साथ होना बताया। पीएसपीएसए के पदाधिकारियों में अतुल साहू, दीपेंद्र शर्मा, कौशल किशोर, नितिन शर्मा, राजदीप भटनागर, मनीष यादव, मनोज पटेल, शिव दर्शन वर्मा, अमित तिवारी, मनोज कुमार, हरिकिशोर मिश्र, अमित नागी, सौरभ वैश्य, प्रभाकर सिंह, सुरेन्द्र, विकास भारती, अनुज शुक्ल, आदित्य पाल आदि ने भी यूपीएस की प्रतीकात्मक प्रतियों का दहन कर विरोध दर्ज किया।

डीएम की अध्यक्षता में हुई व्यापार बंधु की बैठक

सुलतानपुर (वीओएल)। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता और सीडीओ अंकुर कौशिक की उपस्थिति में व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में व्यापारियों के हित में चल रही योजनाओं और उनके क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

सहायक आयुक्त राज्य कर ने मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित व्यापारियों और योजना के अन्य पहलुओं से सभा को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 में 228 नॉन-फाइल व्यापारियों, तृतीय त्रैमास के 1137 समाधान अपनाने वाले व्यापारियों और 403 नियमित व्यापारियों के खिलाफ रिटर्न समय पर न दाखिल करने के कारण अर्थदंड की कार्यवाही की जा रही है। एमनेस्टी योजना-2024 पर जानकारी देते हुए बताया गया कि जो व्यापारी 31 मार्च 2025 से पहले कर जमा कर एसपीएल-02 दाखिल करेंगे, उनके ब्याज और अर्थदंड की मांग समाप्त कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने व्यापारियों के हित में अपने निर्देशन में कार्ययोजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने व्यापारियों से शहर के विकास में योगदान देने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की। बैठक में उपायुक्त उद्योग, राज्य कर अधिकारी, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग, नगरपालिका, पशुपालन विभाग, आबकारी विभाग, प्रमुख बैंक प्रबंधक, जिले के व्यवसायी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शहर के विकास और व्यापारियों के सहयोग से जुड़ी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा की।

पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता सम्मानित



उन्नाव। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी को नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक ने मोमेंटो देकर सम्मानित करने के साथ हौसला बढ़ाया। छत्तीसगढ़ में तीन दिवसीय सुबराता क्लासिक नेशनल पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के हुए आयोजन में कई प्रांतो से 400 से अधिक खिलाड़ियों के बीच सदर तहसील के टीकरगढ़ी गांव निवासी आयुष पांडेय ने दो दिन पहले कांस्य पदक जीता था। उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 80 किलो वजन उठाकर यह पदक हासिल किया था। जिले के नाम रोशन करने पर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने खिलाड़ी के घर पहुंच उसे सम्मानित कर हौसला बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी अमित पांडे परिजनों के साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे।

कबाड़ चोरों ने नही बक्सा श्मशान घाट अंत्येष्टि स्थल से उखाड़ ले गए सीट

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसोती स्थिति रिहंद बांध के किनारे श्मशान घाट पर क्षेत्र पंचायत कोटे से पिछले वर्ष बनाया गया अंत्येष्टि स्थल से सीट और पाइप सहित अन्य सामान मनबढ़ कबाड़ चोरों की भेंट चढ़ गया।बताया जाता है कि बीजपुर डोडहर सिरसोती बीजपुर कालोनी कॉन्ट्रेक्टर कालोनी राय कालोनी शांतिनगर मोटर गैराज के जनता की माँग पर ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गोड़ ने क्षेत्र पंचायत कोटे से नौ लाख की लागत से रिहंद बांध के किनारे अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया था लेकिन क्षेत्र के कबाड़ चोरों को यह अंत्येष्टि स्थल पसंद नही आया और ऊपर में छाया के लिए लगाया गया सीट और पाइप आदि खोल कर कबाड़ी उठा ले गए। ग्रामीणों की कुछ दिन पहले नजर पड़ी तो लोग भौचक रह गए।बताते चले कि वर्तमान समय मे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्जन कबाड़ की दुकानें संचालित हैं सभी कबाड़ी कहते है कि साहब हम तो केवल प्लास्टिक टीन गत्ता पेपर खरीदते हैं लेकिन इन कबाड़ दुकानों पर जब दुनियाँ के लोग नीद में सोते है तब लोहे के टुकड़ों की उठा पटक की आवाज गैस कटर से कटिंग के टुकड़ों की खनक बताती है कि इन कबाड़ दुकानो पर दिन में नही बल्कि सम्बन्धितों की मिली भगत से रात भर गोरखधंधा चलता है। हद तो तब देखने को मिला जब कबाड़ दुकान खोलने के नियम की जानकारी जुटाई गई तो बताया गया कि कबाड़ ब्यवसाय किसी भी राष्ट्रीय परियोजना से 15 किलोमीटर दूर संचालित होगी लेकिन यहाँ तो एनटीपीसी स्वागत गेट से महज 50 मीटर दूर पर एक रजाई गद्दा बेचने वाला भी कबाड़ दुकान चला रहा है। इसको प्लांट से सटे खोलने की अनुमति किसने दी पता नही है यहाँ खुलेआम रात भर प्लांट के कीमती कल पुर्जे तथा लोहा पाइप की खरीद बिक्री का धंधा धड़ल्ले से संचालित होरहा है।

अभिनवदीप ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को कुंभ किट की भेंट

लखीमपुर खीरी। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य अभिनवदीप ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से भेंट की और उन्हें कुंभ किट प्रसाद स्वरूप भेंट किया। इस दौरान, जिले की कला और संस्कृति को प्रोत्साहन



देने के विषय पर चर्चा हुई। अभिनवदीप ने लखीमपुर खीरी के कलाकारों और उनकी सांस्कृतिक धरोहर को मंच प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भविष्य में राज्य ललित कला अकादमी द्वारा जिले में कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है। जिलाधिकारी ने इस पहल की सराहना की और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

गौरवा गाथा में उकेरी जायेगी पूर्वांचल के सांस्कृतिक, पद प्रतिष्ठित पहचान

आजमगढ़। गौरवशाली पूर्वांचल एवं भारत की गौरव गाथा पर चर्चा करते हुए भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार एवं दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी मृदुल ने गौरवशाली पूर्वांचल के प्रभारी एवं प्रधान संपादक अरविंद चित्रांश से चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय कला सेवा संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम दिल्ली के महाआयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों का गौरवशाली पूर्वांचल सम्मान-2025 से सम्मानित करते हुए भारत की गौरव गाथा का इतिहास दोहराया जाएगा। इस महाआयोजन में दिल्ली एनसीआर के साथ पूरे देश-विदेश के तमाम प्रतिष्ठित कलाकार, साहित्यकार और प्रतिनिधियों के बीच बढ़ेगा भारत का गौरव एवं सम्मान और गौरवशाली पूर्वांचल एवं भारत की गौरव गाथा पत्रिका के साथ, पूर्वांचल भोजपुरी अकादमी दिल्ली की स्थापना की जाएगी, जिसमें पूर्वांचल के समस्त भाई बहनों का बढ़ेगा मान सम्मान और प्रतिष्ठा। उक्त आशय की जानकारी प्रधान संपादक अरविंद चित्रांश ने दीं।

नोएडा में मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में पुलिस ने मंगलवार तड़के एक मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी। इन बदमाशों पर लूटपाट और चोरी करने सहित कानून की विभिन्न धाराओं में दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से विभिन्न स्थानों से चोरी और लूटे गए जेवरात, नकदी, अवैध हथियार आदि बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने बताया कि सोमवार रात को पुलिस की टीम सेक्टर-56 टी प्वाइंट के पास जांच कर रही थी। वाहनों की जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वे नहीं रुके। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शक होने पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश विजय सिंह उर्फ अजूबा के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि विजय की उम्र 32 वर्ष है। बाद में गिरफ्तार दूसरे बदमाश की पहचान शिवम (28) के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश विजय को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस, चाकू तथा विभिन्न जगहों से चोरी किए हुए लाखों रुपये के सोने और चांदी के जेवर बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों पर पूर्व में चोरी एवं लूट के दो दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनी लाला लाजपत राय जी की जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष साहित्यकार के पद्मश्री सम्मान से नवाजे गये

पाटन, उन्नाव। उत्तर प्रदेश के प्रख्यात साहित्यकार, विद्वान, और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित को साहित्य और कला के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा के बाद पूरे प्रदेश में हर्ष की लहर है। इसी उपलक्ष्य एवं एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक यतींद्र नाथ मिश्र, समाजसेवी सूरज सिंह और शिव वीर सिंह उर्फ वीरू ने लखनऊ स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें भव्य तरीके से सम्मानित किया।इस अवसर पर हृदय नारायण दीक्षित को पुष्पमालाएं पहनाई गईं और उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाइयां दीं। दीक्षित के साथ हुई चर्चा में उन्होंने इस सम्मान को अपने अध्ययन और साहित्यिक यात्रा का परिणाम बताते हुए कहा, यह सम्मान केवल मेरा व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि समाज और समय का भी योगदान है। साहित्य और कला के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए यह पुरस्कार समाज की उन अनगिनत प्रेरणाओं का फल है, जिन्होंने मुझे निरंतर आगे बढ़ने की ताकत दी।

उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और लेखक की जिम्मेदारी केवल अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करना नहीं है, बल्कि समाज को दिशा देना भी है। चर्चा के दौरान उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता केवल उसकी मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि इसमें समाज, परिवार और समय का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इस मौके पर साहित्य और संस्कृति से जुड़े अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दीक्षित ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि अध्ययन और ज्ञान का विस्तार ही किसी व्यक्ति को सच्ची सफलता की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साहित्य और संस्कृति को अपनाएं और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने का प्रयास करें। सम्मान समारोह में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार यतींद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि हृदय नारायण दीक्षित की उपलब्धियां साहित्य और राजनीति दोनों में प्रेरणादायक हैं। उनके विचार और कार्य न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पी दीक्षित का जीवन हमें यह सिखाता है कि समर्पण और अध्ययनशीलता से हर व्यक्ति असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकता है। समाजसेवी सूरज सिंह और शिव वीर सिंह उर्फ वीरू ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दीक्षित जैसे मनीषियों का सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी साहित्यिक और सांस्कृतिक यात्रा को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए।कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहां सभी ने हृदय नारायण दीक्षित को उनके उज्ज्वल भविष्य और नए आयामों की कामना की। उनका यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के साहित्य प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण है।

मेराजुन्नबी का जुलूस और जलसा धूमधाम से मना



जौनपुर । मेराजुन्नबी का एक जलसा और जुलूस धूमधाम से शहर में मनाया गया इसी सिलसिले में आयोजन कमेटी औलिया सीरत कमेटी की निगरानी में पूरा शहर सजाया गया। जगह जगह रंग बिरंगी झालरों से दुल्हन सा सजाया गया था। इसके तहत कौमी यकजहती कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने आपसी सद्भावना व सद्भाव पर अपने अपने विचार प्रकट किए। जुलूस और जश्ने मेराजुन्नबी अपनी पुरानी परंपरागत रिवायती रूप से मनाया गया। कार्यक्रम औलिया मस्जिद सुल्हट्टी बाजार भंडारी स्टेशन से उठकर अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ सब्जी बाजार, कोतवाली चैराहा, हरलालका रोड से चहारसू चैराहे से होकर शाही किला होता हुआ शाही अटाला मस्जिद पर पहुंचकर जलसे में तब्दील हो गया मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद और विशिष्ट अतिथि फिरोज खान चेयरमैन कचगांव, डॉक्टर सरफराज, अरशद खान, निखिलेश सिंह रहे। अनवारूल हक गुड्डू, कमर अहमद उर्फ शकील मुमताज, शाहिद मंसूरी, नेयाज ताहिर शेखू, अकरम मंसूरी, रियाजुल हक, नूरुद्दीन मंसूरी, लाल मोहम्मद राईनी, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद थे।

अयोध्या की बस सेवा बंद, प्रयागराज को चलाई गईं 80 बसें

सुलतानपुर (वीओएल)। परिवहन निगम ने मंगलवार को प्रयागराज के लिए 80 बसों का संचालन किया। इससे कई मार्गों पर बसों के फेरे कम हो गए हैं। वहीं, सोमवार की शाम से अयोध्या की बस सेवा बंद कर दी गई। इससे यात्रियों को भटकना पड़ा। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों ने फुटकर में यात्रा तय की। निगम के अधिकारी इसकी वजह जाम बता रहे हैं। वहीं, मौनी अमावस्या पर प्रयागराज जाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़ी। आरपीएफ ने सुरक्षा व यात्रियों की समस्या के निस्तारण के लिए दिन और रात में अधिकारी की तैनाती की है। डिपो से निगम की 55 और 25 अनुबंधित बसों को महाकुंभ स्पेशल के रूप में संचालित किया गया। डिपो की बसों से प्रतिदिन करीब 16 हजार यात्री सफर कर रहे थे। 13 जनवरी से प्रतिदिन तीन से चार हजार यात्रियों की संख्या बढ़ी है। मौनी अमावस्या पर यह संख्या 25 हजार के करीब होने का दावा जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं। अयोध्या जाने के लिए बस स्टेशन पर बस के इंतजार में खड़े यात्री देवानंद, राम किशोर, राजेश कुमार, सीताराम, गणेश प्रसाद ने बताया की पूछताछ काउंटर पर उन्हें बताया गया कि कटका में जाम के कारण बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। अब वे फुटकर में यात्रा तय करेंगे। स्टेशन इंचार्ज नान्हूराम ने बताया की कटका में जाम के कारण अयोध्या के लिए बस सेवा बंद कर दी गई है। सोमवार की शाम से यह समस्या कुछ ज्यादा बढ़ गई। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के लिए 80 बसों का संचालन किए जाने से लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़ आदि मार्गों पर बसों के फेरे काफी घट गए हैं। इससे परेशानी होना स्वाभाविक बात है। मंगलवार को अयोध्या कैंट से प्रयागराज जाने के लिए महाकुंभ स्पेशल पहुंची, तब श्रद्धालु कोच में बैठने की जगह के लिए उतावले दिखे। इस दौरान पूछताछ काउंटर से सुरक्षा के मद्देनजर रेलकर्मी की ओर से सूचना प्रसारित की जा रही थी कि ट्रेन रुकने के बाद ही उस पर चढ़ने के लिए आगे बढ़ें। स्टेशन अधीक्षक बीएस मीना ने बताया की यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर तुरंत दूसरे वैगन की उपलब्धता आधे घंटे के अंदर कराई जाएगी। इसकी तैयारी पहले से की जा चुकी है। आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया की रेलवे स्टेशन पर दो दिवस अधिकारी के साथ 11 जवानों की तैनाती की गई। पीपरपुर रेलवे स्टेशन पर दो, पखरौली में दो, कूरेभार व खजुरहट में चार-चार, लंभुआ, हरपालगंज में दो-दो, कोइरीपुर में चार आरपीएफ के जवान सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद

बरेली। जिले की एक अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दिगंबर सिंह ने मंगलवार को बताया कि शराब पीने का विरोध करने पर पत्नी की हत्या करने वाले श्रवण कुमार (35) को सोमवार को त्वरित अदालत (प्रथम) के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने उम्र कैद की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर कुमार को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सिंह के मुताबिक, सोमवार को अदालत ने अपने आदेश में यह व्यवस्था दी। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि श्रवण कुमार और उसकी पत्नी मीना (30) सूप बेचते थे। इसी से बमुश्किल उनका गुजारा होता था। श्रवण कुमार शराब पीने का आदी था जिसे लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। 11 अगस्त 2021 की शाम को भी श्रवण शराब पीकर आया तो मीना ने विरोध किया था। वह बाहर चला गया और रात करीब 11:30 बजे लौटा तो झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सो रही मीना के पेट में चाकू से वार किया। उन्होंने बताया कि मीना की चीख सुनकर पड़ोस में रहने वाला मीना का भाई कल्लू दौड़कर आया और उसने श्रवण को पकड़ने का प्रयास किया, परंतु विफल रहा। कल्लू ने ही श्रवण पर हत्या का मुकदमा कराया। वह 13 अगस्त 2021 से जेल में है। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया और सोमवार को सुनवाई पूरी कर सजा सुनाई गयी।

'कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ' लोगों की पहली पसंद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। 'कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ' लोगों की पहली पसंद रही। गणतंत्र दिवस पर निकली उत्तर प्रदेश की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। 40 फीसदी वोट के साथ उत्तर प्रदेश पहले व 35 फीसदी वोट के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर रहा। गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली यूपी की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर थी।

उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित 'महाकुम्भ 2025-स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगाए अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है। 2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही रहा। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही थी। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत किया। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुकों ने भी किया। ट्रेलर के पैनल पर अमृत (शाही) स्नान के लिए जाते अखाड़ों-श्रद्धालुओं को म्यूरल एवं एलईडी स्क्रीन के द्वारा दर्शाया गया। ट्रेलर के प्लेटफार्म पर समुद्र मंथन की पौराणिक कथा को चित्रित किया गयाए जिसने महाकुम्भ के महत्व और इसकी ऐतिहासिकता को रेखांकित किया। इसके पिछले हिस्से में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों को दर्शाया गया था। झांकी के माध्यम से 'महाकुम्भ 2025' के आयोजन में अपनाई जा रही टेक्नोलॉजी, प्रबंधन और डिजिटलीकरण को भी दर्शाया गया। इसके लिए हाईटेक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को प्रमुखता से दिखाया गया, जो सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके साथ ही एलईडी के माध्यम से महाकुम्भ पर्व स्नान को जाते अखाड़ों के जुलूस को प्रसारित किया गया।

कुछ प्रमुख प्रदेशों की झांकियां व वोट

उत्तर प्रदेश	40 फीसदी	(25007 वोट)
गुजरात	35 फीसदी	(21714 वोट)
हरियाणा	5 फीसदी	(2975 वोट)
बिहार	3 फीसदी	(1969 वोट)
आंध्र प्रदेश	2 फीसदी	(1467 वोट)

- गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पाया पहला स्थान
- 40 फीसदी (25007) वोट के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर, 35 फीसदी (21,714) वोट के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर

सबसे कम उम्र में सबसे अधिक मरीज देखे, गिनीज बुक में नाम दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

आगरा। शहर के जाने माने होम्योपैथी डॉक्टर पार्थ सारथी ने महज 28 वर्ष की उम्र में पांच वर्षों (1993-98) में सबसे अधिक मरीजों का (62481) इलाज कर गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि शहर का नाम भी रोशन किया। समाज में उनके इस अनुकरणीय योगदान को संजोकर डाक्यूमैन्टरी फिल्म के रूप में जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है आरए मूवीज ने। आज सेल्फी रेस्टोरेन्ट में आयोजित फिल्म के प्रीमियर शो का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश चंद गर्ग व प्रमोद वर्मा ने स्विच ऑन कर किया।

45 मिनट की फिल्म न सिर्फ दर्शकों को बांधे रखने में बल्कि जीवन में कुछ कर गुजरने का संदेश देने में भी सफल रही। इस अवसर पर आमंत्रण पत्र विमोचन कर दर्शकों को फिल्म देखने के लिए भी आमंत्रित किया गया। विशिष्ठ अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल कहा कि डॉ. सारथी का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है, जो विपरीत परिस्थितियों और साधनों के अभाव में भी कुछ कर गुजरने का हौंसला और आत्मविश्वास प्रदान करती है। फिल्म निमार्ता रंजीत सामा व विजय सामा ने डॉ. सारथी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फिल्म को लेखन व निर्देशन राष्ट्रपति पदक विजेता हेमन्त वर्मा, गीतकार संजय दुबे, संगीतकार पं. दिलीप ताहिर ने फिल्म में सजीवता का रंग भरने का बेहतर प्रयास किया है। डॉ. पार्थ सारथी ने फिल्म को अपने जीवन के खट्टे मीठे संस्करणों का गुलदस्ता बताते हुए कहा कि 55 वर्ष की उम्र में अब तक वह 18 लाख मरीज देख चुके हैं। रिकार्ड अनजाने में बना। वह तो जयपुर हाउस स्थित चैरिटेबिल होम्योपैथी डिस्पेंसरी में अपनी सेवाएं देकर सामाजिक दायित्व निभा रहे हैं। इस अवसर पर समाज के गणमान्यों ने भी विचार व्यक्त कर डॉ. पार्थ सारथी का पटका पहनाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड, एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी उनका नाम दर्ज है।

संक्षेप

आधार कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री बनाने में लायें गतिः डीएम

बांदा। जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीएम जे0 रीभा ने आधार कार्ड बनाने के लिए जिला स्तर पर नये आधार इनरोलमेंट 18 वर्ष आयु से अधिक के आवेदकों के निवास एवंज न सांख्यिकीय वेरीफिकेशन शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होने जिन विभागों के आधार संबंधी केन्द्र बंद, क्रियाशील नही हैं उन्हे तत्काल चालू कराकर नियमित रूप से आधार कार्ड संशोधन एवं नये बनाये जाने के बारे में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने इस आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड बनाए जाने के लिए प्रत्येक तहसील के पोस्ट ऑफिस, ब्लॉक, सर्विस सेंटर का एक अतिरिक्त केन्द्र खोले जाने के निर्देश दिए। उन्होने 5 से 18 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाए जाने के लिए स्कूल एजुकेशन के तहत सीएससी सेंटर से समन्वय कर आधार बनाए जाने के निर्देश बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए। उन्होने आंगनवाड़ी केन्द्रों में कैंप लगाकर सीएमओ के सहयोग से छोटे बच्चों से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार तिथि निर्धारित कर बनाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होने फैमिली आईडी बनाए जाने के काम में प्रगति लाने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नंगर पंचायत को दिए। डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी बनाने के काम में गति लाते हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों से प्रतिदिन फीडिंग लेते हुए इस कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी व खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

युवक गिरफ्तार

गगहा, गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को गगहा पुलिस ने कट्टा-कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जानकारी के मुताबिक, गगहा थाने का प्रभार देख रहे उप निरीक्षक रवि राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर मझगांवा-रकहट मार्ग पर परासी गांव के पास से कट्टा-कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान ओमकार नाथ यादव पुत्र स्व बिल्लू प्रसाद यादव ग्राम जीवकर थाना गगहा के रूप में हुई। युवक के विरूद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। उक्त आरोपी युवक के खिलाफ 115(2), 126(2), 351(3), 352 भादवि 3(1)घ, 3(1) द, 3(2)वी व एएससी/एसटी एक्ट के तहत पूर्व में मुकदमा दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी में उप निरीक्षक दीनबंधु प्रसाद, कांस्टेबल महेश चौबे, सोनू यादव व शुभम सिंह आदि शामिल रहे।

शान से लहराया तिरंगा, वंदे मातरम से गूंज उठा अम्बर

गोरखपुर। गणतंत्र दिवस के 76वें वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को बड़हलगंज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जगह ₹मेरी शान तिरंगा है व वंदे मातरम₹ का नारा गूंजता रहा। रविवार को बड़हलगंज के बाईपास स्थित नेताजी सुभाषचंद बोस पार्क, नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन प्रीति उमर, मुक्तिपथ स्थित शहीद स्मारक, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, दीक्षा क्लासेज, प० दीनदयाल चौक, आईडियल इंस्टीट्यूट, कावेरी देवी महाविद्यालय आदि पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही ब्लड बैंक पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने ध्वजारोहण किया। भगवती लॉज पर उनाई साहू समिति के तत्वाधान मे राजू निगम ₹चाट वालेर ने ध्वजारोहण किया।

विज्ञान प्रदर्शनी तीन फरवरी को

ललितपुर। जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब ने अवगत कराया है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब के अन्तर्गत 03 फरवरी 25 को सुबह 10 बजे जीजीआईसी में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक बोर्ड के कक्षा 09 से 12 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो सात्वना पुरस्कार के रूप में 5 हजार, 3 हजार, 2 हजार एवं 1 हजार रुपये की नकद धनराशि के साथ-साथ प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जायेगें। श्रेष्ठ 15 मॉडल मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेगें।

खेल मैदानों के निर्माण से युवा खिलाड़ियों के सपनों को मिलेगी उड़ान : विधायक

जनपद की 101 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान पूर्ण



ललितपुर। मंगलवार को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने ग्राम पंचायत धुरवारा, घिसौली, पिपरा में बन रहे खेल मैदान एवं ग्राम पंचायत छिपाई में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया और ग्राम में भ्रमण कर लोगो की समस्या सुनी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पहले ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में दम तोड़ रही थीं, गांव के युवा कभी ऊंचे स्तर तक खेल नहीं पाते थे, परंतु प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने गांव गांव में खेल मैदान की सौगात देकर युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान दी है। अब गांव के युवा खिलाड़ी अपने ही गांव में खेल प्रतिभा को निखार सकते हैं और विश्व में अपने गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में अब तक 101 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाए जा चुके हैं, जिन्हें 26 जनवरी को ही हैंडओवर किया गया है, अन्य 100 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाए जाने के लिए भूमि का चिन्हांकन कार्य कराया जा रहा है, सभी खेल मैदानों में शौचालय, चेंजिंग रूम इत्यादि बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा 70 मनरेगा पार्क बनाए जा रहे हैं, जिनमें से विकासखंड जखौरा में 20 मनरेगा पार्क का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष अनुपम चैबे, खंड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ कुमार बर्नवाल, एपीओ उमेश झां, सचिव, टीए एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लाला लाजपत राय का बलिदान राष्ट्र की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत



ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान, गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी में लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0महेश कुमार झा, उप प्राचार्य असि0 प्रो 0 रामलाल रायकवार ,कार्यक्रम संयोजिका असि0 प्रो0 डॉली बानो ने मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने बताया कि पंजाब के मोगा जिले में 28 जनवरी 1865 को ब्राह्मण परिवार में जन्मे अद्वितीय प्रतिभा के धनी लाला लाजपत राय भारत के स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्हें पंजाब केसरी भी कहा जाता है। इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी। ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से एक थे। सन-1928 में इन्होंने साइमन कमीशन के विरुद्ध एक प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गये और अन्ततः 17 नवम्बर सन-1928 को भारत के एक वीर सेनानी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने बताया कि लाला लाजपत राय ने हिन्दी में शिवाजी, श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई महापुरुषों की जीवनियाँ लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में बहुत सहयोग दिया। देश में हिन्दी लागू करने के लिये उन्होंने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था।

वैन पलटने से 12 छात्र घायल, तीन गंभीर



बांदा। जसपुरा कस्बे में पेट्रोल पंप के पास बच्चों से खचा-खच भरी ईको वैन मंगलवार को पलट गयी जिससे उसमें बैठे छात्र घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने देखा तो उन्होने तत्काल वैन से बच्चों को निकालकर जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बा जसपुरा के इंग्लिस मीडियम स्कूल सेंट बी एन पब्लिक स्कूल की ईको वैन सिकहुला गांव से दो दर्जन से अधिक बच्चों को भरकर आ रही थी। ईको वैन पेट्रोल पंप के पास निकल रहे वाहन को ओवरटेक कर आगे निकलने की कोशिश की तो वह पटल गयी। लोगों ने बच्चों का शोर सुना तो वैन से बच्चों को निकालकर अपनी गाड़ियों से ही सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनका इलाज किया गया। छात्रों के परिजनों को भी जानकारी दी गयी। जिला अस्पताल रेफर किए गये बच्चों में कार्तिक पुत्र शैलेन्द्र सिंह 12, कौशल 12, अनुज पुत्र बृजेश सिंह 10, फैजान पुत्र लल्लू 6, सुल्तान पुत्र कासिम 7 व सनाया पुत्री फहीम खान 8 शामिल हैं। बताते चलें कि पैलानी तहसील क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक मानकों के विरूद्ध इंग्लिस मीडियम स्कूल चल रहे हैं। इसी प्रकार इन विद्यालयों में चलने वाले वाहन भी मानकों को दर किनार कर 8 से 10 बच्चों की जगह 20 से 25 छात्रों को भूसे की तरह भरते हैं। इसके अलावा कई वाहन ऐसे हैं जो घरेलू गैस का उपयोग कर संचालित कर रहे हैं।

सड़क सुरक्षा के तहत छात्रों की कई प्रतियोगिताएं



बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत जनपद स्तरीय भाषण, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ। मंडलीय मास्टर ट्रेनर, समन्वयक डॉ. पीयूष मिश्रा ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इस प्रतियोगिता के नियमों से परिचित कराया। इसके बाद माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा श्रद्धा गुप्ता, द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र ओम सिंह तथा तृतीय स्थान शिवा रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खप्टिहा कला को मिला। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खप्टिहां कला के छात्र संदीप, द्वितीय राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र हर्षित श्रीवास तथा तृतीय स्थान खानकाह इंटर कॉलेज के छात्र अशरफ खान को मिला। चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा विजयलक्ष्मी पाल, द्वितीय स्थान खानकाह इंटर कॉलेज की छात्रा साफिया खातून तथा तृतीय स्थान राजकुमार इंटर कॉलेज नरैनी की छात्रा सुलेखा को मिला। डॉ पीयूष मिश्रा ने बताया कि जीते हुए प्रतिभागियों के खातों में धनराशि शीघ्र ही परिवहन विभाग भेजेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार, सड़क सुरक्षा नोडल प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज धर्मराज ने विजेता छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रमोद शुक्ला, आनंद मणि त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र द्विवेदी एवं आकांक्षा त्रिपाठी रहीं तथा विभिन्न कॉलेजों-विद्यालयों के नोडल शिक्षक- शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को मास्टर ट्रेनर ने सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई।

राष्ट्र के निर्माण में शिक्षण संस्थाओं का बहुमूल्य योगदान : एसडीएम



गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के देईडीहा स्थित शिवपूजन मौर्य सेन्ट्रल अकादमी पर रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी गोला राजू कुमार व विद्यालय निदेशक राम प्रकाश मौर्य ने ध्वजारोहण किया। तो वही विद्यालय परिवार ने एसडीएम को स्मृति चिन्ह के रूप में भारत का राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तम्भ भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम गोला ने बच्चों को गणतंत्र के महत्व को समझाया। और कहा का भारत के संविधान दुनिया में उत्कृष्ट माना जाता है। जो सभी नागरिकों को जीवन जीने के लिए मौलिक अधिकार प्रदान करती है। दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र का प्रतीक हमारा ही देश है। राष्ट्रके निर्माण में शिक्षण संस्थाओं का बहुमूल्य योगदान है। यह नन्हे मुन्ने बच्चे आने वाले कल के दिनों में विश्व के आंचल पर भारतीय मेधा का एक नया इतिहास लिखेंगे । भारत देश की आत्मा लोकतंत्र में बसती है। अध्यक्षता करते हुए विद्यालय निदेशक राम प्रकाश मौर्य ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी बच्चों को जहां भी रहे वहां राष्ट्र सेवा करते रहने की सीख दिया। विद्यालय प्रबंधक विंध्यवासिनी मौर्य व प्रधानाचार्य रवि प्रकाश, राजेश पाण्डेय, इन्द्रावती देवी, उमाशंकर मौर्य, अदिति यादव, पूजा मौर्य, श्रीनारायण मौर्य, अश्वनी तिवारी, सुधीर कुमार, सौरभ, पूजा मौर्य, रेणुका, मीना, कंचन, गरिमा, नीरा व कृष्णानथद आदि उपस्थित रहे।

बहुप्रतीक्षित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क का हुआ लोकार्पण

गोरखपुर। बड़हलगंज नगर पंचायत के हनुमान नगर वॉर्ड स्थित बहुप्रतीक्षित नेताजी सुभाषचंद बोस पार्क का गणतंत्र दिवस के दिवस लोकार्पण कर दिया गया है। गौरतलब हो कि यह पार्क कई वर्षों से बदहाल पड़ा था, जिसका लोकार्पण चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर ने किया।

रविवार को गणतंत्र दिवस की शाम चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बस स्टैंड स्थित नेताजी सुभाषचंद बोस पार्क का लोकार्पण करते हुए कहा कि लंबे समय से यह पार्क बदहाल होने के साथ ही एक अराजक के द्वारा कब्जा किया गया था। जिसे प्रशासन ने न सिर्फ कब्जामुक्त कराया बल्कि नगर पंचायत बड़हलगंज ने चेयरमैन प्रीति उमर के नेतृत्व में पार्क को नया सुंदर रुप दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़हलगंज सहित पूरे चिल्लूपार में इन दिनों विकास परियोजनाओं का उत्सव चल रहा है। हर गांव क्षेत्र ने कहीं न कहीं विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास जारी है। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि लगभग दो करोड़ की लागत से सुसज्जित हुए इस पार्क में फव्वारा, चारों तरफ रेलिंग युक्त बाउंड्री, विभिन्न तरीके की लाइट, रंगाई पुताई के साथ ही एक शौचालय भी बनाया गया है। जबकि सौ फुट ऊंची तिरंगे को पहले ही लगा दिया गया था। उन्होंने बताया कि जल्द ही पार्क में ओपन जिम की भी व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान चेयरमैन प्रीति उमर, सीओ गोला मनोज पांडेय, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष राय, ईओ राम समुख, जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, बृजेश वर्मा, डॉ ए के गुप्ता, डॉ तपन पाल, रामबेलाश यादव, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, रामबेलाश तिवारी, सभासद दीपक गौंड, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, लक्ष्मण साहनी, राजीव मिश्रा, सुनील यादव, जितेंद्र पासवान, वीरेंद्र गुप्ता, ऋषि चंद, कमलेश पटेल, सुनील सिंह, अखंड शाही, राजीव पांडेय, विनय तिवारी, हृदय शंकर सिंह, रवि कृष्ण अग्रवाल, अरविंद सिंह, गंगा सोनी, सुरेश उमर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

एंटी करप्शन टीम ने सींचपाल को रिश्वत लेते दबोचा

पट्टा आवंटन कर कब्जा दिलाने के एवज में मांगे थे चार हजार



ललितपुर। पट्टा निरस्त कर पुनः पट्टा व कब्जा दिलाने के एवज में सिंचाई खण्ड में तैनात सींचपाल द्वारा चार हजार रुपये की रिश्वत मांगी गयी। जिसकी जानकारी पीड़ित ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई को दी। सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाकर सींचपाल को तुवन चैराहा के पास से रंगे हाथों दबोच लिया। दबोचे गये सींचपाल को फिल्मी अंदाज में पुलिस पैदल ही लेकर कोतवाली सदर पहुंची, जहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सींचपाल के खिलाफ पूर्व से भी कई शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं। तहसील पाली अन्तर्गत ग्राम बगौनी के मजरा जमुनिया में रहने वाली भागवती पत्नी स्व.श्रीराम सिंह ने बताया कि उसने सिंचाई खण्ड ललितपुर में अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय जाकर 1 जुलाई 2023 से 30 जून 2028 तक की अवधि के लिए बन्दोबस्त नम्बर 243 रकवा पट्टा 2.00, भूमि का पट्टा आवंटित किया था। लेकिन 29 अगस्त 2024 को एक झूठी शिकायत के आधार पर उसके नाम से आवंटित पट्टा निरस्त कर दिया था। जिसको पुनरू पट्टा कराकर कब्जा दिलाये जाने के एवज में सिंचाई खण्ड में तैनात सींचपाल मुश्ताक अली जो कि महोबा के कुलपहाड़ अंतर्गत सतियनपुरा व हाल डेम कालोनी तालाबपुरा में रहने वाला है के द्वारा चार हजार रुपये की रिश्वत मांगी गयी। महिला का आरोप है कि रुपये न देने पर उक्त पट्टा फिर से किसी अन्य को कब्जा करा देने की धमकी भी दी गयी। आरोप है कि सींचपाल द्वारा उसे गुमराह करते हुये उक्त रुपये मांगे जा रहे थे। जिसके बाद उक्त रुपये 28 जनवरी 2025 को लेना तय किया गया। मामले की शिकायत पीड़िता द्वारा भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई में की गयी थी। शिकायत के आधार पर टीम ने तुवन चैराहा के पास जियो मार्ट के पीछे गली में शिकायतकर्ता से 4 हजार रुपये रिश्वत लेते समय करीब 12.15 बजे सींचपाल सैय्यद मुश्ताक अली को गिरफ्तार कर लिया गया। इतना ही नहीं टीम द्वारा भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले को लेकर सींचपाल के खिलाफ अभियोग दर्ज कराने के लिए कागजी कार्यवाही भी की। बताया जा रहा है कि सींचपाल सैय्यद मुश्ताक अली के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें प्राप्त हुयी थीं। सींचपाल को दबोचने वाली एण्टी करप्शन की टीम में निरीक्षक शादाब खान, निरीक्षक ठाकुर दास, राहुल कुशवाहा, इरशाद खां, ओमकार सिंह, मो.आरिफ, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, राहुल उपाध्याय, मनोज कुमार, मनोज पाल व शंकरलाल शामिल रहे।

अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में 15 मार्च तक कार्यक्रम

बांदा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में कार्यकताओं ने व्यापक तरीके से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर बीती 14 जनवरी से 15 मार्च तक पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के लिए जिले में ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा जिनके पास अटल बिहारी बाजपेयी से जुड़ी कोई स्मृति हो। मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने पत्रकारों से विकसित भारत के निर्माण के लिए उनके द्वारा किए गये महत्वपूर्ण कार्यों को याद करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृतियां अखबार की कटिंग, दस्तावेज, किताबें, आडियो,



वीडियो क्लिप के रूप में हो सकती हैं। इन स्मृतियों का संकलन कर उन्हे संरक्षित किया जाएगा।

15 फरवरी से 15 मार्च के बीच जिले में भाजपा अटल विरासत सम्मेलन आयोजित करेगी। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्धजनों, विशिष्ट व्यक्ति और अटल जी के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे साथ ही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर लिखी पुस्तकों के लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कहा कि अटल बिहारी के विचार और कार्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को एक ही मौसम में विभिन्न हिस्सों में कहीं सूखा, कहीं बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। इसको देखते हुए अटल जी का विचार था कि नदियों को एक दूसरे से जोड़ दिया जाए तो इस विभीषिका से छुटकारा मिल सकता है।

सपा की योजनाएं बंद होने से गरीब परेशान : नेपाल सिंह

ललितपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा सदर विधान सभा क्षेत्र के तालबेहट ब्लाक अंतर्गत सेक्टर बनगुवां कलां, थाना गांव, विगारी, पियासी, पठापुरा में पीडीए जन चैपाल लगाई गई। जहां सपा शासन काल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित व पिछड़े लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। गृहमंत्री की ओर से दिया गया बयान बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी निंदनीय है। कहा कि बाबा साहेब के द्वारा रचित संविधान की बदौलत दबे कुचले पिछड़े शोषित वंचित एवं आधी आबादी को न्याय और जीने का अधिकार मिला। भाजपा इन सभी से इनका हक छीनना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी में सभी का हित सुरक्षित है। वहीं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल ने कहा कि बाबा साहेब एक व्यक्ति ही नहीं विचार भी हैं। उनकी बदौलत आज देश के तमाम लोगों को न्याय मिला। तो वहीं जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा ने चैपाल को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कमजोर शोषित वंचित के लिए बाबा साहब एक भगवान के ही समान हैं। वहीं अन्य वक्ताओं ने चैपाल को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक दीमान सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

डीएम के निरीक्षण में मिली गंदगी, जतायी नाराजगी



बांदा। विकास खण्ड तिन्दवारी का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा सेल, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, लेखाकार कक्ष व अन्य पटलों के बारे में खण्ड विकास अधिकारी से स्टाफ के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए निर्देश दिये कि विकास खण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतवार कराये जा रहे कार्यों की पत्रावली तैयार कर रिकार्ड रखे जायें। डीएम जे0 रीभा ने मनरेगा कार्य में प्रगति रिपोर्ट चेक करते हुए डिमाण्ड के अनुसार जॉब कार्ड समय से बनाये जाने व कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एनआरएलएम के अन्तर्गत समूहों को क्रेडिट लिंकेज कराने व ऋण दिलाये जाने के लिए बैंको में लम्बित आवेदनों का लीड बैंक मैनेजर एवं सम्बन्धित बैंक शाखा प्रबन्धकों से संम्पर्क कर शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कलस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की ड्यूटी तिथि निर्धारित कर लगाये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने मॉडल गॉवों सहित अन्य राजस्व ग्रामों में कूडा निस्तारण के लिए आरआरसी सेन्टर के संचालन तथा निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने की जानकारी ली तथा सभी निर्माण पूर्ण कराकर आरआरसी केन्द्रों को संचालित रखने एवं अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र पंचायत राज्य निधि व 15वें वित्त आयोग के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए कार्य कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ब्लाक परिसर में खोली गयी प्रेरणा कैन्टीन के बाहर गन्दगी पाये जाने पर सफाई की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। ब्लाक मुख्यालय के बाहर सड़क के किनारे दुकान लगी होने व गन्दगी मिलने पर तत्काल हटाकर सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चोरी के माल समेत दो चोर गिरफ्तार

ललितपुर। क्षेत्राधिकारी तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा दो चोरों को बंदी बनाया गया है, जो पूर्व में चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहे थे। तालबेहट पुलिस ने प्रभान सिंह पुत्र वीर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सनसुआ थाना बार जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया, उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई चांदी के जेवरात बरामद किये जिनमें चूडियां एवं कड़े शामिल हैं। वहीं चोरी के दूसरे मामले में तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट में पंजीकृत चोरी के मुकदमे में वांछित छोटू ढीमर पुत्र लल्लू उम्र करीब 31 वर्ष नि0 ग्राम तरगुंवा थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को बंदी बनाया। जो खेतों से पाइपएवं स्प्रिंकलर चोरी कर ले गया था। इस माल को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

झूलते हाईटेंशन तारों के साये में चल रहा सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भाऊपुर में स्थित सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल हाई टेंशन तार के साये में वर्षों से चल रहा है। कभी भी यह हाइटेंशन विद्युत तार बच्चों के जीवन का खतरा बन सकता है। लेकिन सब कुछ जानते हुए भी स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। बताते चलें कि इस विद्यालय के ठीक उपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार विद्यालय के विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा पर भारी खतरा पैदा कर दिया है। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि समय रहते यदि इस समस्या का समाधान नहीं होता है ,तो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि हाईटेंशन तार के नीचे इस विद्यालय की स्थापना कैसे की गई ।यह एक प्रश्नचिन्ह है ।लोगों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन तथा संबंधित विभाग की अनदेखी इस गंभीर स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। यहां न केवल सुरक्षा मानकों का उलंघन है, वल्कि सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाने जैसा है। जैसा कि सरकार का निर्देश है कि कोई भी भवन या संस्था हाईटेंशन तार के नीचे स्थापित न किया जाए। लोगों का कहना है कि कुछ दिनों पहले क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत भी हो चुकी है। फिर भी प्रशासन तथा संबंधित विभाग इस पर कोई पहल नहीं कर रहा है ।जो लोगों के सामने अपने बच्चों के सुरक्षा को लेकर एक प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। लोगों ने प्रशासन से उक्त विद्यालय को हाईटेंशन तार के नीचे से अन्यत्र दूर स्थानांतरित करने की मांग किया है। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग सुनील कुमार ने बताया कि हाईटेंशन तार के नीचे कोई भी इमारत बनवाया गलत है ।मामले की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उभरते क्षेत्रों का नियमन

साइंस एवं टेक्नोलॉजी के इस युग में जिस तरह सामाजिक और आर्थिक जीवन में बदलाव आ रहे हैं, उनके मुताबिक प्रगतिशील प्रशासनिक नीतियां बनाना, नये व्यवसायों का नियमन करना और उभरते व्यापार और आडियॉज को प्रोत्साहित कर उसमें अधिक से अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक रूप से वैधानिक नियमन, नियोजन, प्रोत्साहन और कारोबारी इको-सिस्टम विकसित करने की जरूरत है। इस संदर्भ में ई-कॉमर्स के नियमन के लिए किये जा रहे प्रयास उचित हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने हाल में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए दिशानिदेर्शों का मसौदा जारी किया है। बीआईएस का यह कदम स्वागत योग्य है और ऐसे समय में उठाया गया है जब देश में ऑनलाइन खरीदारी बहुत तेज रफ्तार से बढ़ रही है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों की चिंता दूर करना है। इन नीतियों एवं नियम-कायदों को तैयार करने में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की भूमिका रही है। मगर कहीं न कहीं इनसे विरोधाभासी संकेत भी उभरे हैं। इसका कारण यह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय फिलहाल ई-कॉमर्स नीति तैयार करने में जुटा है। हालांकि इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस तरह, जब तक एक व्यापक नीति बनकर तैयार नहीं हो जाती तब तक बीआईएस द्वारा तैयार दिशानिर्देशों का भी कोई विशेष मतलब नहीं रह जाएगा। बीआईएस एक स्वायत्त संस्था है जो उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन काम करती है। ई-कॉमर्स नीति शीघ्र आ आए तो इन दिशानिर्देशों में अधिक पारदर्शिता और प्रासांगिकता आयेगी। मसौदा दिशानिर्देशों पर ई-कॉमर्स उद्योग को फरवरी के मध्य तक अपनी प्रतिक्रिया देनी है। पिछले कई वर्षों के दौरान विभिन्न कारोबारी प्रारूप सामने आये हैं। किसी बड़ी ऑनलाइन कंपनी या मार्केटप्लेस के काम करने का तरीका फूड डिलिवरी कंपनी से अलग होता है। यहां उपभोक्ताओं की हितों की रक्षा करने के साथ ही छोड़े उद्यमों, छोटे व्यापारियों के साथ घरेलू उद्यमों के प्रति ई-कॉमर्स क्षेत्र को और अधिक व्यवहारिक बनाने की जरूरत है। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार 137 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। देश के ई-कॉमर्स बाजार के 2025 और 2030 के बीच 20 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से भी अधिक तेजी से अपना आकार बढ़ाने का अनुमान है। बीआईएस ने स्व-संचालन के लिए मसौदा दिशानिर्देश तैयार करते वक्त इस वृद्धि दर को ध्यान में रखा है। बीआईएस ने इस प्रक्रिया में उपभोक्ता सुरक्षा एवं विश्वास की राह में पैदा होने वाली चुनौतियों का हवाला दिया है। इस मसौदे में तीन चरणों वाला दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। इनमें प्री-ट्रांजैक्शन अनुबंध से संबंधित जानकारी और पोस्ट ट्रांजैक्शन चरण शामिल किए गये हैं। प्रत्येक चरण में ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वृहद अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करना जरूरी होगा। इनमें कारोबारी साझेदार या विक्रेताओं से संबंधित जानकारियों (केवाईसी) की जांच करने, उत्पाद सूचीबद्धता, विक्रेता के संपर्क सूत्र की जानकारी, सभी हितधारकों के लिए कारोबार के समान अवसर सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। जिन कदमों के प्रस्ताव दिए गए हैं उनमें मदद या निर्देश के लिए सीधे संवाद की सुविधा बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए फायदेमंद होंगे। मगर उत्पादों के लेबल पर कार्बन उत्सर्जन से जुड़ी जानकारियां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के नाम का जिक्र करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वैसे देश में ई-कॉमर्स बाजार अब भी खुदरा क्षेत्र के मात्र एक छोटे हिस्से के बराबर है। पिछले साल देश में खुदरा क्षेत्र 950 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए कारोबार करने की अपार संभावनाएं हैं, खासकर इंटरनेट और स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुंच से इस क्षेत्र के लिए उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र में नियामकीय हस्तक्षेप होना जरूरी लेकिन यह व्यपार में सहयोगी और नरम होना चाहिए ताकि कारोबार करने वाली इकाइयों को अनुपालन से जुड़े अधिक झमेलों में नहीं फंसना पड़े। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों ओर छोटे कारोबारियों के हितों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।



ई कॉमर्स का नियमन जरूरी है लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि नियमों और कानूनों का नाकारात्मक असर इस उभरते हुए व्यापार पर न पड़े।

यूसीसी से लिविंग रिलेशनशिप को मिली वैधता

डॉ. अनिता राठौर

हालांकि उत्तराखंड में गुजरी 27 जनवरी 2025 से लागू हुआ यूनिफॉर्म सिविल कोड कानूनी से ज्यादा एक राजनीतिक फैसला है, लेकिन इस फैसले से अब लिविंग रिलेशनशिप जैसे संबंधों का दुरुपयोग नहीं होगा, क्योंकि उत्तराखंड में अब हर लिविंग में रहने वाले जोड़े को एक माह के भीतर अपने आपका अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। लिविंग में आने के एक महीने के भीतर अगर यह पंजीकरण नहीं कराया गया तो न्यायिक मजिस्ट्रेट दोषी को तीन माह के कारावास की सजा या 10 हजार रुपये का जुर्माना या फिर दोनों सजा सुना सकते हैं। क्योंकि यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू होने के बाद लिविंग रिलेशनशिप की व्याख्या पूरी तरह से बदल गई है। इस बदली हुई व्याख्या के अनुसार लिविंग के दोनों साथियों में से कोई भी इस रिश्ते को जब चाहे खत्म कर सकता है, लेकिन उसे इसकी सूचना भी सबरजिस्ट्रार को देनी होगी। कुल मिलाकर अगर देखें तो यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिविंग रिलेशनशिप पूरी तरह से परिभाषित हो चुका है। लिविंग रिलेशनशिप को लंबे समय से एक कानूनी दायरे की जरूरत थी। हालांकि अभी तक वैधानिक रूप से यह सिर्फ उत्तराखंड की भौगोलिक सीमाओं के भीतर ही कानूनी रूप में आया है, लेकिन जल्द ही यह देश के दूसरे हिस्सों में भी वैधता हासिल करेगा। इसकी लंबे समय से जरूरत भी महसूस की जा रही थी, क्योंकि लिविंग रिलेशनशिप एक सामाजिक व्यवस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है। भारतीय समाज में विवाह की संस्था को बहुत महत्व दिया जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ ऐसे रिश्तों की संख्या बढ़ी है, जिनमें लोग विवाह के बंधन में बंधे बिना यानी लिविंग रिलेशनशिप में रहना पसंद कर रहे हैं। हालांकि भावनात्मक रूप से ऐसे लोग हमेशा शुरूआत में यही दलील देते हैं कि उन्हें आपस में एक दूसरे पर अटूट भरोसा है, लेकिन अब तक एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों मर्तबा ऐसी स्थितियां सामने आयी हैं, जब इस रिश्ते को कानूनी दायरे में लाने की बार बार जरूरत महसूस हुई है।

> उत्तराखंड में लागू हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत जिस तरह से लिविंग रिलेशनशिप को रखा गया है, उसका हर तरफ स्वागत हुआ है। लिविंग रिलेशनशिप को यूसीसी के तहत कानूनी दायरे में लाया जाना इस बात का संकेत भी है कि भारतीय न्यायपालिका और विधायिका सामाजिक बदलावों के साथ खुद को ढालने का प्रयास कर रही हैं।



उत्तराखंड में यूसीसी

मसलन सुप्रीम कोर्ट ने साल 2010 में डी. वेलुसामी बनाम डी. पद्मालथी के मामले में कहा था कि लंबे समय तक साथ रहने वाले जोड़ों को पारिवारिक संबंध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य दरअसल लिविंग रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा देना था। लेकिन स्पष्ट रूप से इस संबंध में कानूनन व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति स्पष्ट नहीं थी। अब जबकि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो चुकी है, तो महिलाओं को इसके चलते लिविंग में रहते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा मिलेगी।

ऐसा ही एक मामला वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। इस संबंध में भी साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट के सामने लिविंग रिलेशनशिप का एक मामला आया था, जब इंदिरा सरमा बनाम वीकेवी सरमा का मामला सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचा था और इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा का अधिकार है। यह घरेलू हिंसा के साथ साथ वित्तीय सुरक्षा का भी मामला था। ऐसे ही एक तीसरे मामले में तुगराम बनाम सीताराम (2011) का मामला राजस्थान हाईकोर्ट के सामने आया था, जब राजस्थान हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया था कि लिविंग रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को संपत्ति पर हक दिया जा सकता है। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के बच्चों को अवैध नहीं माना जा सकता। अतः इन बच्चों को अपने माता-पिता की संपत्ति पर अधिकार होगा बशर्ते यह साबित हो सके कि उनके माता पिता लंबे समय तक लिविंग रिलेशनशिप में रहे, जो कि विवाह जैसा ही एक संबंध माना जा सकता है। वास्तव में यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार और गरिमा को सुनिश्चित करता है। यह बच्चों के हितों को प्राथमिकता देने पर भी जोर देता है, क्योंकि वे किसी भी प्रकार के सामाजिक या कानूनी भेदभाव के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकते। इस तरह देखा जाए तो अलग अलग अदालतें दशकों से लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाने या बांधने की कोशिश करती रही हैं, मगर इसके लिए कोई व्यवस्थित कानूनी जामा नहीं था। उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड अब ऐसे मामलों में लिए व्यवस्थित कवच है। जिस तरह से हाल के दशकों में बार बार लिविंग रिलेशनशिप संबंधी विवाद पुलिस और अदालतों के सामने आते रहे हैं, उसे देखते हुए उत्तराखंड में लागू समान नागरिकता संहिता में इस मामले को बहुत व्यवस्थित ढंग से डील किया गया है। 27 जनवरी 2025 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में इसके लागू होने घोषणा करने के साथ ही अब लिविंग रिलेशनशिप जैसा मामला पूरे देश के लिए एक व्यवस्थित कानूनी दायरे में आ गया है। क्योंकि उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के तहत कई तरह के ऐसे प्रावधान किये गये हैं, जिसमें लिविंग रिलेशनशिप में रह रहे युवाओं के लिए एक व्यवस्थित आचार संहिता निर्मित की गई है। इस आचार संहिता में लिविंग में रहे यहे युवाओं के लिए स्पष्ट नियम इसलिए बनाये गये हैं ताकि इस आजादी का वह दुरुपयोग न कर सकें। इसीलिए अब लिविंग रिलेशनशिप के तहत एक साथ रहना शुरू करने के एक माह के भीतर ऐसे कपल्स को अपनी फोटो व जरूरी डॉक्यूमेंट देकर इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और रजिस्ट्रेशन कराकर सर्टिफिकेट हासिल करना होगा। इसका उद्देश्य यही है कि लिविंग में रहने वाले कपल एक दूसरे को आसानी से धोखा देने की कोशिश न करें। लेकिन एक सवाल ये है कि अगर कोई कपल लिविंग में रह रहा है और कुछ दिनों बाद उनके ब्रेकअप हो जाता है, तो क्या उन्हें इसकी भी जानकारी देनी होगी? उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के प्रावधान के तहत कपल को अपने बीच ब्रेकअप होने की जानकारी भी रजिस्ट्रार को देनी होगी ताकि अगर रिलेशनशिप में रहते हुए उस कपल को कोई बच्चा पैदा होता है तो उस बच्चे की मां अपने लिविंग पार्टनर से महिला गुजाराभत्ते की मांग कर सके।

कुल मिलाकर उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत जिस तरह से लिविंग रिलेशनशिप को रखा गया है, उसका हर तरफ स्वागत हुआ है। लिविंग रिलेशनशिप को यूसीसी के तहत कानूनी दायरे में लाया जाना इस बात का संकेत भी है कि भारतीय न्यायपालिका और विधायिका सामाजिक बदलावों के साथ खुद को ढालने का प्रयास कर रही हैं। पिछले कुछ सालों में जिस तेजी से लिविंग रिलेशनशिप के दौरान आपराधिक घटनाएं बढ़ी थीं, उसके कारण इस लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाना जरूरी था। मगर समाज का एक ऐसा वर्ग है जो इस रिश्ते को कानूनी जामा पहनाने का विरोध कर रहा है। शायद इस विरोध की वजह यह है कि इस वर्ग को लगता है कि अब उसे इस रिश्ते के चलते मनमानी करने के मौके कम मिलेंगे या वे लोग पहले से ही इस रिश्ते को लेकर अपने मन के अंदर कोई चोर भावना रखते हैं वर्ना यह तो एक ऐसी न्यायिक व्यवस्था है, जिसका सम्मान हर किसी को करना चाहिए।

सोशल मीडिया


महू की ऐतिहासिक धरती से आज दलितों, वंचितों, आदिवासियों, शोषितों की बुलंद आवाज उठी है, यह गरीबों के अधिकारों को छीनने की हर साजिश के खिलाफ उठी है। रणदीप सुरजेवाला.


जिस पार्टी और जिस व्यक्ति ने पिछले दस वर्षों में दिल्ली की जनता को प्यासा तड़पने के लिए छोड़ा है, उस पार्टी को वोट के लिए जनता तरसा देगी। सीएम योगी.


प्रधानमंत्री जी, अमीरों के करोड़ों के लोन माफ करने की जगह देश के किसानों और मिडिल क्लास के लोन माफ किये जायें, मिडिल क्लास पर टैक्स बोझ कम हों। संजय सिंह.

श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा


महाकुंभ

एन.के.अरोड़ा

प्रयागराज में चल रहे मौजूदा महाकुंभ में देश-विदेश के भक्तों और श्रद्धालुओं का ध्यान सबसे ज्यादा नागा और किन्नर साधु खींच रहे हैं। नागा साधु जहां विभिन्न शैव अखाड़ों का हिस्सा होते हैं, वहीं किन्नर संत पहली बार एक मान्यता प्राप्त अखाड़े के रूप में प्रयागराज महाकुंभ में शामिल हुए हैं। हालांकि वह इसके पहले 2021 में हरिद्वार में और उसके पहले नासिक कुंभ में भी भागीदारी कर चुके हैं, लेकिन पहली बार अपने एक स्वतंत्र अखाड़े के संतों के रूप में किन्नर साधुओं ने प्रयागराज में शाही स्नान किया है और इस घटना से रूबरू होने के लिए किन्नर साधुओं के रास्ते में दोनों तरफ लाखों लोगों की भीड़ खड़ी थी, जो उनका जय जयकार कर रही थी और उन पर फूल बरसा रही थी। इस बार के पहले शाही स्नान के दौरान महाकुंभ में किन्नर साधुओं को देखकर आम श्रद्धालु इस कदर रोमांचित थे कि हजारों की तादाद में पुलिस फोर्स के लगे होने के बावजूद वे अपनी जान जोखिम में डालकर किन्नर साधुओं के रथों के पीछे दौड़ रहे थे और उनके पैर छूने को बेताब थे। किन्नर साधु जैसे ही संगम तट पर शाही स्नान के लिए पहुंचे, लोग रोमांच से जय जयकार करने लगे।

जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े संत शाही रथों और बग्घियों पर सवार होकर अमृत स्नान के लिए पहुंचे थे। किन्नर अखाड़े ने श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ अमृत स्नान में हिस्सा लिया। राजशाही तरीके से सुज्जित रथों में स्नान करके लौटते हुए किन्नर संतों ने भाव विह्वल हुए श्रद्धालुओं को निराश भी नहीं किया, उन्होंने भक्तों के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। जबकि दूसरे साधु आमतौर पर भक्तों के प्रति इतने दयालु नहीं होते। लेकिन शायद इन्हीं और संतों के प्रति आम भक्त इतने आसक्त भी नहीं होते, जिस तरह किन्नर संतों के प्रति लोगों की भाव विह्वलता देखने को मिली। शायद भारतीय समाज में यह बहुत गहरे तक विश्वास बना हुआ है कि किन्नर बहुत पवित्र आत्मा होते हैं। यही वजह है कि आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में जब किन्नर अखाड़े के साधु, संत संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया, तो समूचे महाकुंभ क्षेत्र में जय जयकार होने लगी और एक खास तरह की ऊर्जा से पूरा कुंभ क्षेत्र चार्ज हो गया। हर हर महादेव का जयघोष करते जब किन्नर अखाड़े के संत पारंपरिक शस्त्रों का लयपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तो उनकी गरिमा और शौर्य का उल्लास देखते बनता था। किन्नर अखाड़े के साधुओं ने अमृत स्नान के अवसर पर हर भारतवासी के लिए सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उनके मुताबिक महाकुंभ का यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का आयोजन भी है। हर हर महादेव के नारों के बीच किन्नर अखाड़े ने भारतीय संस्कृति का एक ऐसा समरस रूप प्रस्तुत किया है, जो किसी और देश में किन्नरों को इतनी ऊंची सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में शायद ही स्वीकार हो।

किन्नर अखाड़े की स्थापना 2015 में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने की थी, यह अखाड़ा उत्तराखंड के हरिद्वार में है। यह भारत में संतों के 13 अखाड़ों से अलग है, जो अखाड़े सदियों से मौजूद हैं। किन्नर अखाड़ा दरअसल ट्रांसजेंडर समुदाय का आध्यात्मिक मंच है। इसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सनातन धर्म और सनातन परंपरा के अनुसार आध्यात्मिक और धार्मिक नेतृत्व की भूमिका में शामिल किया जाता है। ट्रांसजेंडर अखाड़े में दूसरे अखाड़ों की तरह ही किन्नर महामंडलेश्वर, साध्वी और गुरुओं की परंपरा स्थापित की गई है। ये तकनीकी रूप से पहली बार 2019 के कुंभ मेला में शामिल हुए थे, क्योंकि इसके पहले तक किन्नर समुदाय विधि-विधान से उच्च धार्मिक परंपराओं में शामिल नहीं होते थे। साल 2021 के हरिद्वार कुंभ में किन्नर अखाड़े ने अपनी परंपरा और आध्यात्म के प्रचार प्रसार में मजबूती दिखायी और जब 2025 में लोगों ने प्रयागराज में इनकी पूर्ण मौजूदगी देखी तो अभिभूत हो गये। क्योंकि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में किन्नरों का विशेष स्थान है। रामायण और महाभारत जैसे महान हिंदू धार्मिक ग्रंथों में किन्नरों का महत्वपूर्ण उल्लेख मिलता है। बाद में आधुनिक समाज ने इनकी पहचान को हाशिये पर धकेल दिया था। मगर आजाद भारत में एक बार फिर से किन्नर सनातन धर्म परंपरा की समरस संस्कृति का मजबूत हिस्सा हैं।

परमात्मा का संदेश

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

अंतर्दृष्टि

विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
-गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
-हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
-स्वामी विवेकानन्द.

एक चिंतन पुरस्कार के लिए

व्यंग्यलोक

जब से फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों के लिए पचास हजारी पुरस्कार की घोषणा की है, तब से लिखने-पढ़ने से संन्यास ले चुके लोग भी अपनी कलम-कूँची को झाड़-पोंछकर लिखने के उपक्रम में लगे हैं। एक मोटी राशि ने उनका साहित्यकार जगा दिया है तथा आम आदमी, सर्वहारा का दर्द तथा प्रगतिवादी चेतना को भूलकर अर्थवादी जाल में फँसे दिखाई देने लगे हैं। वैसे साहित्यकार कह यही रहे हैं कि वे इस सेठिया पुरस्कार को नहीं लेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे लेने के पूरे जोड़-तोड़ बैठा रहे हैं। फाउण्डेशन के इस पुरस्कार से राज्य अकादमी के पुरस्कारों का महत्त्व अपने आप घट गया है, क्योंकि पुरस्कार प्रतिभा के नहीं, आर्थिक चेतना पर केन्द्रित हो गये हैं। इधर फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों को अपने यहाँ से दूसरे साहित्यकार का नाम पुरस्कार के लिए भेजने के प्रस्ताव-पत्र भेजे, उधर हर साहित्यकार के मन में एक विचार ने अंगड़ाई ली कि, 'क्यों नहीं मैं ही ले लूँ?' इस तर्ज पर सबने अपने पास आये प्रस्ताव-पत्रों पर अपना ही नाम प्रस्तावित कर भिजवा दिया। किसी-किसी ने यह सावधानी बरती कि प्रस्ताव दूसरों के नाम से भिजवाये। यह धारणा साहित्यकारों में पुष्ट होती जा रही है कि दूसरा उनके लिए कुछ नहीं करेगा। जो कुछ करना है स्वयं उनको करना है, इसलिए वे पुरस्कार के लिए अपने आप मिलने की इंतजार में नहीं हैं अपितु वे स्वयं इसके लिए प्रयत्नशील हो गये हैं। सबसे बड़ी समस्या फाउण्डेशन के सामने यह खड़ी हो गयी है कि वह पुरस्कार किसे दे? राज्य के सभी तीन सौ साहित्यकारों ने अपने-अपने नाम भिजवा दिये हैं। इसलिए सर्वसम्मत निर्णय जटिल हो गया है। सबने अपने नाम भेजे हैं, इसलिए केवल प्रस्तावों के आधार पर तो निर्णायक हल निकाल पाना मुश्किल है।


पूरन सरमा

इधर हर साहित्यकार का मन इस बात के लिए आशान्वित है कि उसे तैयार रहना चाहिए, पता नहीं उसे ही पचास हजार का पुरस्कार मिल जाये। कई एक साहित्यकारों को इस बात की पीड़ा है कि चाहे किसी 'ऐरे गैरे नत्थू खैरे' को पुरस्कार मिल जाये लेकिन, मुझे नहीं मिलना चाहिए। इसके लिए वे भाँति-भाँति के उपाय कर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा खतरा मुझसे है। हालाँकि मुझ में ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे अनेक साहित्यिक लाभ सहज ही मिलते गये हैं अतः उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि यह भी कहीं मुझे ही न मिल जाये। इसके लिए वे जाली नामों से मेरे खिलाफ वहाँ वातावरण खराब कर रहे हैं। शायद फाउण्डेशन ने तो यह सोचा भी नहीं होगा कि उसे ये दिन भी देखने पड़ेंगे। लेकिन होनी को कौन टाले? सिवाय ऊलजलूल पत्र आने के, फाउण्डेशन में कोई रचनात्मक डाक आती ही नहीं। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप भरे पत्र आते रहते हैं। इसको देखते हुए यह भी लगता है कि कहीं पुरस्कार को बन्द करने का निर्णय न लेना पड़े।

आपकी बात

मरीजों का हो बेहतर इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है।

अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.

नक्सलवाद पर प्रहार

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। दरअसल नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों पर अति सतर्कता की जरूरत है।

धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.

संक्षेप

भेजी गईं रू. 17.714 लाख की सहायता राशि

बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 56 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 17 लाख 71 हजार 400 सम्बन्धित के बैंक खातों में हस्तान्तरित की गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 02 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 13,000=00, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 10 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 58,000=00, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 07 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 42,000=00, तहसील महसी अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 80,000=00 तथा तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 4,000=00 इस प्रकार कुल 36 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 01 लाख 97 हजार की धनराशि 23 जनवरी 2025 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में अन्य आपदा अन्तर्गत 05 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,29,400=00, तहसील महसी अन्तर्गत 06 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,12,500=00, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 02 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 8,000=00, तहसील नानपारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 12,000=00 तथा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,12,500=00 कुल 20 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 15 लाख 74 हजार 400 की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 24 जनवरी 2025 को हस्तान्तरित की गई है।

डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच । बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विकास भवन परिसर का निरीक्षण कर कराये जा रहे सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्याकरण कार्य का जायजा लिया तथा परिसर में स्थित पुराने एवं निष्प्रयोज्य भवनों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मौनी अमावस्या स्नान के लिए अयोध्या में उमड़ा जनसैलाब

- हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़
- राममंदिर ट्रस्ट की अपील- आस पड़ोस के भक्त 15-20 दिन बाद आयें



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। मंगलवार होने के चलते हनुमानगढ़ी में दो किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही कुछ इसी तरह का दृश्य राम जन्मभूमि में भी रहा, रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को रामलला के दरबार में 3.55 लाख भक्तों ने हाजिरी लगाई। दो दिनों के भीतर रामलला के दरबार में छह लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य महापर्व है। मंगलवार की देर शाम से ही लग रही है पर उदया तिथि में यह स्नान 29 को भोर से पूरे दिन चलेगा। इसके लिए भक्तों का रेला है। इस बीच आज भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे रहे हैं। वहीं अयोध्या में प्रयागराज महाकुंभ के प्रारंभ होने के साथ ही उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने आस-पड़ोस के जिलों में रहने वाले लोगों से 15-20 दिन बाद आकर दर्शन करने की अपील की है।

ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय की तरफ से की गई अपील में कहा गया है कि पिछले तीन दिनों से अयोध्या जी में श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।अयोध्या धाम की जनसंख्या एवं आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है और इसी कारण भक्तों को परेशानी हो रही है। परिणाम स्वरूप किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए आवश्यक हो गया है कि व्यवस्थाओं में उपयुक्त परिवर्तन किए जाएं। भक्तों को अधिक पैदल भी चलना पड़ रहा है। हमारा यह निवेदन है कि पास-पड़ोस के भक्तजन 15-20 दिन के पश्चात दर्शन करने हेतु अयोध्या जी पधारें ताकि बहुत दूर से आने वाले भक्त अभी सुविधा से प्रभु के दर्शन कर सकें। इससे सभी को सुविधा होगी। वसंत पंचमी के बाद फरवरी मास में काफी राहत रहेगी तथा मौसम भी अच्छा हो जाएगा। आसपास के भक्त यदि तब का कार्यक्रम बनाएं तो श्रेष्ठ रहेगा। इस निवेदन पर अवश्य विचार करें। इसी तरह जिले में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सभी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। सीएमओ ने जिला स्तरीय अस्पतालों में इलाज के बेहतर इंतजाम करने, वार्ड आरक्षित रखने के अलावा हर समय विशेषज्ञों की उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। इसका असर भी अस्पतालों में मंगलवार को देखा गया है।

महाकुंभ स्नान के बाद श्रद्धालुओं का जत्था रामनगरी पहुंच रहा है। जिले के सभी होटल, लॉज, धर्मशाला, गेस्ट हाउस आदि फुल चल रहे हैं। विभिन्न ट्रेनों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती अहम है। मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पतालों के अलावा उपचार केंद्र बनाए गए हैं, जो कि नाकाफी प्रतीत हो रहे हैं। सोमवार को दो श्रद्धालुओं की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा और अलर्ट हुआ है।प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर, जिला अस्पताल, राजकीय श्रीराम चिकित्सालय, 100 बेड अस्पताल कुमारगंज के अलावा सभी सीएचसी-पीएचसी को भी अलर्ट किया है। जारी पत्र में उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में आकस्मिक सेवाएं दुरुस्त रखें। पर्याप्त चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई जाए। अपरिहार्य कारणों के अलावा किसी को भी छुट्टियां न दी जाएं। एंबुलेंस सेवाएं क्रियाशील रहें। पर्याप्त मात्रा में सभी इकाईयों पर दवाएं व चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता रहे। पैथोलॉजी सेवाएं भी क्रियाशील रहें। किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अनुपालन में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में भी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद दिखीं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि सभी चिकित्सक व स्टाफनर्सों के साथ बैठक करके इलाज के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। पुरानी बिल्डिंग में 20 बेड का अलग वार्ड आरक्षित किया गया है। इसे तमाम आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। ट्रामा सेंटर को भी अलर्ट किया गया है।

सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के कांटा का हुआ सत्यापन

सोहावल-अयोध्या। साल भर राशन कार्ड धारकों को अपने कांटे से राशन वितरित करने वाले कोटेदारों का कांटा सत्यापन में फेल निकला। इसमें की गई गड़बड़ी के कारण ज्यादातर तौल कांटों में 15 से लेकर 45 ग्राम तक कम तौल करने की कमी पाई गई जिसे ठीक कर वापस करने में कांटा निमार्ता कंपनी के इंजीनियर और बांट माप विभाग को पसीना आता रहा। शासन के निर्देश पर आपूर्ति विभाग से जुड़े गांव के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने वाले कोटेदारों का कांटा सत्यापन करने का काम मंगलवार को शुरू हुआ कुल 165 कोटेदारों में पहले दिन मसौधा ब्लाक के 92 कोटेदारों को अपने कांटे के सहित तहसील के विभागीय कार्यालय पर बुलाया गया। दोपहर बाद बांट माप विभाग के निरीक्षक की टीम के साथ कांटा निमार्ता कंपनी के जिला इंजीनियर मौके पर पहुंचे और उनकी जांच शुरू हुई तो ज्यादातर कांटों में गड़बड़ी सामने आई।

जुए के अड्डे पर छापा, 15 जुआरी गिरफ्तार

- पौने तीन लाख रुपये व तमंचा कारतूस, बाइकें मोबाइल बरामद
- एसएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रूपए इनाम दिए



इटावा। कोतवाली पुलिस ने मुहल्ला रानीबाग में एक जुए की अड्डी पर छापा मारकर लगभग पौने तीन लाख रूपए तमंचा कारतूस मोटर साइकिलें व मोबाइलों सहित 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह व एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शास्त्री चैराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी सूचना मिली कि जर्मन मील के पीछे विनायकनगर रानीबाग में महेन्द्र राजपूत की बंद पड़ी बेकरी के अन्दर काफी लोग जुआं खेल रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये 15 व्यक्तियों को बेकरी के अन्दर से सुबह गिरफ्तार किया। बरामद स्कूटी व मोटर साइकिलों को एमवी एक्ट की धारा में सीज किया। जुआरियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 15 हजार रूपए इनाम दिए। पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा, उ.नि. नागेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस, कोतवाल प्रभारी विक्रम सिंह, उ.नि. सोमवीर सिंह, उ.नि. सौरभ सिंह, संजय सिंह पीआरओ एसएसपी, उ.नि. यशोदा रानी रहे। पकड़े गए जुआरियों में महेन्द्र राजपूत पुत्र प्रभुचरन निवासी विनायकनगर रानीबाग थाना कोतवाली, राहुल कश्यप पुत्र रामदास कश्यप निवासी केशवकुंज ममता प्रेस वाली गली थाना कोतवाली, अनमोल पोरवाल पुत्र प्रमोद कुमार पोरवाल निवासी मयूर प्रेस वाली गली हरी निकुंज नौरंगाबाद थाना कोतवाली, मो. हुसैन पुत्र फकरुद्दीन निवासी कटरा बल सिंह थाना कोतवाली, जनपद अर्जुन गुप्ता पुत्र विशम्भर दयाल गुप्ता निवासी पेंच मड़ैया थाना कोतवाली, महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र प्रभुदयाल निवासी धनुपुर थाना अयाना जनपद औरैया, मंजेश दोहरे पुत्र नर्सिंग दोहरे निवासी भौनकपुर थाना फफूंद जनपद औरैया, अमित तिवारी पुत्र शशिमोहन तिवारी निवासी छिपैटी थाना कोतवाली, जय सिंह चैहान पुत्र ब्रम्हपाल सिंह निवासी घटिया अजमतअली थाना कोतवाली, रवि यादव पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी घटिया अजमतअली थाना कोतवाली, आकाश राजपूत पुत्र जवाहरलाल निवासी जैन मंदिर के पास लोधी मोहल्ला थाना कोतवाली, मो. रिजवान पुत्र कमरुद्दीन निवासी विशुनबाग गाड़ीपुरा थाना कोतवाली, मो. सनी पुत्र मो. हबीब निवासी अकालगंज थाना कोतवाली, कुलदीप राठौर पुत्र वीरभान सिंह निवासी अकालगंज थाना कोतवाली, गोरेलाल वर्मा पुत्र सदगुरुशरण निवासी तलैया मैदान पूरविया टोला थाना कोतवाली आदि शामिल है।

सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे



बाराबंकी। विकासखंड परिसर फतेहपुर में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कुल 67 दिव्यांगो मे 60 ट्राई साइकिल, 7 व्हीलचेयर एवं 6 जोड़ी बैसाखी वितरण किये। कार्यक्रम मे खंड विकास अधिकारी फतेहपुर संतोष सिंह ने विकासखंड से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खान ने विभाग से संबंधित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक सियाराम, श्रीकांत वर्मा, सौरभ वर्मा, पंकज कुमार मौजूद रहे।

बिना परमिट-फिटनेस, बकाया टैक्स के 1 वाहन सीज



बाराबंकी। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एंव वाहन चालकों को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज प्रवर्तन टीम ने ओवरलोड़िग, बकाया टैक्स, बिना परमिट-फिटनेस, रागं साइड, नो पार्किंग, ड्रंक एण्ड ड्राइव के विरुद्ध वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट-सीटबेल्ट एंव मोबाइल फोन पर बात कर वाहन चलाने वाले चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाते हुये सख्त चेतावनी भी दी गई। आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने पल्हरी एंव चैपुला चैराहो पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के 15 चालान किये। तथा नियमो के पालन करने की शपथ दिलाई। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने बिना परमिट-फिटनेस, बकाया टैक्स के 1 वाहन को सीज व राग साइड, नो पार्किंग के 12 चालान किये। इस दौरान पीटीओ ने चालको को शराब पीकर वाहन न चलाने को लेकर जागरुक भी किया। तथा ड्रंक एण्ड ड्राइव मिलने पर ड्राइविंग लाइसेन्स निरस्त किये जाने की चेतावनी भी दी।

श्री बर्फानी महादेव महादेव सेवा समिति पदाधिकारियों को प्रशास्ति पत्र देकर किया सम्मानित



बाराबंकी। श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा ऑगेनाइजेशन सायबो की अध्यक्ष राजन कपूर की अध्यक्षता मे श्री अमरनाथ यात्रा में लंगर लगाने वाली सभी कमेटियों को जम्मू एण्ड कश्मीर महामहिम राज्यपाल मनोज सिंन्हा द्वारा लंगर लगाने वाले सेवादारो को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्बन्ध मे श्री बफार्नीश्वर महादेव सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि श्री अमरनाथ यात्रा में सबसे उँचाई पर केलनार नामक स्थान पर लगने वाले लंगर श्री बफार्नीश्वर महादेव सेवा समिति पदाधिकारियो को महामहिम राज्यपाल द्वारा हस्तातरित प्रशास्ति पत्र माता वैष्णो देवी साइन बोर्ड सदस्य के0 के0 शर्मा ने समिति सदस्य सुनील राठौर, अमित कश्यप को देकर सम्मानित किया।

31 से केडी सिह बाबू स्टेडियम मे शुरू होगा हाकी टूर्नामेंट

बाराबंकी। के0डी सिंह बाबू स्टेडियम मे आगामी 31 जनवरी से 2 फरवरी तक हॉकी टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसमे जनपद के हाकी खिलाडी प्रतिभाग करेंगे। टूर्नामेंट के आयोजन सचिव अभिषेक सिंह ने बताया मैच लीग कम नाक आऊट आधार पर खेला जायेगा। टूर्नामेन्ट का उद्घाटन 31 जनवरी को 3 बजे हॉकी सचिव मजहर अजीज खान करेंगे। तथा फाइनल मैच 2 फरवरी केडी सिह बाबू के जन्मदिवस पर विजेता टीम को पुरस्कार वितरण भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी द्वारा किया जायेगा। इसके उपरान्त सभी खिलाड़ी बाबू साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

अटल से जुड़ी यादों की सामग्री इकट्ठा करेंगे भाजपा कार्यकर्ता



बाराबंकी। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले विधिध कार्यक्रमो के आयोजन को लेकर भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने बताया कि अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसे बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। उन्होने आगे बताया कि 31 जनवरी तक अटल जी से जुड़ी स्मृतियों का संकलन किया जाएगा। जिनमें ऐसे व्यक्तियों का चिन्हांकन किया जाएगा जिनके पास अटल जी के साथ साझा किए गए किसी भी क्षण की स्मृति उपलब्ध हो। इन स्मृतियों में वीडियो या ऑडियो क्लिप, उनका हस्तलिखित पत्र, फोटो, ऑटोग्राफ इत्यादि शामिल किए जाएंगे। स्मृतियों को साझा करने के लिए कार्यकताओं को जनसंपर्क के लिए लगाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च के मध्य जिला स्तर पर अटल विरासत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन मे स्मृतियां साझा करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, जिला महामंत्री गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

उद्यमियों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षतामें जिला व्यापार बंधु समिति, जिला उद्योग बंधु, जिला श्रम बन्धु समितियों की बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने जनपद में कई स्थानों पर सड़क पर ही विद्युत पोल लगे उनकी सिप्टिंग कराये जाने, मछली मंडी, सट्टी बाजार, छाया और धनोखर सहित शहर के प्रमुख चैराहों पर सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने, अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन से जाम व दुर्घटनाएं बढ़ने के चलते नियंत्रण के लिये प्रभावी कदम उठाये जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे आये व्यापारियो की समस्याओ को जिलाधिकारी ने सुन निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक मे जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में मंडलीय चेयरमैन आईआईए अयोध्या मंडल परमित सिंह, चेयरमैन आईआईए राजेश तिवारी, आईआईए सदस्य विधु गुप्ता, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी



मिल्कीपुर-अयोध्या। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा स्थित हैरिंग्टनगंज के मॉ शारदा फामेर्सी कालेज में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोलते हुए सपा के पीडीए को फर्जी पीडीए बताया उन्होंने कहा कि सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट एजेंसी है। समाजवादी पार्टी के पीडीए में गरीब, नौजवान, युवाओं, महिलाओं, दलितों पिछड़ों और समाज के किसी भी तबके की भलाई नहीं है। सपा का पीडीए अपराधियों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और दंगाईयों को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनती जा रही है। सपा के परिवारवाद को लेकर उनका एक बार फिर एजेंडा है कि सांसद भी घर का और विधायक भी घर ही बेटा बन जाए लेकिन जनता ऐसा होने नहीं देगी। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभान पासवान भारी बहुमत से विजयी होगें और समाजवादी पार्टी की जमानत जब्त होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने झूठ बोलकर फरेब करके और लोगों को गुमराह करके जिस गुब्बारे में हवा भरी थी, उस गुब्बारे की हवा निकल गई है। पिछले दिनों हुए विधानसभा के उपचुनावों में सात सीटों पर भाजपा गठबंधन को विजय मिली थी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में जब से डबल इंजन वाली सरकार काम कर रही है तब से 2017 के बाद का अयोध्याधाम और मिल्कीपुर क्षेत्र में विकास के जो अनगिनत कार्य हुए है वह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा है, भारतीय संस्कृति का एक ऐसा स्वरूप देखने को मिल रहा है। जिसमें आनन्द आता है वहां हिन्दु संत भी है, सिख संत भी है और बौद्ध संत भी है, जो वहां आस्था की डुबकी लगा रहे है यह सपा प्रमुख अखिलेश यादव से देखा नहीं जा रहा है।

अटल जी की जनशताब्दी पर होगा कार्यक्रम



इटावा। अटल जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा जनपद कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि ये वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी का जनशताब्दी वर्ष है। श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बीते 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनपद में बूथ, मण्डल व जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संपादित किए गए थे। अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। अटल विरासत सम्मेलन के अंतर्गत 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच जनपद में अटल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल बिहारी वाजपेयी के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा। वार्ता में जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, युवा मोर्चा महामंत्री रवि प्रकाश धनगर सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

गंगा संरक्षण और पौधरोपण समिति की बैठक संपन्न



बहराइच। वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत संचालित होने वाले पौध रोपण अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से विकास भवन में आयोजित जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु गडढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निर्धारित लक्ष्य 75 लाख पौधों तक ही सीमित न रहें, विभागीय परिसम्पत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी व क्षेत्रीय अधिकारी, उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा नियमित रूप से बैठक में उपस्थित न रहने के सम्बन्ध में शासन को पत्र भिजवाये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने डीएफओ बहराइच को निर्देश दिया कि वृक्षारोपण लक्ष्यों के सापेक्ष स्थल चयन तथा चयनित स्थानों के अनुकूल प्रजातियों के सम्बन्ध में एडवाईजरी जारी करने का निर्देश दिया। डीएम ने सुझाव दिया कि पौध रोपण के दौरान फलदार पौधों का भी रोपण किया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने बायोमेडिकल अपशिष्ट को शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गाईड के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पंजीकृत लैबों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाय कि उनके द्वारा भी मानक के अनुसार बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण किया जाय। डीएम ने कहा कि निरीक्षण के द्वारा शिथिलता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाय। डीएम ने शुगर मिलों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों व मानक के अनुसार कूड़े का निस्तारण कराये जाने का निर्देश देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी व उपायुक्त मनरेगा को मुख्य मार्गों के किनारे प्रत्येक माह ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान संचालित करने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

युवक ने नदी में लगायी छलांग

जसवंतनगर, इटावा। मंगलवार की सुबह में दो जिले बॉर्डर पर स्थित कचैरा घाट यमुना नदी पुल से एक 27वर्षीय युवक ने आर्थिक तंगी से होते ग्रह क्लेश के चलते पुल पर पहुँच कर अचानक नदी में छलांग लगा दी,जिसने देखा वह घटना की और दौड़ पड़ा मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।जिस जगह पर युवक कूदा है उसी पॉइन्ट पर29सितंबर को एक युवक कूदा था उसके बाद बीते दिवस 6अक्टूबर को भी एक किशोर कूद कर लापता हो गया था वहीँ8अक्टूबर को एक महिला ने कूद कर जान दे दी थी। दोनों जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को आपसी तालमेल से पुल के ऊपर लगवानी चाहिए जाली जिससे होने वाली मौतों को रोका जा सके। मंगलवार की सुबह आगरा जिले के बाह तहसील के गाँव मुकुट पुरा के रहने वाले सर्वेश यादव का 27 वर्षीय पुत्र अनुज यादव ने आर्थिक तंगी से आये दिन होने वाले पारिवारिक ग्रह क्लेश के चलते आत्महत्या करने के उद्देश्य से यमुना नदी में कूद कर लापता हो गया घटना के बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की, जहाँ से यमुना नदी में युवक कूदा है ।

अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ ने किया निरीक्षण



बाराबंकी। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत रुट डायवर्जन एंव सुरक्षा व्यवस्था का अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ एस0बी शिराडकर ने चैपुला, रामसनेहीघाट, सफदरगंज मे निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। तथा सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

संक्षेप

रोजगार मेला आज

अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं संजय गाँधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर द्वारा आज 29 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे जनपद के संजय गाँधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियाँ द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा रोजगार मेले में मैकेनिक और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करने हेतु rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करके अपने योग्यता के अनुरूप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं।

कैंटर में घुसी डबल डेकर बस, 4 घायल

आगरा। आगरा-जयपुर हाईवे पर किरावली थाना क्षेत्र में एक लड़क हादसा हुआ, जिसमें एक डबल डेकर बस अपने आगे चल रहे एक कैंटर में जा घुसी। किरावली नहर के पास यह हादसा रात्रि करीब साढ़े 10 बजे हुआ। हादसे में बस ड्राइवर के अलावा तीन यात्रियों को भी चोटें आई हैं। आगरा जयपुर हाईवे पर किरावली नहर के पास बीती रात कैंटर से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई डबल डेकर बस। दूसरे चित्र में क्षतिग्रस्त कैं। बस के कैंटर गाड़ी में घुसने से बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हुए यात्रियों और ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया। कैंटर गाड़ी को एक साइड खड़ा कराकर ट्रैफिक सुचारू कराया। टक्कर से बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामनरेश पुत्र देवकीनन्दन निवासी ग्राम बांस झरना थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

महोत्सव में बढ़-चढ़ कर सभी करें भागीदारी : डीएम

फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन ने 1 से 7 फरवरी तक होने वाले फिरोजाबाद महोत्सव की चल रही तैयारियों को लेकर पी०डी० जैन इण्टर कॉलेज में महोत्सव क्षेत्र का भ्रमण किया। यहाँ पर उन्होंने लगने वाले स्टॉलों को देखा, साथ ही साथ पण्डाल मंच की व्यवस्था और आने वाले विशिष्ट अतिथि, मीडियाजनों के बैठने की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर डीएम ने मीडियाजनों से मुखातिब होते हुये कहा कि अबकि बार स्टॉलों की संख्या तीन गुना बढ़ा दी गई है जिससे अलग-अलग प्लेटफार्म से आये लोगों को एक मंच मिल सके, जनपद के कलाकारों की प्रतिभा के साथ न्याय हो सके ऐसी हमने व्यवस्था की है। फरवरी को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह महोत्सव का उद्घाटन करेंगे, डीएम ने अपील की है कि सभी नागरिक इस महोत्सव में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें, डीएम ने कहा कि हमनें ऐसी व्यवस्थायें की है कि दिन में विभिन्न विभागों द्वारा संगोष्ठियाँ या विभागीय परिचर्चा कराई जायेगी, जबकि शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तक सभी व्यवस्थायें पूर्ण करा लें साथ ही वाहनों को खड़ा करने की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

वृंदावन में भूमाफियाओं का आतंक, कब मिलेगा छुटकारा



मथुरा। योगीराज श्रीकृष्ण की क्रीड़ास्थली वृंदावन इन दिनों भूमाफियाओं के आतंक का शिकार होकर रह गई है। यहां भोली भाली जनता को गुमराह कर उनकी जमीन को फर्जी तरीके से बेच दिया जाता है और पीड़ित भू स्वामी अपनी ही जमीन के लिए दर दर की ठोकरें खाता नजर आता है। यह मामला जमीनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि वृंदावन के खाली आश्रमों पर भी भूमाफिया कब्जा करते चले आ रहे है। ब्रज धाम का सबसे पावन धाम वृंदावन को कहा जाता है, पर बढ़ते जमीनों के कब्जों से तो लगता है कि मानो वृंदावन धाम की छवि को ग्रहण लग गया हो। इस समय जितनी भीड़ वृंदावन में देखने को मिल रही है उससे कहीं ज्यादा आश्रमों, खाली पड़े प्लॉटों पर कब्जों के मामले देखे जा सकते है।

इन भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि ये अपने आगे न तो किसी कोर्ट को मानते है और न ही किसी प्रशासन को। इनका सिर्फ एक ही मकसद रहता है कि कौन सी जमीन बाहर के व्यक्ति की है और कौन सी जमीन बाबा जी की है। बस इन्हें पता चलना चाहिए उसके बाद शुरू होता है असली खेल। पहले तो एक फर्जी रजिस्ट्री करवाई जाएगी, फिर उसके बाद दबंगई से उसपे कब्जा करने की कोशिश की जाएगी अगर कब्जा करने में असफल रहे तो फिर एक फर्जी केस कोर्ट में डाला जाएगा। जिससे कि न तो जमीन का असली मालिक उस जमीन पर कुछ कर पाए और न ही बेच पाए। कोर्ट केस में फसने के कारण ये भूमाफिया उस जमीन को सेटलमेंट करके इन्हें दे देते है या फिर किसी भोले भाले इंसान को फसाकर उसको उस जमीन को बेच देते है।

और उससे मोटा पैसा लेके रफूचक्कर हो जाते है। ऐसे सैकड़ों केस आज मथुरा वृंदावन में देखने को मिल जाएंगे। ऐसा ही एक मामला सामने आया। कृष्ण कृपा धाम परिक्रमा मार्ग के बिल्कुल सामने जहां हरियाणा के एक व्यक्ति की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई। जब इसकी सूचना जमीन के असली मालिक को पता चली तो उसने अपने जानकार योगेश गौतम जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद को वहां भेजा तो पता चला कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा जमीन पर लगे गेट को उखाड़ कर फेंक दिया गया और वहां पर जेसीबी के द्वारा प्लॉट में काम कराया गया। मगर असली बात तो तब निकल कर सामने आई जब मीडिया से बात करते हुए पीड़ित ने बताया कि सरकारी विभाग का कर्मचारी सतीश राजपूत जो कि स्वास्थ विभाग में कार्यरत है व सत्यम गौतम पुत्र दिलीप गौतम व महेश बघेल ने उस जमीन को एक डॉ भास्कर तिवारी को बेच दिया जबकि उस जमीन पर पहले से ही कोर्ट केस चल रहा है और माननीय कोर्ट के द्वारा उस जमीन पर स्थाई स्टे भी दिया हुआ था और कानूनन जिस प्रॉपर्टी पर केस में अगर स्टे लगी हो तो, न तो व्यक्ति उसे बेच सकता है और न उसमें कोई कार्य करा सकता है।

मार्ग दुर्घटना में 6 की मौत, दो गंभीर

रायबरेली। लखनऊ के तेलीबाग से कुंभ नहाने जा रहा एक परिवार सड़क हादसे में मौत के गाल में समा गया जिसमें महिला सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार की सुबह लगभग 6:30 बजे रायबरेली जनपद के थाना भदोखर क्षेत्र के मुंशीगंज कस्बा स्थित कान्हा होटल के निकट हुई है।

प्रयागराज हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में महिला समेत चार लोगों की जान चली गयी। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है जिनका उपचार एम्स रायबरेली में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा घायलों से मिलने के लिए अस्पताल पहुंच गए और बचे हुए लोगों का समुचित इलाज के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया है। पुलिस के मुताबिक लखनऊ की ओर से जा रही चारपहिया व ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में चारपहिया के परखच्चे उड़ गये जबकि ट्रैक्टर सवार मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया। सभी घायलों को आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को मुंशीगंज स्थित एम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारियों ने घायलों के उपचार के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। मरने वालों में रजनी देवी पत्नी लाल सिंह 70 वर्ष, आशीष द्विवेदी पुत्र अशोक द्विवेदी 42 वर्ष, दीपेंद्र पुत्र जसवंत रावत 40 वर्ष, माया पत्नी विजय 45 वर्ष, निवासी गढ़ बलदू बिहार दुर्गा मंदिर तेलीबाग लखनऊ शामिल हैं। वहीं अन्य घायल लोगों में शुभम पुत्र जुगल किशोर 28 वर्ष ललिता नेगी पत्नी भूमन नेगी 47 वर्ष कविता रावत पत्नी दीपेंद्र रावत 40 वर्ष रजनी देवी पत्नी देवेंद्र 50 वर्ष अनुज कुमार त्रिपाठी 30 वर्ष शामिल हैं।

ट्रक की टक्कर में नातिन व बाबा की मौत

रायबरेली। नातिन को स्कूल से लेकर लौट रहे बाइक पर सवार एक व्यक्ति की नातिन सहित ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई। इस सड़क हादसे में ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सलोन कोतवाली क्षेत्र में परषदेपुर मार्ग पर बने सलोन बाईपास पर विद्यालय से अपनी नातिन को घर लेकर लौट रहे अधेड़ को गलत दिशा की तरफ जा रहे मौरंग से ओवरलोड लदे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर दोनों की मृत्यु हो गई।

लंगर लगाकर श्रद्धालुओं को कराया खिचड़ी भोज



कूरेभार, सुलतानपुर। महाकुंभ के चलते अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। हाइवे किनारे सभी होटलों, ढाबों चाय पान की दुकानों पर भी हो भीड़ नजर आ रही है। श्रद्धालुओं के कूरेभार ब्लॉक में प्रशासन ने 6 जगहों पर रैन बसेरे का इंतजाम किया है। श्रद्धालुओं के लिए कस्बा कूरेभार में सामुदायिक भवन पर ग्राम प्रधान गीता देवी सुरेश कसौधन ने खिचड़ी के भंडारे का आयोजन कर अयोध्या से प्रयागराज जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण कराया। कार्यक्रम की शुरूआत कूरेभार बीडीओ श्रीकांत तिवारी, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, छोटेलाल कसौधन, रणविजय सिंह ने बजरंगबली की पूजा अर्चना के बाद शुरू की। दोपहर से शुरू हुए भंडारे को सफल बनाने के लिए कूरेभार कस्बे के दर्जनों युवक देर शाम तक सिद्दत से लगे रहे।

आराध्या फाउंडेशन सदस्यों ने लोगों को भोजन वितरण कर हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

आगरा। विगत दिवस 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शहर की सामाजिक संस्था आराध्या फाउंडेशन के द्वारा शाहगंज, साकेत कॉलोनी स्थित चामुंडा देवी माता के मंदिर पर लोगों को भोजन वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष श्वेता चंदेल ने बताया कि आराध्या फाउंडेशन द्वारा पहले भी निरंतर सामाजिक कार्य किए जाते रहते हैं। उनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में, गौ सेवा क्षेत्र में, बेजुबान पशु पक्षियों के लिए, गरीबों के मदद के लिए और अन्य भी कई तरह के कार्य समाज में समय-समय पर किए जाते रहे हैं। अतः अपने द्वारा किए गए उन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए आराध्या फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने मिलकर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भोजन वितरण का कार्यक्रम किया। संस्था के सभी सदस्यों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से अपने हाथों से राहगीरों और जरूरतमंदों को भोजन कराया। कार्यक्रम में आराध्या फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता चंदेल, उपाध्यक्ष के. सी. गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति जादौन, सहकोषाध्यक्ष चेतन पाठक, सचिव श्रीमती मधु सिंह, उप सचिव श्रीमती छाया सिकरवार के अलावा संस्था के ज्ञानेंद्र सिंह सिकरवार, राकेश सिंह, अंशुल गुप्ता, आशीष गुप्ता, आस्था सिंह, स्नेह लता गुप्ता, रश्मि सिंह, एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित रहे।

डॉक्टर की लिखी दवा का सेवन करते ही गर्भवती की मौत, अस्पताल में तोड़फोड़

आगरा। नगला कली, कौलक्खा की एक गर्भवती महिला की ड ?क्टर द्वारा दी गई दवा खाने से हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर दौड़े, जहां ड ?क्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उस महिला चिकित्सक के अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ कर दी, जिसने गर्भवती महिला को दवाएं लिखी थीं। बवाल इतना बढ़ा कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नगला कली निवासी अजय सिंह की पत्नी पूजा, जिसकी उम्र 27 वर्ष बताई जा रही है, का इलाज देवरी रोड पर स्थित श्री गंगा ह ?स्पिटल की ड ?. शालिनी अस्थाना द्वारा किया जा रहा था। ड ?क्टर ने पूजा को कुछ दवाएं लिखी थीं। इसमें एक कैप्सूल खाली पेट खाने के लिए दिया गया था। आज सुबह महिला ने खाली पेट कैप्सूल खाया तो उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर परिजन पूजा को लेकर श्री गंगा ह ?स्पिटल पहुंचे। वहां कोई ड ?क्टर न मिलने पर दूसरे अस्पताल लेकर गए। गर्भवती की हालत देखकर वहां भी भर्ती करने से मना कर दिया। परिजन उसे लेकर एसएन की इमरजेंसी पहुंचे, जहां ड ?क्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

फर्जी दरोगा बने युवक को भेजा जेल

मुसाफिरखाना, अमेठी। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास दादरा मोड़ पर कुंभ यात्रियों को वीआईपी दर्शन करने के नाम पर वसूली कर रहे फर्जी दरोगा को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इससे पूर्व पुलिस विभाग में दरोगा होने की बात बताकर आरोपी ने शादी भी कर ली जिसमें मोटा दहेज वसूल करने की बात चर्चाएं आम है। बता दें कि पुलिस गिरफ्त में आए फर्जी दरोगा खुद को फतेहपुर जनपद की झांझनपुर थाने पर पोस्टिंग बताता था इससे पूर्व जनपद की लीलौली थाने में तैनाती बताया गिरफ्तार प्रमोद पांडे पुत्र भरत लाल पांडे निवासी ग्राम कोदैली थाना मुसाफिरखाना 2020 में सिपाही भर्ती व 2022 में एस आई भर्ती में परीक्षा दे चुका है लेकिन दोनों परीक्षाओं में वह फेल रहा दरोगा परीक्षा परिणाम आने के बाद इसने क्षेत्र में अफवाह फैलायी की हमारी भर्ती हो गयी है और कुछ दिन के लिए अपने मामा के घर चला गया परिजनों ने पड़ोसियों व ग्रामीणों को बताया कि प्रमोद जालौन में ट्रेनिंग कर रहा है। फर्जी दरोगा बनकर अवैध असूली करने की सूचना प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह को मिली, जिस पर इन्होंने उपनिरीक्षक राजेश दीक्षित सहित अन्य पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा तो फर्जी दरोगा के पास कुछ कुंभ यात्री खड़े थे, जिन्हें वह मौनी अमावस्या पर वीआईपी स्नान कराने का लालच दे रहा था मौके पर पहुंची पुलिस को फर्जी दरोगा ने पहले तो अपनी तैनाती फतेहपुर जनपद के लिलोली थाना बाद में झांझनपुर थाने पर तैनाती बताने पर पुलिस ने थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपित दरोगा की सच्चाई खुलकर सामने आ गयी। आरोपी के पास फर्जी पहचान पत्र जिसका पी एन ओ नंबर 231069888 बरामद हुआ जिसे जेल भेज दिया गया।



यूपीएस का ड्रॉफ्ट जारी होने के बाद विरोध-प्रदर्शन

- **शिक्षकों प कर्मचारियों ने यूनाइटेड पेंशन स्कीम के पुतले जलाये, पुरानी पेंशन से कम कुछ भी मंजूर नहीं**



अमेठी। यूनाइटेड पेंशन स्कीम के गजट नोटिफिकेशन के बाद एन एम ओपीएस/अटेवा और सहयोगी संगठनों के साथ पूरे देश के शिक्षक व कर्मचारी संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को यूपीएस ड्राफ्ट के प्रतीक स्वरूप यूपीएस का पुतला जलाया गया और शिक्षकों और कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व विजय कुमार बंधु ने किया। अटेवा के पदाधिकारियों के साथ जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और प्रा. शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भी यू पी एस गो बैक, पुरानी पेंशन गो बैक, यू पी एस मुर्दाबाद के नारे लगाए।

अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव ने यूपीएस के ड्राफ्ट पर चर्चा करते हुए कहा केंद्र सरकार निजीकरण की नीतियों की पैरोकार बनी हुई है और सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन नहीं देना चाहती। पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है, इससे कम कुछ भी मंजूर नहीं। जिला महामंत्री अजय कुमार मौर्य ने कहा कि एनएम ओपीएस के आंदोलनों के दबाव में सरकार ने एनपीएस में तमाम संशोधन किए। देश के एक करोड़ कर्मचारियों ने कभी स्वीकार नहीं किया। कर्मचारी संगठनों की एकता तोड़ने के लिए सरकार यूपीएस लेकर आई है, यह स्कीम एनपीएस से भी अधिक खराब है।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि निजीकरण की नीतियां भारत को फिर से आर्थिक गुलाम बनाने की साज़िश हैं। सरकार चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा कर लोकतंत्र को गिरवी रखना चाहती है जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन की लडाई अटेवा के नेतृत्व में ही जीती जाएगी। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने नये शिक्षकों और कर्मचारियों से आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की और कहा कि आज की युवा पीढ़ी अगर सोती रही तो, आने वाली पीढ़ी के लिए नौकरियां शून्य हो जाएंगी और नयी पीढ़ी उन्हें माफ नहीं करेगी। मंगलवार को सबसे पहले जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने विरोध प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन के बाद अन्य स्कूलों में भी यू पी एस के विरोध में प्रदर्शन किए गए। ब्लॉक संसाधन केंद्र भादर में शिक्षकों ने यू पी एस ड्राफ्ट जारी होने पर विरोध प्रदर्शन किया और यू पी एस का पुतला जलाया गया। जामवंत मौर्य, संजीव कुमार, अवनीश वर्मा, विजय प्रताप, संध्या गुप्ता, गणेश प्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

अग्निकांड पीड़ितों परिवारों को सदर विधायक ने दी आर्थिक सहायता



रायबरेली। सदर विधान सभा क्षेत्र के कुचरिया गाँव में अज्ञात कारणों से लगी आग में दलित परिवार के घर जलकर राख हो गए। अग्निकांड की सूचना पर सदर विधायक अदिति सिंह ने मौके पर पहुँच कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। रविवार को हुए अग्निकांड में विनोद रैदास तथा फूल कुमारी के घर में आग लग गई। सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुँची सदर विधायक ने परिजनों को ढाढस बताते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं आचार्य दिवेदी नगर मोड़ पर मोटरसाइकिल की दुर्घटना में कप्तान के पुरवा निवासी करण सोनकर पुत्र राजेन्द्र सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना में मौत के बाद परिवार को ढाढस बंधाने पहुँची सदर विधायक ने परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। सदर विधायक द्वारा लगातार आम जनमानस के बीच पहुँचकर उनके समस्याओं का निराकरण करा रही है जिससे सदर विधायक के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

प्रधान ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रायबरेली। दीन शाह गौरा विकासखंड के ग्राम सभा अलीपुर चकराई में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से राहत के लिए कंबल बांटे गए। अलीपुर चकरी ग्राम प्रधान पुष्पा सिंह, पूर्व प्रधान रणबहादुर सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, समर सिंह ने 500 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल बांटे। ग्राम प्रधान ने कहा उनका पहला कर्तव्य है कि वह गरीब, असहाय लोगों की हर संभव मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। उनका प्रयास है कि उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के जरिए वह अपनी ग्राम सभा को आदर्श ग्राम सभा बना सकें। पात्रों को आवास, शौचालय, पेंशन आदि का लाभ दिलाया जा रहा है।

सिकरवार समेत आठ विशिष्ट हस्ती सम्मानित

मथुरा। उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में राज्य सरकार की ओर से जनपद की आधा दर्जन विशिष्ट महिलाओं समेत आठ लोगों को सम्मानित किया गया। बीएसए इंजी कालेज के मंच पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, विधायक पूरन प्रकाश व राजेश चैधरी ने साहित्य जगत में विशिष्ट स्थान रखने पर लेखिका डॉ0 अनीता चैधरी, चित्रकार व बलदेव पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कु प्रीति चैहान, गीता शोध संस्थान (ब्रज तीर्थ विकास परिषद) के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, डॉ0 सीमा मोरवाल, डॉ0 श्वेता गोस्वामी, उद्योषिका श्रीमती रश्मि शर्मा तथा उद्घोषक डा. अनिल चतुर्वेदी को शॉल उढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश थीम पर गीत प्रस्तुत किया गया जिसे गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के प्रशिक्षु कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी। निर्देशन संस्थान के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने और संयोजन गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। मंचन में संगीत संयोजन आकाश शर्मा ने किया।

दो शातिरों से 41.130 किलो चांदी की ईंटें बरामद

मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से क्राइम विंग टीम ने बीतीरात दो युवकों को पकड़ा है, उनके कब्जे से आरपीएफ ने 41 किलोग्राम चांदी की ईंटें बरामद की है, जीआरपी उनसे पूछताछ में जुटी है। रेलवे मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म एक से सोमवार रात 11 बजे आगरा क्राइम विंग के हेड कांस्टेबल अजयपाल सिंह मीना और आरपीएफ के एएसआई रामनरेश यादव गश्त कर रहे थे। इस दौरान दो युवक ट्रेन के इंतजार में बैठे हुए थे। दोनों के पास एक एक बैग था, जो छुपाकर रखा हुआ था। टीम को शक हुआ, जिसके बाद दोनों से जानकारी ली। दोनों युवक कुछ नहीं बोल सके। टीम ने बैग की तलाशी ली, जिसमें 41.130 किलो ग्राम चांदी की ईंटें रखी हुई थी। आरोपियों ने बताया कि वह कोटा बिक्री करने के लिए जा रहे थे।

डीएम-एसपी ने किया यातायात का किया निरीक्षण



सुलतानपुर (वीओएल)। महाकुंभ-2025 के मौनी अमावस्या स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग का निरीक्षण कर तीर्थयात्रियों की आवागमन व्यवस्था, रूट डायवर्जन, कानून-व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रूट डायवर्जन के लिए बड़े आकार के साइनेज लगाए जाएं और लाउडस्पीकर के माध्यम से यात्रियों को जानकारी दी जाए। होल्डिंग एरिया पर आधारभूत सुविधाएं जैसे प्रकाश, पेयजल, खानपान, ठंड से बचाव के बिस्तर, टॉयलेट और सफाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने पयागीपुर चैराहा, लोहरामऊ बाईपास और टोटियानगर बाईपास का अवलोकन कर यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एस. सुधाकरन, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंगनाकोल के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। दोस्तपुर थाना क्षेत्र खालिसपुर दुर्गा निवासी ऋषभ द्विवेदी (24) पुत्र स्व. धर्मेश द्विवेदी बस्ती जनपद स्थित रिस्तेदार के होटल की देखभाल करता था। उसकी माँ अनीता द्विवेदी सुलतानपुर में पीआरडी जवान है। सोमवार शाम को ऋषभ बस्ती से सुलतानपुर के लिए बाइक से निकला था। रात करीब 09:30 बजे वह गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंगनाकोल के पास पहुंचा था कि कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के कारण ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

डीएम ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मंगलवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी रामबदन राम उपस्थित रहे, जिलाधिकारी ने वहाँ उन पंजिकाओं का निरीक्षण किया, जिसमें मरीजों का दिन-प्रतिदिन डाटा फीड होता है परन्तु कोई भी पंजिका व्यवस्थित नहीं मिली। साथ ही साथ ऑनलाइन डाटा फीडिंग की स्थिति अत्यन्त खराब पाई गयी। संस्थान के सभी कम्प्यूटर खराब या बन्द पड़े मिले। पंजिकाओं में मरीजो का मोबाइल नम्बर व पता इत्यादि दर्ज नहीं पाये गये, परिवार नियोजन पंजिका में भी अनियमितता पाई गयी। इसमें भी मरीजो के मोबाइल नम्बर दर्ज नहीं थे। जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर में एचआईएमएस पोर्टल खोलकर रिकॉर्ड देखना चाहा लेकिन पोर्टल मौके पर नहीं खुला, इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पंजिका का अवलोकन करते हुये यहाँ कार्यरत एएनएम से टेलीफोनिक वार्ता की इसमें से एक एएनएम रीना व नीलम यादव अनुपस्थित पाई गयी, इसके अलावा उन्होंने एएनएम सरोज देवी, अजय कुमार, प्रमोद कुमार नीलम राजावत इत्यादि से भी टेलीफोनिक वार्ता की यहाँ की खराब स्थितियों को देखकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० इमरान सलीम पर जिलाधिकारी ने अत्यन्त नाराजगी प्रकट की।

बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है: एसपी बघेल

मथुरा। केन्द्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, पशु पालन, मत्स्य एवं डेयरी व पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली ने केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में अनुसूचित जनजाति विकास कार्य योजना के अंतर्गत विकसित वार्षिक बकरी पालन विवरणिका- 2025 का विमोचन किया। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में किसानों एवं बकरी पालकों के प्रति उत्साह वर्धन किया तथा अपील की कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में बकरी पालन करें ताकि आपकी आय में सुनिश्चित वृद्धि हो सके उन्होंने अपने कर कमलों से अनुसूचित जाति के 100 किसानों को पशु आहार का एक-एक 50 किग्रा का बैग तथा एक-एक थर्मस बोतल भी वितरित की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ह्लबकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और यह देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देता है। केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और अनुसंधान के माध्यम से बकरी पालन को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है ह्व उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन की तकनीकियों में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बकरी पालन को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान संस्थान निदेशक डॉ मनीष कुमार चेटली ने मंच पर मुख्य अतिथि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी सिंह बघेल व विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

एनपीएस से बड़ा घोटाला यूपीएस में करेगी सरकार

- **यूपीएस पेंशन स्कीम के खिलाफ कर्मचारियों में रोष, जलायीं प्रतियां**

रायबरेली। केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को अधिसूचित कर दिया है। सरकार की तरफ से एक अप्रैल से यह पेंशन योजना लागू कर दी जाएगी। केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचित किए जाने के बाद अब कर्मचारियों में रोष बढ़ा गया है। मंगलवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आवाह्न पर कर्मचारियों ने यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। एनएमओपीएस और अटेवा के आवाह्न पर शहर से लेकर गांव तक के परिषदीय विद्यालयों, सरकारी दफ्तरों और अस्पतालों में इसका विरोध करते हुए यूपीएस को स्वाहा किया गया।



अटेवा के जिला सरंक्षक सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि अगस्त 2024 में केंद्र सरकार की तरफ से बुढ़ापे का सहारा कहीं जाने वाली पेंशन को अब ह्लन्यू पेंशन स्कीमह्व (एनपीएस) की जगह पर ह्लयूनिफाइड पेंशन स्कीमह्व (यूपीएस) के तौर पेश किया गया है। सरकार की ओर से 24 जनवरी को यूपीएस को अधिसूचित किया गया है। केंद्र सरकार की इस नई पेंशन स्कीम से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस स्कीम के विरोध के प्रतीक के रूप में, आज सभी विद्यालयों और सरकारी दफ्तरों में शिक्षकों ने यूपीएस की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज किया गया है।

अटेवा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान अहमद ने बताया कि सभी कर्मचारियों का मानना है कि यह नई पेंशन योजना उनके भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं है और उनकी वित्तीय स्थिरता को खतरे में डाल सकती है। अपने भविष्य को ध्यान में रखकर आज शिक्षकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी शिक्षकों ने नारेबाजी की और सरकार से इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। आज फिरोज डिग्री कॉलेज, वैदिक इंटर कॉलेज, महात्मा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सहित जिला अस्पताल, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग और परिषदीय विद्यालयों में इसकी प्रतियां जलाई गई। आज जिला कार्यकारिणी के सदस्य सरला वर्मा, उमाशंकर शुक्ला, सुशील मौर्य, शिवनाथ यादव, मयंक वर्मा, मो. नसीम, अनिल यादव, आशीष पटेल, पवन पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव, सतीश चैरसिया, लालजी, राजेंद्र यादव, प्रकाश यादव, अविनाश यादव, महेश, योगेंद्र गुप्ता, राहुल सिंह, शत्रोहन, अमित, अनूप यदुवंशी, अनवर अली, दिलीप पाल, शतांशु सोनकर के नेतृत्व में यूपीएस की प्रतियां विद्यालयों में जलाई गई।



टी-20 : इंग्लैंड ने भारत को 26 रन से हराया

बेन डकेत के बाद ओवरटन चमके, सीरीज 2-1 पर पहुंची, 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी भारतीय टीम

एजेंसी

राजकोट। अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण भारत को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड के हाथों 26 रन से पराजय का सामना करना पड़ा हालांकि पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम अभी भी 2 .। से आगे है।

जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 40 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 35 गेंद खेल डाली।इंग्लैंड के लिये पावरप्ले में जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड प्रभावी रहे तो बीच के ओवरों में लेग स्पिनर आदिल रशीद ने दबाव बनाया। पहले दो मैच में आर्चर के सामने सहज होकर नहीं खेल सके संजू सैमसन छह गेंद में तीन रन बनाकर फिर इसी गेंदबाज का शिकार हुए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 14 गेंद में 25 रन बनाये लेकिन ब्रायडन कार्स ने उन्हें पवेलियन भेजा।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सात गेंद में 14 रन बनाये और वह वुड की गेंद पर गलत शॉट खेलकर एक बार फिर सस्ते में विकेट गंवा बैठे। फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा उस लय को कायम नहीं रख सके और रशीद की गेंद सीधे उनके स्टम्प पर लगी। इससे पहले मोहम्मद शमी ने 14 महीने बाद



संजू सैमसन	–	रशीद बो आर्चर 03
अभिषेक शर्मा	–	आर्चर बो कार्स 24
सूर्यकुमार यादव	–	सॉल्ट बो वुड 14
तिलक वर्मा	–	बो रशीद 18
हार्दिक पंड्या	–	बटलर बो ओवर्टन 40
वॉशिंगटन सुंदर	–	बटलर बो ओवर्टन 06
अक्षर पटेल	–	रशीद बो आर्चर 15
ध्रुव जुरेल	–	सॉल्ट बो कार्स 02
मोहम्मद शमी	–	ब्रुक बो ओवर्टन 06
रवि बिश्नोई	नाबाद	01
वरुण चकवर्ती	नाबाद	05
अतिरिक्त	:	12
कुल योग : 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन		

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की लेकिन वरूण चक्रवर्ती ने फिरकी का जादू बिखेरते हुए पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 171 रन पर रोक दिया। बेन डकेट (28 गेंद में 51 रन) के आक्रामक अर्धशतक के बाद इंग्लैंड की टीम ने लय खो दी और सपाट विकेट पर चक्रवर्ती ने उसे एक के बाद एक झटके दिये। एक समय इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 83 रन था जो आठ विकेट पर 127 रन हो गया। लियाम लिविंगस्टोन ने 24 गेंद में 43 रन बनाकर टीम को 150 रन के पार

विकेट पतन : I-16, 2-31, 3-48, 4-68, 5-85, 6-123

गेंदबाजी :

आर्चर	4-0-33-2
वुड	3-0-29-I
कार्स	4-0-29-2
लिविगस्टोन	I-0-11-0
रशीद	4-0-15-I
ओवर्टन	3-0-15-I

पहुंचाया। चक्रवर्ती ने टी20 क्रिकेट में दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिये जब उन्होंने जोफा आर्चर को गुगली पर बोल्ड किया। रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिये जबकि चक्रवर्ती ने चार ओवर में 24 रन देकर पांच विकेट चटकाये। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर इंग्लैंड ने अच्छी शुरूआत की। इस श्रृंखला में भारतीय स्पिनरों को खेल पाने में नाकाम रहे इंग्लैंड के लिये डकेट ने कुछ शानदार स्ट्रोक्स लगाये और टी20 क्रिकेट में दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान जोस बटलर (22 गेंद में 24 रन) के साथ 76 रन की साझेदारी की। उन्होंने शमी को दूसरे ओवर में विकेटकीपर के सिर के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर चौका जड़ा। इससे पहले शमी ने नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। अंतिम एकादश में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के रूप में अर्शदीप सिंह की जगह लेने वाले शमी ने पहला ओवर डाला। उन्होंने पहले स्पैल में दो ओवर में 15 रन दिये और 19वें ओवर में वापसी करके 11 रन दिये। उन्होंने 140 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। भारत से मोहम्मद शमी ने पहला ओवर फेंका, उन्होंने 6 गेंदों पर 6 रन दिए। शमी ने 436 दिन बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। राजकोट में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम में एक बदलाव हुआ। अर्शदीप सिंह की जगह मोहम्मद शमी को मौका मिला। शमी 14 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए मैदान में उतरे। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप में फाइनल के रूप में आखिरी मैच खेला था।

साझेदारी की। उन्होंने शमी को दूसरे

विराट कोहली ने दिल्ली की टीम के साथ किया अभ्यास



नयी दिल्ली। विराट कोहली की काली पोर्श कार सुबह ठीक नौ बजे जब यहां फिरोजशाह कोटला मैदान के वीरेंद्र सहवाग गेट से अंदर आई तो यह दिल्ली के इस स्टार बल्लेबाज के लिए घर वापसी जैसा था जो 12 साल से अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों ने उन्हें केवल टीवी पर देखा था और यह कहानियां सुनते हुए बड़े हुए थे कि कैसे चीकू भारतीय क्रिकेट का किंग बन गया। पिछले 15 वर्षों में दिल्ली का चीकू एक धुंधली याद बनकर रह गया है क्योंकि वह वैश्विक क्रिकेट में सबसे बड़ा व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक ब्रांड बन गया है। वह चेहरा जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपनी ओलंपिक दावेदारी की पेशकश में सबके सामने रखा। सोमवार को वह अपने घरेलू मैदान पर लगभग तीन घंटे तक रहे और उन्होंने अपने आसपास के सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चाहे वे युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी मुख्य कोच सरनदीप सिंह या बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह - सभी उनके करीब रहना चाहते थे। भारत के पूर्व कप्तान कोहली सभी के साथ विनम्र रहे लेकिन अपने पूर्व अंडर-19 कोच महेश भाटी के साथ अधिक सहज दिखे जो इस टीम के प्रशासनिक प्रबंधक भी हैं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वह बदला नहीं है। उसको छोले-पूरी पसंद थे और हमने मंगाकर रखे थे। उसने बोला छोले-पूरी नहीं खाऊंगा। कोहली ने 12 वर्षों में अपने पहले रणजी मुकाबले (30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ) से पूर्व अपने पहले अभ्यास सत्र के बाद जो खाया वह उनका पुराना पसंदीदा व्यंजन है। अधिकारी ने खुलासा किया, अभ्यास के बाद पुराने समय की तरह कढ़ी-चावल खाया सभी के साथ। रणजी ट्रॉफी मुकाबलों को कवर करने के लिए घरेलू क्रिकेट को चाहने वाले लोग ही पहुंचते हैं लेकिन सोमवार को ऐसे लोगों की संख्या तीन गुनी थी। कोहली के प्रत्येक कदम पर लोगों की नजर थी।

संक्षेप

ओवेन के रिकॉर्ड शतक से होबार्ट हरिकेन्स ने बीबीएल खिताब जीता


होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया)। सलामी बल्लेबाज मिचेल ओवेन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक जड़ा जिससे होबार्ट हरिकेन्स ने मंगलवार को यहां फाइनल में सिडनी थंडर को सात विकेट से हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियाई ट्वेंटी20 घरेलू खिताब जीता। ओवेन ने 2014 में बनाए क्रेग सिमंस के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 39 गेंद में शतक जड़ा। हरिकेन्स ने सिडनी थंडर के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओवेन की 42 गेंद में 11 छक्कों और छह चौकों से 108 रन की पारी की बदौलत 14.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 185 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। ओवेन के 11 छक्के बीबीएल फाइनल में नया रिकॉर्ड है। हरिकेन्स की ओर से मैथ्यू वेड ने भी 32 रन की नाबाद पारी खेली जबकि बेन मैकडर्मोट 18 रन बनाकर नाबाद रहे। सिडनी थंडर ने इससे पहले जेसन सांघा (67) और कप्तान डेविड वार्नर (48) के बीच पहले विकेट की 97 रन की तेजतर्रार साझेदारी से सात विकेट पर 182 रन का स्कोर खड़ा किया। नाथन एलिस के पारी के 11वें ओवर में वार्नर का विकेट गंवाने के बाद सिडनी की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। एलिस ने 23 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि राइली मेरेडिथ ने भी 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

सुपर फाइटर में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय

बेंगलुरू। तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे। क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स और ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे। भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे।

तमिलनाडु का यह मुक्केबाज मौजूदा डब्ल्यूबीसी मिडिलईस्ट और डब्ल्यूबीसी ऑस्ट्रेलेशिया चैंपियन हैं। डब्ल्यूबीसी युवा विश्व चैंपियन और पेशेवर मुक्केबाजी में उभरते सितारे लालडिनसांगा का सामना थाईलैंड के सरावुत जियामथोंग से होगा। वनलालवम्पुइया की भिड़ंत थाईलैंड के सुपाचट सुकोंथामनी से होगी। इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों ही मुक्केबाज अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं।

अनुज व शोभित पुरुष वर्ग की खिताबी होड़ में, अयांश बालक अंडर-10 फाइनल में



लखनऊ। अनुज कुमार और शोभित टंडन ने चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूनार्मेंट में पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जीत से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा एसडीएस लामार्टिनियर टेनिस फैसिलिटी पर आयोजित इस टूनार्मेंट में अयांश पाठक ने अपना दबदबा बनाते हुए बालक अंडर-10 के फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अनुज कुमार ने आरव भास्कर को 6-2, 6-0 से हराया। अनुज ने पहले सेट में कुछ उम्दा फोरहैंड शॉट व जानदार सर्विस के सहारे जीत दर्ज की। दूसरा सेट अनुज ने एकतरफा जीता। इस वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में शोभित टंडन ने अनिरूद्ध कुमार को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। इस मैच में अनिरूद्ध ने शानदार टक्कर दी लेकिन शोभित ने आक्रामकता व शानदार कोर्ट कवरेज के सहारे लगातार अंक हासिल करते हुए जीत के साथ फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दूसरी ओर बालक अंडर-10 के सेमीफाइनल में अयांश पाठक ने प्रवीर वैभव तिलक को 6-2, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अयांश ने दमदाबर ग्राउंडस्ट्रोक और सटीक प्लेसमेंट के सहारे प्रवीर को बेसलाइन से बाहर खेलने पर मजबूर किया। हालांकि प्रवीर ने फोरहैंड शॉट के सहारे कोशिश जारी रखी लेकिन जीत नहीं सके। पहले सेट में अयांश ने प्रवीर की सर्विस को दो बार ब्रेक करते हुए 6-2 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में प्रवीर ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन अयांश ने दबाव में शानदार खेल दिखाया और जीत के साथ फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूनार्मेंट

समीना ने आइस हॉकी में महिलाओं के हौसले को दिये पंख

करगिल। घर में बेकार पड़े स्कीइंग जूतों की एक जोड़ी की मदद से करगिल के छोटे से गांव ट्रेस्पोन की 15 साल की समीना खातून आइस हॉकी खेलने वाली अपने गांव की पहली महिला खिलाड़ी बन गयी। अपनी मां के कड़े विरोध के बाद भी समीना ने खुद को स्कीइंग जूतों को पहनने से नहीं रोका। खास तरह के इस जूते को समीना के चाचा ने उनके बड़े भाई को उपहार में दी थी लेकिन उसके भाई को स्कीइंग में कोई दिलचस्पी नहीं थी। इन जूतों हालांकि समीना के हौसले को पंख दिये और उसमें कम उम्र में ही खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (के आईडब्ल्यूजी) 2025 में अपने हुनर का लोहा मनवाया।

लद्दाख की टीम की इस सबसे कम उम्र की खिलाड़ी ने लेह में संपन्न खेलो में चिर प्रतिद्वंद्वी आईटीबीपी के खिलाफ स्वर्ण पदक मैच में गोल भी किया जिसे उनकी टीम ने 4-0 से अपने नाम किया। बेटी को प्रसिद्धि मिलने के बाद समीना की मां फातिमा बानो और पिता मोहम्मद यूनुस का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। समीना ने कहा, मुझे खेलों में अभी लंबा सफर तय करना है। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के आयोजन को दो चरणों में विभाजित किया गया है। इसका पहला चरण 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में हुआ जबकि दूसरा चरण 22 से 25 फरवरी तक गुलमर्ग में आयोजित होगा।

नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त : अल-हिलाल क्लब

एजेंसी



रियो दि जिनेरियो। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राज़ील के लिए खेल रहे थे। श्रीनिधि डेक्कन ने नामधारी एफसी के लगातार जीत के अभियान को थामा श्री भैनी साहिब (पंजाब)। श्रीनिधि डेक्कन ने आई-लीग फुटबॉल में मंगलवार को यहां तालिका में शीर्ष पर काबिज नामधारी एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। नामधारी एफसी की टीम लगातार चार जीत के साथ इस मैच में पहुंची थी लेकिन श्रीनिधि ने उनके विजयी अभियान को थाम दिया। मैच के दोनों गोल पहले हाफ में ब्राजील के खिलाड़ियों ने किये। क्लेडसन कार्वाल्हो दा सिल्वा (33वें मिनट) ने नामधारी के लिए सत्र का अपना सातवां आई-लीग गोल किया। विलियम अल्वेस (45वें मिनट) ने मध्यांतर से पहले गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। नामधारी एफसी की टीम 11 मैचों में 21 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। श्रीनिधि डेक्कन 12 अंक के साथ आठवें पायदान पर है। भारतीय अंडर-20 महिला टीम तुर्किये में तीन मैत्री मैच खेलेगी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान जॉर्डन, हांगकांग और रूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में यह टीम वर्तमान में बेंगलुरु में अभ्यास कर रही है। टीम 19 फरवरी को जॉर्डन से भिड़ेगी, उसके बाद 22 फरवरी को हांगकांग से और 25 फरवरी को अंतिम मैत्री मैच में रूस का सामना करेगी। भारत की अंडर-20 महिला टीम को इस साल जुलाई में होने वाली सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप और अगस्त 2025 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर (2026) जैसे अहम टूर्नामेंटों में खेलना है।

रॉयल्स की रिकॉर्ड जीत, डीएसजी बाहर

पार्ल। पार्ल रॉयल्स ने एसए20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेना मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की।

भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

एजेंसी



कुआलालंपुर। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया। ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

महिला अंडर-19 विश्व कप

मुंबई ने मेघालय के खिलाफ रणजी मुकाबले के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

मुंबई। गत चैंपियन मुंबई ने बृहस्पतिवार से यहां मेघालय के खिलाफ शुरू हो रहे करो या मरो के अपने रणजी एलीट ग्रुप ए मैच के लिए रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे भारतीय खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अंगकृष रघुवंशी, सूर्यांश शेडगे और अथर्व अंकोलकर की टीम में वापसी हुई है। पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलने वाली मुंबई की टीम में भारत के स्टार खिलाड़ी जायसवाल, अय्यर और रोहित नहीं होंगे। ये सभी छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। ये तीनों खिलाड़ी यहां बीकेसी मैदान पर छठे दौर के मैच में खेले थे। रोहित और जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का पालन किया। दूसरी ओर अय्यर इस साल सभी प्रारूपों की घरेलू प्रतियोगिताओं में मुंबई की टीम का अहम हिस्सा रहे।

राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह शुरू

देहरादून। देश की प्रमुख बहु खेल प्रतियोगिता 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह मंगलवार को यहां शुरू हुआ जिसमें 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। खेल 14 फरवरी तक चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग 450 स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थोड़ी देर में खेलों का उद्घाटन करेंगे और ठंड के मौसम के बावजूद हजारों दर्शक रंगारंग समारोह को देखने के लिए राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने 2022 (गुजरात) और 2023 (गोवा) में खेलों के पिछले दो सत्र का भी उद्घाटन किया था। राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि राज्य अपने गठन की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। उत्तराखंड के राज्य पक्षी मोनाल से प्रेरित मौली खेलों का शुभंकर है जो इस क्षेत्र की अनूठी प्राकृतिक सुंदरता, विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, निशानेबाज मनु भाकर जैसे देश के अधिकांश स्थापित स्टार इसमें भाग नहीं ले रहे हैं जिससे अन्य खिलाड़ियों को अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा।

टेनी-क्वायट चैंपियनशिप 2025 के लिए उत्तर प्रदेश टीम रवाना



लखनऊ। चेन्नई (तमिलनाडु) स्थित वेल्लामल इंजीनियरिंग कॉलेज में 31 जनवरी से 4 फरवरी 2025 तक होने वाली 41वीं राष्ट्रीय जूनियर टेनी-क्वायट चैंपियनशिप 2025 में प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश की टीम रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश टेनी-क्वायट एसोसिएशन के सचिव डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने जानकारी दी कि बालक वर्ग की टीम में आदित्य यादव, अंशुमान सिंह, नैतिक शुक्ला, प्रियांशु पाल, अनश्रुत राय व रूद्र प्रताप सिंह का चयन किया गया है। बालक टीम कोच सत्यनारायण मौर्या(गोपाल) व मैनेजर सिकन्दर विलियम होंगे। वहीं बालिका वर्ग की टीम में अंशिका यादव, रिद्धिमा सिंह, तृषा सिंह, तृप्ति कुशवाहा, प्रत्यक्षा सिंह व आरुषी राय को जगह मिली है। इस टीम की कोच रेनू सिंह और मैनेजर अखिलेश यादव होंगे। इसी के साथ उत्तर प्रदेश टीम हेड भी सिकन्दर विलियम होंगे। डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए तीन दिवसीय शिविर उत्तर प्रदेश टेनी-क्वायट एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेनी-क्वायट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मुकेश सिंह, टेक्निकल चेयरमैन हरिओम सिंह सोनू, टेनी-क्वायट फेडरेशन ऑफ इंडिया के रेफरी सुभाष सिंह आदि भी मौजूद रहे।

41वीं राष्ट्रीय जूनियर

कॅरियर लायंस, तारिक क्लब, क्रिकेट बड्डीज व सीवीसीएल सेमीफाइनल में

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच राशिद (नाबाद 40 रन, 2 विकेट) के आलराउंड खेल से एसएमआर क्लब ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतिम लीग मैच में केएसीसी को 4 रन से हराया। इसी के साथ कॅरियर लायंस, तारिक क्रिकेट क्लब, क्रिकेट बड्डीज और सीवीसीएल ने लीग राउंड में क्रमशः पहले से चौथे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर रविवार को खेले गए मैच में एसएमआर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 168 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज डा.हसीब हाशमी (59 रन, 51 गेंद, 7 चौके) के अर्धशतक के बाद मैन ऑफ द मैच राशिद (40 रन, 19 गेंद, 2 चौके, 4 छक्के) ने नाबाद पारी खेली। केएसीसी से मिर्जा अली सादिक ने 3 विकेट की सफलता पाई। जवाब में केएसीसी निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 164 रन ही बना सका और जीत से 4 रन दूर रह गया। मध्य क्रम में मिर्जा अली सादिक (50) ने अर्धशतक जड़ा। फैसल ने 38 व रिजवान अली ने 31 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एसएमआर क्लब से रोहित सिंह, राशिद व मो.जावेद ने 2-2 विकेट की सफलता पाई। लीग मैचों की समाप्ति के बाद कॅरियर लायंस व तारिक क्लब को 7 मैचों में 6 जीत से 12-12 अंक मिले लेकिन बेहतर रन औसत के चलते कॅरियर लायंस पहले व तारिक क्लब दूसरे स्थान पर रहा। क्रिकेट बड्डीज 7 मैचों में 5 जीत के चलते 10 अंक के साथ तीसरे व सीवीसीएल 7 मैचों में 4 जीत के चलते 8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा।

तृतीय अधीर दुबे टी-20 क्रिकेट

संक्षेप

आत्मन 2025 में प्राचीन ज्ञान से मिलेगी मॉडर्न लाइफ

नई दिल्ली। आत्मन ट्रस्ट द्वारा थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट सॉल्यूशंस के सहयोग से आयोजित भारत का पहला इंटरैक्टिव आध्यात्मिक उत्सव, आत्मन 2025, 1 और 2 फरवरी, 2025 को वाराणसी में गंगा नदी के शांत तट पर स्थित नवनिर्मित नमो घाट पर आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय उत्सव का उद्देश्य भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं के माध्यम से गहरे संबंध और मानसिक शांति की तलाश करने वाले व्यक्तियों के लिए एक स्थान प्रदान करना है। आत्मन 2025 सिर्फ एक उत्सव नहीं है। यह प्राचीन ज्ञान का गहन उत्सव है जो आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि से परे एक बेहतर और अधिक सार्थक जीवन के लिए, व्यावहारिक, विचारशील अभ्यास प्रदान करता है। इस अनूठे कार्यक्रम का प्रस्तुत करने के लिए रोमांचित हैं।

टोयोटा ने 10 सेमी-फाइनलिस्ट प्रतिभागियों की घोषणा की

नई दिल्ली। टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने विश्व के प्राचीनतम शहर वाराणसी में अपने सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के लिये 10 सेमी-फाइनलिस्ट प्रतिभागियों की घोषणा की है। इस चैलेंज को टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने वाराणसी नगर निगम, चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर तैयार किया है। इस चैलेंज का उद्देश्य यह है कि वैश्विक स्तर पर इनोवेटर्स आध्यात्मिक नगरी वाराणसी में भीड़ प्रबंधन के लिये एक्सेलेबल और डेटा-संचालित समाधान तैयार करें। भारत की सबसे प्रमुख आध्यात्मिक नगरियों में शामिल की जाने वाली काशी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं।

रीन्यू का गिफ्ट वार्म्थ कैंपेन का समापन

नई दिल्ली। रीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना कैंपेन गिफ्ट वार्म्थ के 10वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। रीन्यू ने 2015 में इस पहल की शुरुआत के बाद 1 मिलियन कंबल बांटने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर लिया है। कुंभ मेले के दौरान कंबल का आखिरी बैच वितरित की है। इस साल रीन्यू ने प्रमुख क्षेत्रों में 200,000 से अधिक कंबल बांटे, जिसमें एनसीआर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तराखंड शामिल हैं। गिफ्ट वार्म्थ समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के रीन्यू के मिशन का एक अभिन्न हिस्सा है। एक मिलियन कंबल बांटने की उपलब्धि रीन्यू के कर्मचारियों के समर्पण तथा स्थानीय समुदायों के साथ आपसी सहयोग की भावना को दर्शाती है।

टाटा.ईवी का मिशन ईवी भविष्य पर विश्वास का माहौल बनाना

बंगलुरु। इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी और भारत में ईवी क्रांति का नेतृत्व करने वाली टाटा.ईवी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में सबसे आगे है। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों में ईवी की स्वीकार्यता को बढ़ाना और उनके लिए इसे फ्यूचर-रेडी विकल्प के तौर पर तैयार करना है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से जुड़ी कई भ्रांतियों है और उनमें प्रमुख है उसकी रेंज सीमित होना। टाटा.ईवी इस चिंता को दूर कर रहा है। कंपनी की ग्राहकों के व्यवहार में भी स्पष्ट बदलाव दिखरहा है- 2024 में 47 प्रतिशत उपयोगकर्ता रोज 75 किलोमीटर से अधिक का सफर कर रहे हैं, जो 2020 में 13 प्रतिशत था।

बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो 13 से

नई दिल्ली। बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने किया अपने संस्करण का अनावरण

नई दिल्ली। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अब तक के अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण किया है जिससे द वन एंड ओनली दुनिया की रचना होती है, जहां फैशन केवल एक शुरुआत है टूर का 2025 संस्करण एक अत्याधुनिक अवतार प्रस्तुत करेगा, जो असाधारणता की सीमाओं को पार करेगा और वैश्विक फैशन, संगीत और मनोरंजन के शानदार प्रदर्शन लेकर आएगा, जो पूर्ण विस्मय से भर देगा। फैशन डिजाइन कार्निवल ऑफ डिजाइन के साथ एक बार फिर जुड़ते हुए, फैशन टूर अपनी ग्लैमरस और भव्य पहचान का जश्न मनाएगा।

सेंसेक्स में 535 अंकों की उछाल



मुंबई। दो दिन से जारी गिरावट के बाद प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय प्रणाली में नकदी डालने का फैसला किया है, जिससे बैंकिंग और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील शेयरों में भारी खरीदारी हुई। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 535.24 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 75,901.41 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,146.79 अंक या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 76,512.96 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128.10 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 22,957.25 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 308.8 अंक या 1.35 प्रतिशत चढ़कर 23,137.95 अंक पर पहुंच गया था। बड़े शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्योंकि उनका मूल्यांकन अब उचित स्तर पर पहुंच गया है। बाजार में गिरावट के अपने निचले स्तर के करीब पहुंचने की उम्मीदों से भी उन्हें समर्थन मिल है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स में गिरावट हुई। हाल की कमजोरी के बाद बाजार ने एक राहत भरी तेजी देखी। हालांकि, बाजार का रुख अभी सुस्ती का बना हुआ है। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता और निराशाजनक घरेलू आर्थिक संकेतकों के कारण निवेशक सतर्क बने हुए हैं। बैंकिंग, वाहन और रियल्टी में आशावाद ने बाजार की धारणा को मजबूत किया। दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों और अगले महीने की मौद्रिक नीति समीक्षा में दर कटौती को लेकर चिंता बनी हुई है। क्षेत्रवार बात करें तो बैंकेक्स में सबसे अधिक 1.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा वित्तीय सेवाओं में 1.45 प्रतिशत, रियल्टी में 1.27 प्रतिशत, वाहन में 1.16 प्रतिशत और उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 0.23 प्रतिशत की तेजी आई। दूसरी ओर स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक वस्तुओं, उपयोगिता, पूंजीगत वस्तुओं, बिजली, तेल और गैस, ऊर्जा और आईटी क्षेत्रों में गिरावट हुई। चीन के कम लागत वाले एआई-स्टार्टअप डीपसीक द्वारा एनवीडिया जैसी अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों के प्रभुत्व को खतरे में डालने की आशंका के चलते वैश्विक तकनीकी शेयरों में भारी गिरावट हुई।

भारत और ओमान दोहरा कराधान बचाव संधि में संशोधन के लिए सहमत



नयी दिल्ली। भारत और ओमान ने सीमापार कराधान के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कर मामलों में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन करने पर सहमति व्यक्त की है।

मंगलवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मस्कट यात्रा के दौरान भारत-ओमान दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन करने के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। इस संधि को वर्ष 1997 में लागू किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-ओमान डीटीएए में संशोधन करने, सीमापार कराधान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ इसका तालमेल बिठाने, कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कर मामलों में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये। दोनों देशों ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर शीघ्र हस्ताक्षर के लिए चर्चा में तेजी लाने पर भी सहमति जताई है, जिसपर बातचीत चल रही है। गोयल ओमान के वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ के साथ भारत-ओमान संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) के लिए मस्कट में थे। इसमें कहा गया, दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसपर बातचीत अंतिम चरण में है। इस समझौते का उद्देश्य दोतरफा व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के रूप में नामित इस समझौते के लिए बातचीत औपचारिक रूप से नवंबर, 2023 में शुरू हुई। ऐसे समझौतों में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या खत्म कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। ओमान भारत के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।

कृषि मंत्री का किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गतिशील खरीद का आह्वान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को गेहूं एवं अन्य रबी फसलों की बुवाई की प्रगति की समीक्षा की और किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों के जरिये गतिशील खरीद करने को कहा।

कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चौहान ने जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त खाद और बीज सुनिश्चित करने की तैयारियों पर भी चर्चा की। एक सरकारी बयान के मुताबिक कृषि मंत्री ने कहा कि सरकारी खरीद एजेंसियों के जरिये उपज की खरीद गतिशील ढंग से होनी चाहिए, साथ ही खरीद प्रणाली का सरकारी क्रियान्वयन भी होना चाहिए। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के रबी सत्र में अब तक गेहूं और अन्य फसलों की बुवाई 655.88 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जो पिछले साल की समान अवधि के 643.72 लाख हेक्टेयर से ज्यादा है। जहां प्रमुख रबी फसलों की बुवाई खत्म हो चुकी है, वहीं प्याज, आलू और टमाटर की बुवाई का समय अभी भी बाकी है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस रबी सत्र में प्याज की बुवाई 11.47 लाख हेक्टेयर, आलू की बुवाई 21.47 लाख हेक्टेयर तथा टमाटर की बुवाई 5.83 लाख हेक्टेयर में की गई है।

रुपया 25 पैसे टूटकर 86.56 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 25 पैसे टूटकर 86.56 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकियों के बीच वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर हुई जिसका असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की डॉलर मांग के साथ ही कमजोर जोखिम क्षमता के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.53 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 86.50 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया और 86.57 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 86.56 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद के मुकाबले 25 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 पर बंद हुआ था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकियों के कारण वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर पड़ने से भारतीय रुपये में गिरावट आई। इसका असर चीन की मुद्रा युआन पर भी पड़ा, जिससे अमेरिकी डॉलर भी मजबूत हुआ। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.89 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,015.46 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

मुंबई में पेट्रोल-डीजल वाहन हटाने की संभावना तलाशने को बनायी समिति

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) की खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए शहर में पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देने की संभावना तलाशने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

गत 22 जनवरी के सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी सुधीर कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली यह समिति अध्ययन का काम करेगी और तीन महीने के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त, मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात), महानगर गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) के परियोजना प्रबंधक, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष और संयुक्त परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन-1) समिति के अन्य सदस्य सचिव हैं। सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि समिति को क्षेत्र के विशेषज्ञों को साथी सदस्यों के रूप में शामिल करने और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त करने का अधिकार है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले भी शामिल हैं।

पिछले साल स्कूलों के आसपास 26 हजार से अधिक सड़क हादसे : आईआरएफ

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने मंगलवार को वर्ष 2024 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी न आने पर चिंता जताते हुए कहा कि स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास 26,000 से अधिक सड़क हादसे हुए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के महानिदेशक (सड़क विकास) और विशेष सचिव डी सारंगी ने आईआरएफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी चरणों में सड़क सुरक्षा का ऑडिट होने के बावजूद राष्ट्रीय मृत्यु दर में कमी नहीं आ रही है। आईआरएफ ने बयान में कहा कि वर्ष 2024 की इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ई-डीएआर) के मुताबिक, देश में हुई कुल 5.7 लाख सड़क दुर्घटनाओं में से 4.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं कॉलेज एवं स्कूली इलाकों में हुईं। इसका मतलब है कि स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास वर्ष 2024 में करीब 26,220 हादसे हुए। सड़क दुर्घटनाओं के संदर्भ में डीएआर का मतलब विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट से है जो सड़क दुर्घटना की परिस्थितियों का विवरण देने वाला एक व्यापक दस्तावेज है। इस रिपोर्ट को आमतौर पर घटनास्थल पर पुलिस तैयार करती है। इसके इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप को ई-डीएआर कहा जाता है।

गैलेक्सी एस25 सैमसंग का अच्छा प्रोडक्ट गैलेक्सी

नई दिल्ली। गैलेक्सी एस25 आपका सच्चा एआई साथी, सैमसंग का सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन है। कंपनी के अध्यक्ष रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 सैमसंग का अब तक का सबसे अच्छा तैयार प्रोडक्ट है। गैलेक्सी एस25 सबसे पतला और सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है, जो बेजोड़ कैमरा और बैटरी हार्डवेयर के साथ आता है। ये गैलेक्सी के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कस्टमाइज्ड प्रोसेसर भी दिया गया। हमारी एस सीरीज के पहले से ही बेहतरीन कैमरे को गैलेक्सी एआई के साथ और भी बेहतर बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप एआई-संचालित इमेजक्वालिटी और इमेजएडिटिंगसुविधाएं मिलती हैं। भारतीय उपभोक्ता अनूठी सुविधाओं के प्रति काफी ज्यादा उत्सुक रहते हैं।

वर्धान लिथियम करेगा लिथियम रिफाइनरी की स्थापना



नई दिल्ली। भारत अपने ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में एक परिवर्तनकारी कदम उठाने जा रहा है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त बुटीबोरी में देश का पहला लिथियम रिफाइनरी और बैटरी निर्माण फैक्ट्री स्थापित की जाएगी। इस अभूतपूर्व परियोजना के लिए 42,532 करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जाएगा, जो देश के महत्वपूर्ण ऊर्जा संसाधनों में आत्मनिर्भरता को परिभाषित करेगा और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं, जो भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1500 एकड़ में फैली इस सुविधा का उद्देश्य भारत की लिथियम आयात पर निर्भरता को कम करना है।

राजस्थान का वार्षिक बजट 19 को होगा पेश

जयपुर। राजस्थान सरकार वित्त वर्ष 2025-26 का बजट 19 फरवरी को विधानसभा में पेश करेगी। राजस्थान की 16वीं विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊबागडे के अभिभाषण से होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर तीन, पांच और छह फरवरी को बहस होगी। सरकार की ओर से इसका जवाब सात फरवरी को दिया जाएगा। वहीं आठ से 18 फरवरी तक सदन में अवकाश रहेगा और 19 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि सदन को गुलाबी रंग से सजाया गया है। बेंचों के कालीन और असबाब अब चमकीले गुलाबी रंग के होंगे। पहले इसका रंग हल्का हरा होता था। यह बदलाव जयपुर की विरासत के अनुरूप है। जयपुर को गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने सात हजार से ज्यादा पौधे लगाये

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने इंश्योर अर्थ प्रोग्राम के तहत टियर 3 और टियर 4 शहरों में अपनी 35 शाखाओं में 7,000 से ज्यादा पौधे लगाने का एलान किया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में 35 आरोहण शाखाओं में कर्मचारियों, एजेंसी पार्टनर और स्थानीय लोगों समेत 1,700 से ज्यादा वालंटियर्स ने इस पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। पौधारोपण अभियान का लक्ष्य स्थानीय हॉटस्पॉट्स जैसे पार्क, स्कूल और सार्वजनिक स्थानों को बदलते हुए बहां हरियाली को बढ़ावा देना है।

टीपी लिंक ने की ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझीदारी

नई दिल्ली। ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) ने विश्व के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी लिंक के विश्वस्तरीय नेटवर्किंग उपकरणों और स्मार्ट होम उत्पादों का भारत में विनिर्माण करने के लिए उसके साथ रणनीतिक साझेदारी की आज घोषणा की। यह गठबंधन मेक इन इंडिया विजन के प्रति टीपी लिंक की प्रतिबद्धता दर्शाता है और साथ ही दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने का भारत का संकल्प प्रदर्शित करता है।

पेज एक का शेष

भारत में बड़े

किया। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 38 वें राष्ट्रीय खेलों का देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में प्रमुख रूप से प्रदेश के राज्यपाल ले जन (सेनि) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी, खेल मंत्री रेखा आर्या, ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डा. पी टी उषा, केन्द्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे, केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा, अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट पर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय खेलों में दस हजार से अधिक देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी 35 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। यह आयोजन 14 फरवरी तक चलेंगे। यह सभी प्रतियोगिताएं देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, ऋषिकेश सहित 12 स्थानों में आयोजित होंगी।

दिल्ली के

कहा यदि आपमें नैतिक साहस होता, तो आप आप सरकार के मंत्रियों के साथ यमुना में डुबकी लगाते। उन्होंने यह भी दावा किया कि आप ने दक्षिणी दिल्ली के ओखला में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को आधार कार्ड प्रदान करके 'पाप' किया है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि दिल्ली में नागरिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो गया है और दिल्ली के लोग बेहतर सुविधाओं के लिए उत्तर प्रदेश के नोएडा और गाजियाबाद में जाकर बस रहे हैं। सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होगा और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

महाकुंभ में

के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयागराज के लोगों से दोपहिया वाहनों का उपयोग करने या हो सके तो पैदल चलने का अनुरोध है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल 28, 29 और 30 जनवरी को बंद रहेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी मौनी अमावस्या के अवसर पर अवकाश घोषित कर दिया है। हर 12 साल में होने वाला महाकुंभ मेला 13 जनवरी को प्रारंभ हुआ और यह 26 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में 40 से 50 करोड़ लोगों के आने की संभावना है।

पांटून पुल

उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कि वीआईपी के लिए बैरिकेड हटाकर उनके लिए रास्ता खाली कराया जा रहा, लेकिन आम श्रद्धालुओं को 15-20 किलोमीटर पैदल आना पड़ रहा है। उसमें भी पांटून पुल बंद करके उन्हें परेशान किया जा रहा। बरेली से आई सुमन कुमारी ने कहा कि कल से ज्यादातर पांटून के पुल बंद हैं और पुलिस कर्मी उन्हें इधर से उधर घुमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में गंगा नदी पार करके जाने का यही पांटून का पुल एक माध्यम है। बिजनौर से महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर स्नान करने आई पुष्पा देवी ने कहा कि मेला क्षेत्र में 30 पांटून पुल बनाए गए हैं और वह सुबह चार बजे से यहां घूम रही हैं और उनकी गाड़ी 15 किलोमीटर दूर पार्क कराई गई है जहां से वह पैदल आई है। उन्होंने पूछा, कि आखिर वीआईपी इन पुलों से क्यों जा रहे हैं? क्या हम इंसान नहीं हैं। मेले में आए पेशे से डॉक्टर प्रत्यूष कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मी किसी की नहीं सुन रहे हैं और किन लोगों के लिए सरकार ने यह पुल बनवाया है। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंशुमान मिश्रा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह उपलब्ध नहीं हुए। मेला प्रशासन ने मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ आने की संभावना को देखते हुए मेला क्षेत्र को नो व्हीकल (वाहन निषेध) जोन घोषित कर दिया है और वीआईपी, पुलिस प्रशासन, दमकल और एंबुलेंस की गाड़ियों को छोड़कर किसी भी वाहन को मेला क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। वहीं, जिले से बाहर की गाड़ियों को प्रयागराज की सीमा पर ही रोक दिया गया है जिससे श्रद्धालुओं को पैदल चलकर मेला क्षेत्र में आना पड़ रहा है।

जैन समुदाय

पंकज वर्मा ने सात लोगों की मौत की पुष्टि की। एडीएम ने बताया कि सात लोगों की मौत हो गयी और 39 घायलों का उपचार चल रहा है। एडीएम ने बताया कि फिलहाल राहत-बचाव का काम चल रहा है। हादसे की वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि श्रद्धालु बड़ी संख्या में अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़ गए और अधिक भार होने की वजह से वह टूट गया।

कोलकाता में

उनके पास से दो बंदूकें और 15 गोलियां बरामद की गईं। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) रूपेश कुमार ने कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार में संवाददाताओं को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरोह के सदस्य काफी शिक्षित हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह का मुखिया खुद को एमटेक बताता है, एक ने बीए, एक ने बीएससी और एक अन्य ने आईटीआई डिप्लोमा किया हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) रूपेश कुमार ने कहा, पांचों लोगों ने दावा किया कि वे दो दिन पहले कोलकाता आए थे और एक लॉज में ठहरे थे।

खाड़ी क्षेत्र में

और उत्तरी अफ्रीका) क्षेत्र और भूमध्य सागर के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी काम करती है। मंत्री ने कहा, भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ हमारा वार्षिक व्यापार 80 अरब अमेरिकी डॉलर का है, और यहां प्रवासी भारतीय सदस्यों की संख्या लगभग पांच लाख है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारत की परियोजनाओं में हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेलवे, फॉस्फेट, हरित हाइड्रोजन, इस्पात और पनडुब्बी केबल शामिल हैं।

विरासत में

पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता गरीबों और जरूरतमंदों की ताउम्र सेवा करते रहे। अपने कुल की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में उन्हें अपार खुशी होती है। जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखना, जनता-जनार्दन की सेवा करने का आनंद ही अलौकिक है। फाउंडेशन की दो टीमें मंगलवार को शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलीं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चला। प्रत्येक अलाव पर लगभग 40 किलो लकड़ी जलाई जा रही है। पहली टीम ने ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स ऑफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर जहां अलाव जलाया। वहीं, दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रासिंग, मेदांता अस्पताल और लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने में अपनी बड़ी भूमिका निभायी।

उत्तराखंड के लिए यह कालखंड रोजगार का कालखंड रहा : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कुल 530 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने 352 स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला एएनएम) एवं उत्तराखण्ड वन विकास निगम के 178 स्केलर के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन पूरे भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। उत्तराखंड ने देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। ऐसे शुभ दिन सभी लोगों को नियुक्ति पत्र देना हमारे लिए भी सम्मान की बात है। नियुक्ति पा रहे सभी लोगों के जीवन का आज एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि सभी की नियुक्तियों से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी गति मिलेगी। एएनएम बहनें हमारी स्वास्थ्य सेवाओं का एक मजबूत आधार स्तंभ हैं, जो समाज के प्रत्येक परिवार और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच एक सेतु का कार्य करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए यह कालखंड रोजगार का कालखंड रहा है। उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड में भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। राज्य सरकार ने योग्य उम्मीदवारों और प्रतिभाओं का भविष्य बचाने के लिए राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। हमारा राज्य युवाओं को रोजगार देने में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है, हमने एक वर्ष में बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाने में सफलता प्राप्त की है, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बल मिलेगा। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाते हुए राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 58 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। जिसके माध्यम से, अब तक प्रदेश के 11 लाख से अधिक मरीजों को लगभग 2100 करोड़ रुपये का कैशलेस उपचार मिल चुका है।

यूपी : सड़क

पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों-रजनी देवी (70), आशीष द्विवेदी (42), दीपेंद्र रावत (40) और माया देवी (45) को मृत घोषित कर दिया, जबकि पांच लोगों का इलाज जारी है। घायलों की पहचान शुभम (28), ललिता नेगी, कविता रावत, रजनी देवी और अनुज कुमार त्रिपाठी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए एम्स, रायबरेली रेफर किया गया है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मो. मोबीन

जे0ई0एम0आई

ब्लाक महोली सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रेनू मिश्रा

वार्डर

कस्तूरवागॉधी विद्यालय

महोली सीतापुर

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मुनीश कुमार

टी0ए0

ब्लाक महोली सीतापुर

देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

* हम जनपद मीरजापुर के विकास हेतु शासन की मनसानुसार तत्पर है।

अजय कुमार राय

जिला विकास अधिकारी- मीरजापुर (उ0प्र0)

देश के 76 गणतंत्र दिवस पर सभी कृषकों सहित देशवासियों को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं


* अधिक अन्न उपजाईएं, देश को खुशहाल बनाएं।

हम शासन के मनसा अनुसार देश हित में कृषक सेवा में तत्पर है

अवधेश कुमार यादव

जिला कृषि अधिकारी-मीरजापुर उत्तर प्रदेश

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



जीतेन्द्र वर्मा

प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य

ग्रामसभा-डाडाबाद महोली

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डा0 विशाखा विश्वास

डा0 संजय विश्वास

स्वर्णलता मेमोरियल हास्पिटल

उरदौली सीतापुर

गणतन्त्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



विनोद कुमार मिश्रा

प्रभारी निरीक्षक

कोतवाली महोली

गणतन्त्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रतीक यादव

खण्ड विकास अधिकारी

ब्लाक खैराबाद सीतापुर

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्री राम गोपाल वर्मा

प्रधान प्रतिनिधि

ग्रामसभा-हाजीपुर महोली

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विकास सिंह

डायरेक्टर

सहकारी गन्ना समिति महोली

सीतापुर

दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड बिसवाँ (सीतापुर)

(आई.एस.ओ. 9001:2015, 14001 : 2015 एवं 22000:2005 द्वारा प्रमाणित)

समस्त क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों एवं किसान भाईयों को

नव वर्ष 2025 एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


Producer of Double Refined Plantation Cane Sugar (DEFECO-Melt Phosphotation with IER), Ethanol and 32 MW Co-Generation Power

''मृदा परीक्षण अवश्य करायें,
संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें''

- ट्रेन्ज विधि से गन्ने की बुवाई करायें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें
- पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रैश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें
- उन्नतशील प्रजाति को.-15023, को.-0118, को.लख.-14201 एवं को.शा.-13235 तथा जलप्लावित क्षेत्र में को.लख.-94184 एवं को.-98014 को अपनायें
- गन्ना प्रजाति को.-0238 (लाल सड़न रोग से ग्रसित) की बुवाई कदापि न करें

(रमेश चन्द्र सिंघल)
मुख्य अधिशासी

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



रियासत अली

प्रधान प्रतिनिधि

ग्राम कार्टरगंज, महोली-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कौशल दीक्षित

प्रधान प्रतिनिधि

ब्लाक महोली सीतापुर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

गिरीश तिवारी

टी0ए0

ब्लाक महोली सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञानेन्द्र कुमार

टी0ए0

ब्लाक महोली सीतापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं हम शासन की मंशा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर है।



सिनोद प्रजापति - (प्रधान पति)

पूनम प्रजापति-ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत खजुरी
विकास खंड नगर मीरजापुर

देश के 76 वां गणतंत्र दिवस पर सभी को

हार्दिक शुभकामनाएं

* जनहित में अनावश्यक जल बेकार न बहने दे न।
* नहरों को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।
* नहरों का कटान न करें, कानून अपराध है।

हम उत्तर प्रदेश शासन के मनसा अनुसार जनहित में सेवारत है।

इं. राजाराम चौधरी

अधिशासी अभियंता
लघु डाल, नहर प्रखंड
मीरजापुर, उत्तर प्रदेश

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




संजय वर्मा

प्रधान प्रतिनिधि

तुलसीपुर ग्रन्ट महोली
सीतापुर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



शिव सागर वर्मा

अध्यक्ष

उत्तर प्रदेशीय प्रथमिक शिक्षक संघ

महोली सीतापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं







डॉ. सी.बी. जायसवाल डॉ. मृदुला जायसवाल

एमबीबीएसम, एमडी (बाल रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)

* 'हम अपने निम्न प्रतिष्ठान के साथ जन सेवा में तत्पर है।
* 'कृष्णा हॉस्पिटल' (ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध) स्थित मिशन कंपाउंड मीरजापुर।
* 'नेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर' (हर प्रकार की जांच, डिजिटल एक्स.रे एवं अल्ट्रासाउंड सुविधा युक्त) जिला चिकित्सालय के सामने कचहरी रोड मीरजापुर।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमर सिंह वर्मा

प्रधान

ग्राम बसारा महोली

सीतापुर

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



आशीष वर्मा

रीडर

तहसील महोली सीतापुर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



भोला दीक्षित

प्रधान

ग्राम कैम्हारा रघुवर दयालपुर

ब्लाक महोली सीतापुर

गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



करन सिंह

अवर अभियंता

नगर पंचायत-महोली सीतापुर

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



































